आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
शुक्रवार, 13 जून 2025
वर्ष 3, अंक 299, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com

## एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

मुंबई। टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक–एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।




हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

# अहमदाबाद में विमान क्रैश

# 200 से ज्यादा मौतें

### विमान में सवार थे 12 क्रू मेंबर सहित कुल 242 लोग जिसमें 169 भारतीय

### अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171

### टेकऑफ करने के कुछ देर बाद ही डॉक्टरों के आवासीय परिसर से टकराया विमान

**अहमदाबाद, एजेंसी**

लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में 200 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है।

विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट मेघाणी नगर में शहर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी को मेडे (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला। मृतकों और घायलों का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के तुरंत बाद तेजी से नीचे आया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक बहुमंजिला इमारत बुरी तरह प्रभावित हो गई।

डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। दोनों काफी अनुभवी थे। कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर गिर गया। लंदन के गैटविक जा रही उड़ान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। विमानन सूत्रों ने बताया कि विमान जमीन पर गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट ऊपर चढ़ा था। अहमदाबाद में गुरुवार को हुई विमान दुर्घटना इस शहर में दूसरी हवाई दुर्घटना है। 19 अक्टूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का एक विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 130 लोग मारे गए थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य

### अपार्टमेंट से निकाले छह डॉक्टरों के शव

प्रत्यक्षदर्शी हरेश शाह ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर से टकरा गया। वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जो चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर हैं। उन अपार्टमेंट में रहने वाले कई लोग घायल हुए हैं जबकि छह चिकित्सकों के शव निकाले गए हैं, विमान के साथ इमारतों में भी आग लग गई। परिसर में मौजूद कई वाहन भी आग की चपेट में आ गए।



उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।



अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप एक आवासीय भवन पर गिरा विमान का मलबा।

**787**
बोइंग ड्रीमलाइनर विमान

**1.39**
बजे दोपहर में भरी थी उड़ान

**600**
फीट की ऊंचाई से गिरा

### दुर्घटना की कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



**अहमदाबाद।** अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालाक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### 600 फीट की ऊंचाई से गिरकर जीवित बचा, पहुंचा अस्पताल

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित 242 यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जिंदा बचे शख्स का नाम रमेश विश्वास कुमार बताया जा रहा है।

## प्लेन क्रैश में रामनगरी का मेडिकल छात्र भी घायल

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** गुजरात के प्लेन क्रैश में अयोध्या का मेडिकल छात्र भी घायल हो गया। अक्षत जायसवाल को गंभीर चोटें आई हैं। यह दुखद घटना उस समय हुई, जब अक्षत बीजे मेडिकल कॉलेज अहमदाबाद में एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र के रूप में अपने सहपाठियों के साथ मेस में दोपहर का भोजन कर रहे थे। अचानक एक भयावह हादसे में विमान मेस की दीवार को तोड़ता हुआ भीतर घुस गया, जिससे वहां मौजूद कई लोग घायल हो गए। अवध इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य विष्णु गुप्ता ने बताया कि उनका साला अक्षत के हाथ, पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। अयोध्या के देवकाली भीखपुर निवासी राजेश जायसवाल के इकलौते पुत्र अक्षत के घायल होने की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही उनके पिता राजेश जायसवाल और अन्य परिजन तुरंत अहमदाबाद के लिए रवाना हो गए। स्थानीय समुदाय और अक्षत के सहपाठियों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। इस हादसे ने पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है, और लोग इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।.



## बठिंडा विवि में मिला इंफ्लुएंसर का शव

**चंडीगढ़।** पंजाब बठिंडा जिले में आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में एक कार में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी का शव मिला है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कंचन नौ जून से लापता थीं। जिस कार में उनका शव मिला है, वह कार उनकी ही है।

कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के इंस्टाग्राम पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी टीवी नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसके 2.36 लाख 'सब्सक्राइबर' हैं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक 'प्रमोशन इवेंट' के लिए जा रही हैं। भुच्चो उपनगर के स्थानीय निवासियों ने पुलिस को आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने की सूचना दी।

## योगी के हाथों सम्मानित होकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की कोशिशें प्रतिभाओं को निखरने का दे रही हैं मौका

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** लोक भवन सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिले, इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

अभिभावकों ने कहा कि योगी का विजन मिशन मोड में उत्तर प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की युवा मेधा और प्रतिभा का सम्मान जिस प्रकार योगी ने सुनिश्चित किया वह पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर सकीं। यही कारण है कि युवाओं के मन में एक निराशा घर कर गई थी जिसे योगी सरकार के प्रयासों ने आशा की किरण देकर निखरने का मौका दिया है। आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा को 99.4 प्रतिशत से उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने सम्मानित होने को गौरवान्वित होने वाला क्षण बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं। वत्सल की मां ने योगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं किए जाते थे, जैसा योगी सरकार में किया जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता उधार के लिए सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। सहारनपुर की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। कहा कि एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।



लोकभवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

- **अभिभावकों ने भी सराहा, कहा पहले की अपेक्षा युवा शक्ति को ज्यादा प्रोत्साहन**

## एक नजर

### अवध विवि के बीफार्मा कोर्स को फॉर्मेसी काउंसिल से मिली मान्यता


अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी के अंतर्गत संचालित बीफार्मा पाठ्यक्रम को फॉर्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा फॉर्मेसी अधिनियम की धारा 12 फॉर्मेसी एक्ट के तहत मान्यता प्रदान कर दी गई है। इस उपलब्धि के लिए विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने संस्थान के शिक्षकों एवं छात्रों को शुभकामनाएं एवं बधाई है। संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि इस मान्यता के बाद, संस्थान से बीफार्मा की डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र अब पंजीकृत फार्मासिस्ट के रूप में अपना पंजीकरण करा सकेंगे। यह उपलब्धि छात्रों के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगी, इससे छात्रों को अस्पतालों, औषधि कंपनियों, सरकारी सेवाओं और स्वयं की फॉर्मेसी शुरू करने के अवसर तक शामिल हैं। अब तक संस्थान के पास केवल कोर्स संचालित करने की अनुमति थी। इस मान्यता से विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर फार्मासिस्ट के रूप में पहचान प्राप्त होगी।

# कोरोना की एंट्री, राम जन्मभूमि परिसर समेत चार जगह मिले पॉजीटिव केस

## दो लोग भर्ती, स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया अलर्ट ▶ शादी समारोह में न जाने की अपील

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सात स्थानों पर शुरू की गई जांच के दौरान गुरुवार को जिले में कोरोना की एंट्री की पुष्टि हो गई है। रामजन्मभूमि परिसर समेत जनपद के चार स्थानों पर कोरोना के चार पॉजिटिव मिलने से हड़कंप मच गया है, जिसमें से दो लोगों का लखनऊ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर इलाज शुरू हो गया है। वहीं दो को होम क्वारंटाइन किया गया है। सीएमओ डॉ. सुशील कुमार बनियान ने पुनः अलर्ट जारी करते हुए लोगों से शादी विवाह और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाने से बचने की अपील की है।



▶▶ हैंडवाश व मास्क का करें प्रयोग

स्वास्थ्य विभाग की ओर से गुरुवार देर शाम इस सत्र का सबसे पहला कोरोना बुलेटिन जारी किया गया है। जारी बुलेटिन के अनुसार रामजन्मभूमि परिसर में रुदपुर देवरिया का एक व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाया गया है। इसके अलावा मिल्कीपुर, तारुन बाजार और जिला अस्पताल कॉलोनी में अंबेडकरनगर निवासी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। जिला अस्पताल कॉलोनी में कोरोना पॉजिटिव मिलने से कॉलोनी और अस्पताल इलाके में लोगों में हड़कंप मच गया है। रामजन्मभूमि परिसर में भी कोरोना पॉजिटिव मिलने से खलबली मची हुई। बता दें कि आरटीपीसीआर की जांच में पॉजीटिव आने वाले मरीजों को ही लखनऊ में भर्ती कराया गया है, जबकि एंटीजन टेस्ट में पॉजीटिव आए मरीजों को अभी होम क्वारंटाइन रहने की सलाह दी गई है। विभाग का कहना है कि फिर सभी सीएचसी, पीएचसी समेत जिला अस्पताल को अलर्ट किया गया है और संदिग्ध व्यक्तियों की जांच के लिए कहा गया है।

### भीड़-भाड़ वाले स्थलों पर न जाएं, मास्क लगाएं

- सभी जनमानस से अपील है कि भीड़ भाड़ वाले इलाके में न जाएं। विशेषकर ऐसे लोग जिनको शुगर या हाई ब्लड प्रेशर की दिक्कत हो।
- यदि भीड़-भाड़ वाले एरिया में जाएं तो मास्क प्रयोग करें।
- खांसते छींकते समय हमेशा मुख ढक कर शिष्टाचार का पालन करें।
- अगर कोविड-19 के लक्षण दिखते हैं तो जांच करवाएं। अगर जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो घर पर रहें।
- यदि आप किसी समारोह में भाग लेना चाहते हैं तो व्यक्तिगत सुरक्षा उपायों का अनुपालन करें। मास्क, सैनिटाइजर या साबुन से हाथ की सुरक्षा, खांसते छींकते समय टीशू पेपर का इस्तेमाल करें।

"विभाग की ओर से लगाए गए जांच कैंपों में गुरुवार को चार व्यक्ति कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। इनमें एक व्यक्ति रामजन्मभूमि परिसर में पाया गया है। सभी लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की जा रही है। सीएचसी पीएचसी अलर्ट मोड पर है। -डॉ. सुशील कुमार बनियान, सीएमओ"

### 197 बेड आरक्षित, ऑक्सीजन प्लांट किए अलर्ट




अयोध्या, अमृत विचार : सीएमओ ने कोरोना के मामले सामने आने के बाद 197 बेड आरक्षित कर दिए हैं। मेडिकल कालेज में 50 बेड, जिला चिकित्सालय में 20, श्रीराम में 20, कुमारगंज 100 शैय्या में 25, देवगांव 50 शैय्या में 10 व 12 सीएचसी पर 6-6 बेड आरक्षित किये गए हैं। उन्होंने आक्सीजन प्लांट व कंसंट्रेटर को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए हैं।

## सहकारी बैंक कर्मियों ने बांह पर काली पट्टी बांध कर किया काम

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक कर्मियों ने अपनी मांगों को लेकर गुरुवार को बांह पर काली पट्टी बांधकर काम किया। मांगें पूरी न होने पर यह उनके आंदोलन की शुरुआत है। पिछली तीन जून को कोआपरेटिव बैंक इंप्लाइज यूनियन ने बैंक सचिव/ मुख्य कार्यपालक अधिकारी को मांग पत्र सौंपा था। इसमें कहा गया था कि याचिका संख्या 5147/2022 के पांच मई 2025 का अनुपालन किया जाना है। शाखाओं में हार्डवेयर एवं अन्य सहवर्ती उपकरणों में सुधार के लिए शाखा प्रबंधकों से लगातार मुख्यालय को पत्र भेजा जा रहा है, लेकिन उस पर निर्णय न लिए जाने के कारण शाखा का कार्य और शाखा प्रभावित हो रही है। कुछ कर्मचारियों का वित्तीय साल 2023-24 का बोनस भुगतान, कुछ का वार्षिक वेतन वृद्धि के लाभ से वंचित किया गया है, जिससे उनमें निराशा हो रही है। कहा था कि एक सप्ताह में मांगें पूरी न हुई तो काली पट्टी बांध काम करके आंदोलन की शुरुआत की जाएगी। संगठन के अध्यक्ष रामकुंवर सिंह ने बताया कि गुरुवार को सभी कार्मिकों ने बांह पर काली पट्टी बांध काम किया।



काली पट्टी बांधकर कार्य करते कर्मचारी।

# कांग्रेस के कार्यकाल में थी नीतिगत शिथिलता



पुस्तिका का विमोचन करते मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, पूर्व सांसद लल्लू सिंह व अन्य। अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** प्रदेश के कृषि मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारें नीतिगत मामलों में पूरी तरह से शिथिल थीं। मोदी सरकार निर्णय लेने वाली सरकार है। बोले, मुंबई हमले के बाद कांग्रेस सरकार बदले की बातें करती रही, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। मोदी सरकार ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर आतंकवाद को करारा जवाब दिया।

सर्किट हाउस में प्रेस वार्ता में मंत्री ने कहा कि तीन तलाक पर कानून बनाना, धारा 370 का निरस्त करना, नागरिकता संशोधन कानून, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, जनधन योजना, चंद्रयान अभियान, भारतीय न्याय संहिता, नोटबंदी, जैसी उपलब्धियां मोदी सरकार की निर्णायक क्षमता को दिखाती हैं। बोले कि यह सब कार्य इतिहास में स्वर्णाक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। 375 करोड़ की राशि किसान सम्मान निधि के तहत सीधे खातों में पहुंचाई गई। सरदार पटेल की प्रतिमा व डॉ. अम्बेडकर से जुड़े पंचतीर्थों की स्थापना कर महापुरुषों को सम्मान दिया गया। वार्ता के बाद सर्किट हाउस सभागार में लगी सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित मोदी सरकार के 11 वर्ष पर आयोजित प्रर्दशनी का फीता काट उद्घाटन किया। प्रोफेशनल मीट को संबोधित किया, पुस्तिका विमोचन किया।

▶▶ शाही ने कहा-हर नीति में भारत प्रथम का संकल्प स्पष्ट, केंद्र सरकार के 11 वर्ष बीतने पर बताई उपलब्धियां

प्रदेश महामंत्री संजय राय, क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह, पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चन्द्र भान पासवान, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने का मनाया उत्सव

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार:** केंद्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर इनायतनगर स्थित एक निजी विद्यालय में सेवा, सुशासन गरीब कल्याण 11 साल प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री संजय राय ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाई। पूर्ववर्ती सरकारों पर जमकर निशाना साधा। मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने की। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पांडे, जिला महामंत्री राघवेंद्र पांडे, मंडल अध्यक्ष श्याम नारायण पाठक, पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय तिवारी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमानीगंज पवन सिंह, जिपं सदस्य अशोक मिश्रा, बबलू पासी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धरने के दौरान एक कर्मी फिर हुआ बेहोश, भर्ती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर चल रहे निविदा संविदा कर्मियों के धरने के दौरान गुरुवार को एक संविदा कर्मी भीषण गर्मी और लगातार धरना देने के कारण बेहोश हो गया। बेहोश कर्मी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसे ऑक्सीजन पर रखा गया है। इससे पहले भी दो संविदा कर्मी बेहोश हो चुके हैं। विद्युत मजदूर पंचायत यूनियन का आरोप है कि यदि मांगें सुन ली जाए तो ऐसी नौबत न आए। इसे लेकर कर्मियों में तीखा आक्रोश फैल गया है।

प्रांतीय मंत्री रघुवंश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार दोपहर धरने के दौरान चौक विद्युत उप केन्द्र से हटाए गए कर्मी उमेश चंद अचानक बेहोश हो गए और हाथ पैर ऐंठने लगा। उन्हें तत्काल जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। उन्होंने बताया कि अभी उमेश चंद की हालत ठीक नहीं है और सूचना के बाद भी मुख्य अभियंता देखने तक नहीं आए। धरने के दौरान अध्यक्ष जय गोविंद ने कहा कि मुख्य अभियंता की हठवादिता के कारण निस्कासित कर्मियों को न्याय नही मिल पा रहा है। कर्मचारियों के सम्मान के साथ खुला खिलवाड़ करने में भी मुख्य अभियंता कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कर्मचारियों द्वारा सम्मानपूर्वक दिया गया पकौड़ा कूड़ेदान में फेंक दिया था। धरने मे विजय प्रताप सिंह, नंद यादव, प्रदीप, धर्मेश, विजय, सुशील, कुलदीप, विनय मौर्य, सत्येंद्र पांडेय आदि मौजूद रहे।



जिला अस्पताल में भर्ती बेहोश संविदा कर्मी उमेश चंद।

## सार-संक्षेप

### गेस्ट हाउस की छत पर मिला अज्ञात का शव

अयोध्या, अमृत विचार। थाना राम जन्मभूमि अंतर्गत श्री राम मंदिर गेट नंबर 3 के सामने स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार की शाम करीब 4:30 बजे एक युवक का शव मिला। गेस्ट हाउस मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी अभिमन्यु शुक्ला ने बताया कि झीरश्वर नाथ मंदिर के बगल स्थित एक गेस्ट हाउस के छत पर शव मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। बताया कि शव 30 वर्षीय एक अज्ञात युवक का है जो मानसिक रूप से बीमार बताया जा रहा है। वह इसी क्षेत्र में कई दिनों से घूम रहा था। बताया कि गेस्ट हाउस की छत ही मंदिर से सटी हुई है, संभावना जताई जा रही है की मंदिर के सहारे वह गेस्ट हाउस की छत पर पहुंच गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, वह उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है।

### रुदौली महिला अस्पताल को 100 शैय्या बनाने को दिया ज्ञापन

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : नगर क्षेत्र रुदौली के श्रीहनुमान किला वार्ड में जर्जर अवस्था में स्थित महिला अस्पताल को 100 शैय्या महिला अस्पताल बनाने के सम्बन्ध में सभासद व भाजयुमो के जिला कोषाध्यक्ष आशीष कैलाश वैश्य ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को ज्ञापन सौंपा। आदर्श नगर पालिका परिषद रुदौली के श्रीहनुमान किला वार्ड में 1953 में तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री चन्द्र भानु गुप्त द्वारा स्थापना हुई थी। स्थापना के बाद अब अस्पताल जर्जर स्थिति में हो गया है। लगभग 1 लाख की आबादी में कोई भी महिला अस्पताल नहीं है। जनहित में नगर क्षेत्र के महिला अस्पताल का जीर्णोद्वार कराकर 100 शैय्या बेड के रूप में महिला अस्पताल बनाये जाने का अनुरोध किया है।

### नपा रुदौली के विकास के संबंध में उपमुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

भेलसर, अयोध्या। अमृत विचार : प्रदेश शासन की ओर से घोषित आदर्श नगर पालिका रुदौली के विस्तार के बाद विकास के सम्बन्ध में गुरुवार को सभासद एसोसिएशन के सचिव आशीष वैश्य की अगुआई में सभासदों ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या को ज्ञापन सौंपा। सचिव आशीष ने बताया कि नपा रुदौली स्थित भेलसर ओवर ब्रिज पर दोनों ओर दीवार उठ जाने के कारण यात्रियों को हो रही समस्या के लिए दोनों ओर की दीवार 2-2 फीट हटाने, बिजली की समस्या के लिए नगर क्षेत्र में भूमि के नीचे वायरिंग करवाने समेत नपा रुदौली सीमा विस्तार द्वारा नगर क्षेत्र में शामिल हुए 25 गांव के विकास के लिए धन अवमुक्त कराने का अनुरोध किया है।

### 121 मातृ शक्तियों ने की दुरदुरिया पूजा



अवसान माई की दुरदुरिया पूजन के दौरान मौजूद महिलाएं।

मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार : अमानीगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत जय राजपुर में अवसान माई की दुरदुरिया का सामूहिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। 121 मातृ शक्तियों ने पूजा की। ग्राम पंचायत के हैजामाई के स्थान पर आयोजित अनुष्ठान का नेतृत्व प्रधान संघ अध्यक्ष व जय राजपुर के प्रधान पवन पांडेय ने किया। प्रधान पवन पांडेय ने कहा कि अवसान माई की दुरदुरिया का कार्यक्रम सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।

### सपा की मासिक बैठक में पीडीए की एकजुटता पर जोर

अयोध्या, अमृत विचार। पीडीए पंचायत के माध्यम से कार्यकर्ता सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। यह बात सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कही। वह गुरुवार को गुलाबबाड़ी स्थित पार्टी के कार्यालय पर आयोजित मासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पीडीए की एकजुटता पर जोर दिया। कहा कि सर्व समाज को जोड़कर ही पीडीए की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। बैठक में आगामी पंचायत चुनाव को लेकर भी पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियो ने विस्तार पूर्वक चर्चा की। संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया। बैठक में पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, जिला उपाध्यक्ष ओपी पासवान, एजाज अहमद, लवलेश पांडेय, रामजी पाल, शावेज़ जाफरी, छोटे लाल यादव, बृजेश चौहान, राकेश चौरसिया, बाबूराम गौड़, जय सिंह राणा, विद्याभूषण पासी, राम करन समेत अन्य मौजूद रहे।

### हिंदू जागृति सम्मेलन में सनातन धर्म की एकता पर जोर

कुमारगंज, अमृत विचार : अमानीगंज ब्लाक के सत्य साईं दाता आश्रम, मदरहा तिंदौली में हिंदू एकता सेवा ट्रस्ट अखंड भारत से हिंदू जागृति सम्मेलन एवं कार्यकर्ता स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मिल्कीपुर भाजपा विधायक चंद्रभानु पासवान और विशिष्ट अतिथि ट्रस्ट के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप पाठक रहे। कार्यक्रम के जरिए सनातन धर्म की एकता और गौरव को बनाए रखने का संदेश दिया गया। संत प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष साईं सुनील, नागेंद्र, अजय सिंह, अजय मिश्रा, अनूप कुमार मिश्रा, कुंवर बहादुर मिश्रा, देवेंद्र मिश्रा, गिरीश द्विवेदी, हर्ष राज तिवारी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पैका ने कराया हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

अयोध्या, अमृत विचार : दर्शन नगर में पैका लिमिटेड ने हृदय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया। आयोजन सोना शाह हार्ट फाउंडेशन चित्रकूट के सहयोग से किया गया। उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक (नगर) चक्रपाणि त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। संचालन अमेरिका के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रकाश साह और फाउंडेशन की संस्थापक सोना शाह ने किया। शिविर में पैका सदस्यों और अन्य लोगों ने लाभ उठाया। पैका लिमिटेड के सेकेट्री एवं लीगल हेड सचिन श्रीवास्तव, लोकल लाइजन लीड अश्वनी मिश्रा, लोकल लायजन हेड शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मानव समाज कल्याण अधिकारी पवन यादव सहित अन्य पैका लोग मौजूद थे।

### विमान हादसे पर कांग्रेस कार्यालय में शोक सभा

अयोध्या, अमृत विचार : गुजरात के विमान हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए कमला नेहरू भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में शोक सभा आयोजित की गई। दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। जिला कांग्रेस प्रवक्ता शीतला ने इस दर्दनाक घटना की न्यायिक जांच की मांग केन्द्र सरकार से की। शोकसभा में जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह, महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह, शैलेंद्र मणि पांडेय, फ्लावर नकवी, दानिश जिया, सुरेन्द्र सिंह सैनिक, मो आरिफ, कबींद्र साहनी आदि ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत व्यकित की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# ग्रीन फील्ड में भूमि अधिग्रहण प्रकिया रोकने को भू-स्वामियों ने सौंपी आपत्तियां

अयोध्या कार्यालय



भूमि अध्याप्ति अधिकारी के कार्यालय पर अपनी आपत्ति जताते भू स्वामी।

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद से भूमि विकास गृह स्थान एवं बाजार पूरक प्रथम योजना से प्रभावित भू-स्वामियों ने विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी को एक मुश्त आपत्तियां सौंपी है। मांग की है कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके निर्णय होने तक इसे स्थगित किया जाए।

बता दें कि आवास विकास परिषद भूमि विकास गृह स्थान एवं बाजार पूरक योजना के नाम से अयोध्या में टाउनशिप विकसित कर रहा है। भू-स्वामियों से समझौते के आधार पर पर्याप्त जमीनें न मिलने के बाद भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई। बताया गया है कि इसके लिए भूस्वामियों को पिछली 28 मई को धारा नौ(1), नौ(2) भूमि अधग्रहण अधिनियम 1984 के तहत नोटिसें जारी की गई है। गुरुवार को अधिग्रहण से प्रभावित कुढ़ा केशवपुर माझा, शाहनवाजपुर उपहार और कुढ़ा केशवपुर उपरहार के 50 से ज्यादा भू-स्वामियों ने भूमि अध्याप्ति अधिकारी के कार्यालय पहुंचकर अधिग्रहण के विरुद्ध अपनी आपत्ति दर्ज कराई। किसानों का कहना है कि उनकी भूमि जबरन उनकी मर्जी के खिलाफ अधिग्रहीत की जा रही है। प्रशासन 2013 के नए भूमि अधिग्रहण कानून का उल्लंघन कर रहा है। जमीनों को औने पौने दान पर छीनकर अकूत लाभ कमाने के उद्देश्य से अधिग्रहण किया जा रहा है। कहा कि बार बार अधिग्रहण करने से वह लोग भूमिहीन होने जा रहे है। किसी भी कीमत पर अपनी जमीन नहीं देंगे। आपत्ति करने वाले में रामअवतार, जिलाजीत, बलराम, रामनाथ, उदयराज, विनय, जंगबहादुर, सोमई, उर्मिला, अशोक कुमार, राजेश सहित अन्य भू-स्वामी शामिल थे।

## सितंबर तक श्रमिक करा सकेंगे पंजीयन व नवीनीकरण

**अयोध्या, अमृत विचार :** अब श्रमिक सितंबर तक श्रमिक पंजीयन और नवानीकरण करा सकेंगे। नवीनीकरण एवं उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से यह तिथि बढ़ाई गई। कारण बोर्ड का वेब पोर्टल दिनांक नौ फरवरी से बंद होने के कारण पंजीकृत निर्माण श्रमिक समय से नवीनीकरण और योजना आवेदन करने के लिए मार्च 2025 तक छूट प्रदान की गई थी, लेकिन इस समय भी ऐसे अधिकांश निर्माण श्रमिक/आवेदनकर्ता हैं जो श्रमिक पंजीयन में त्रुटि होने, पारिवारिक विवरण फीड न होने, जन्म-मृत्यु सर्टिफिकेट न होने, नवीनीकरण न होने, आधार सत्यापन न होने, आवश्यक अभिलेख न उपलब्ध होने और जानकारी के अभाव में छूट का लाभ नहीं ले पाए हैं। उप श्रमायुक्त घनश्याम सिंह ने लाभ से वंचित श्रमिकों से छूट का लाभ लेने का आह्वान किया है।

# अयोध्या धाम में नहीं बनेगा 7.50 मीटर से ऊंचा भवन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर के आसपास अब ऊंचे और नए भवन नहीं बनेंगे। अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने लागू निषेधाज्ञा को लेकर अयोध्या धाम परीक्षित में कई अलग-अलग स्थान पर परिक्षेत्र के मानचित्र के साथ नोटिस बोर्ड लगा दिया है, जिसमें दो दायरे को रखा गया है। पहले में साढ़े सात मीटर और दूसरे में 15 मीटर तक ऊंचाई के ही भवन निर्माण की स्वीकृति प्राप्त होगी।



रामनगरी में लगा चेतावनी बोर्ड।

अयोध्या विकास प्राधिकरण के द्वारा लगाई गई नोटिस बोर्ड में दर्शाया गया है कि मास्टर प्लान 2031 के तहत राम मंदिर के आसपास प्रतिबंधित क्षेत्र जोन 1 और जोन 2 को घोषित किया गया है। इसमें रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग से रेलवे लाइन होते हुए रेलवे स्टेशन को छोड़ते हुए रायगंज रोड से, रानीबाजार चौराहे और तपस्वी छावनी चौराहे से वाल्मीकि भवन से मुख्य मार्ग पर राम की पैड़ी (परिक्रमा मार्ग), के दक्षिण, लक्ष्मणघाट और साकेत डिग्री कॉलेज के पीछे से होते हुये रानोपाली रेलवे क्रॉसिंग तक भवन निर्माण करने पर धार्मिक भवनों को छोड़कर अन्य भवनों की अधिकतम ऊंचाई सड़क से साढ़े सात मीटर तक होगी। इस नियम का उल्लंघन करने वाले के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

▶▶ एडीए ने लागू निषेधाज्ञा को लेकर लगाए चेतावनी वाले बोर्ड

### मास्टर प्लान में शामिल था दायरा

अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय बताते हैं कि अयोध्या के मास्टर प्लान में टेंपल इंस्ट्रक्शन के दो मानक तैयार किए गए हैं, जिसमें पहले जोन में साढ़े सात मीटर और दूसरे जोन में पंद्रह मीटर का दायरा दिया गया है। इससे अधिक ऊंची बिल्डिंग इस क्षेत्र में नहीं बन सकेगी। 2022 में ही मास्टर प्लान में यह दायरा शामिल किया गया था, जिसको लेकर जन सामान्य को जागरूक करने के लिए कुछ स्थानों पर दो तरह के बोर्ड को लगाए गए हैं।

स्वास्थ्य

## मानसिक तनाव के कारण पाचन संबंधी समस्याओं से जुड़े 20 फीसदी मरीज पहुंच रहे मेडिकल कॉलेज

# मन की उलझन, पेट की मुश्किल, हाजमा गड़बड़

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** आधुनिक जीवनशैली में तनाव एक आम समस्या बन चुका है, जो न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है, बल्कि शारीरिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डाल रहा है। दर्शननगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग के अनुसार तनाव के कारण पाचन तंत्र से जुड़ी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

हर माह करीब 20 प्रतिशत मरीज पेट संबंधी शिकायतों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं, जिनमें कब्ज, पेट साफ न होना और बार-बार शौच जाने की इच्छा जैसी समस्याएं प्रमुख हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इनमें से अधिकांश मामलों का मूल कारण मानसिक तनाव है, जिसे लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। तनाव का सीधा असर पाचन तंत्र पर पड़ता है। तनाव के दौरान मस्तिष्क और आंत के बीच का संतुलन बिगड़ जाता है, जिसे 'ब्रेन-गट एक्सिस' कहते हैं। इससे आंतों की गतिशीलता प्रभावित होती है, जिसके परिणामस्वरूप कब्ज, अपच, और गैस जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

**पेट खराब होते ही भागते हैं फिजिशियन के पास :** विशेषज्ञों का मानना है कि लोग अक्सर पेट की समस्याओं के लिए फिजिशियन के पास जाते हैं, लेकिन जब दवाएं असर नहीं करतीं, तो उन्हें मानसिक रोग विभाग में भेजा जाता है। यहां जांच के बाद पता चलता है कि उनकी समस्या का कारण तनाव है। आंकड़ों के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में तनाव से संबंधित पाचन समस्याओं के मरीजों की संख्या में तेजी से इजाफा हुआ है। लखनऊ के किंग जार्ज मेडिकल कॉलेज के अध्ययन में भी यह बात सामने आई है।

### ये है तनाव के कारण, चपेट में युवा

काम का दबाव, आर्थिक तंगी, पारिवारिक कलह और सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग तनाव के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। खासकर युवा वर्ग में ये समस्याएं ज्यादा देखने को मिल रही हैं। मरीजों की शिकायत होती है कि उनका पेट एक बार में साफ नहीं होता, बार-बार शौच जाने की इच्छा होती है, और पेट में भारीपन या जलन रहती है।



### इससे जरूर राहत मिलेगी

- ▶▶ नियमित व्यायाम और योग को दिनचर्या में शामिल करें।
- ▶▶ संतुलित आहार लें। फाइबर युक्त भोजन जैसे हरी सब्जियों का सेवन करें।
- ▶▶ पर्याप्त नींद और पानी का सेवन भी पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है।
- ▶▶ तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने के लिए मनोवैज्ञानिक परामर्श या थेरेपी लें।

### समय पर ठोस इलाज जरूरी : डॉ.प्रदीप यादव



मानसिक रोग विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप यादव ने बताया कि यह बात बिल्कुल सत्य है कि तनाव के कारण हाजमा गड़बड़ हो जाता है। कब्ज भी रहती है। किसी-किसी में डायरिया के लक्षण दिखते हैं। केजीएमयू के शोध में भी यह बातें स्पष्ट हुई थीं। यदि पेट की समस्या लंबे समय तक बनी रहे और सामान्य उपचार से राहत न मिले, तो तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की भी जरूरत है, ताकि लोग समय रहते अपनी समस्याओं का समाधान कर सकें। लोग अक्सर मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से नहीं लेते, जिसके कारण छोटी-मोटी समस्याएं गंभीर रूप ले लेती हैं। तनाव को नियंत्रित करने के लिए समय पर कदम उठाना जरूरी है।

## तीन और अपराधियों की ए श्रेणी में खोली गई हिस्ट्रीशीट

**अयोध्या।** एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने अलग-अलग थानों के तीन और अपराधियों की उसके आपराधिक इतिहास के अनुसार ए श्रेणी की हिस्ट्रीशीट खोल उन्हें दुराचारी घोषित किया है। अब संबंधित थाना पुलिस 24 घंटे इन पर निगरानी रखेगी। इनमें थाना पूराकलंदर क्षेत्र के दो व थाना तारुन क्षेत्र का एक अपराधी शामिल है। इसमें थाना पूराकलंदर क्षेत्र का कुख्यात अपराधी अतुल सिंह उर्फ लाखन निवासी नरियावां शामिल है। उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट समेत लूट व हत्या के प्रयास समेत अन्य धाराओं में थाना पूराकलंदर में सात, थाना महाराजगंज में दो व थाना खंडासा में दो मुकदमे दर्ज हैं। इसी थाने का हिस्ट्रीशीटर अनीश निवासी खरगपुर कंदैला के खिलाफ थाना कैंट में दो, कोतवाली नगर में तीन व थाना रौनाही में एक केस दर्ज है। वर्ष 2024 में थाना कैंट पुलिस ने उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। तीसरा शातिर अपराधी थाना तारुन क्षेत्र का गोविंदा निवासी रामपुर भगन है, उसके खिलाफ अयोध्या जनपद में पांच व बरेली जनपद में एक केस दर्ज है।

### लावारिस हाल में मिली चोरी गई बाइक

**कुमारगंज।** बुधवार की शाम तेंधा के रहने वाले सुरेंद्र कुमार चौरसिया की बाइक खंडासा मोड़ चौराहे से अचानक गायब हो गई। बाइक बृहस्पतिवार की सुबह बाइक अकमा चौराहे के पास एक घर के सामने लावारिस हालत में बरामद कर ली गई। चौरसिया ने बताया कि उन्होंने कुमारगंज थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। थानाध्यक्ष ओम प्रकाश ने पुलिस टीम से खोज कराकर इसे बरामद करवा लिया।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

24 घंटे में आंशिक बादल छाए रहने एवं वर्षा नहीं होने की संभावना है।

| 41.0° | 30.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |

## आज के कार्यक्रम



- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर योग शिविर प्रात: 08 :00 बजे से।
- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर आउटसोर्स कर्मियों का धरना प्रात: 10 :00 बजे से।
- डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में इग्नू की परीक्षा प्रात: 11 :00 बजे से।
- सावन झूला मेला को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 04 :00 बजे से।

## एक नजर

### गुजरात हादसे के बाद एयरपोर्ट पर सहमे दिखे यात्री

**अयोध्या, अमृत विचार :** गुजरात में एयर इंडिया के प्लेन के क्रैश होने के बाद मृतकों की संख्या जानकर लोगों में डर दिखा। अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों को जैसे ही यह खबर मिली तो वह सहम गए। डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि हादसा बड़ा था। यात्री भयभीत थे। हालांकि अभी मेरे पास ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि कितने यात्रियों ने टिकट कैंसिल कराई। सभी विमानों ने उड़ान भरी है। डाटा देर रात तक आता है।

### बाल संरक्षण के लिए आयोजित किया जागरुकता कार्यक्रम

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** गुरुवार को बाल श्रम निषेध विश्व दिवस पर आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय से नगर पंचायत कुमारगंज के आशा देवी महाविद्यालय में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ साधना सिंह ने बाल श्रम की सामाजिक आर्थिक और मानसिक क्षति को उजागर किया। कार्यक्रम को रागिनी मिश्रा, डॉ प्राची शुक्ला, डॉ.श्वेता सचान ने भी संबोधित किया। डॉ. मीनल रितिका पांडे, आराध्या, प्रियंका चौहान, अभिषेक मीणा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और ग्रामीण मौजूद रहे।

### भाकपा सम्मेलन में 11 सदस्यीय कमेटी गठित

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाकपा (माले) दशरथ कुंड वार्ड का स्थानीय सम्मेलन गुरुवार को शाहनेवाजपुर में सम्पन्न हुआ। इसमें 11 सदस्यीय कमेटी का चुनी गई। रमेश कुमार सचिव चुना गया। सम्मेलन की अध्यक्षता राकेश यादव, नंदन यादव और विद्या देवी के तीन सदस्यीय अध्यक्ष मंडल और संचालन महिला नेत्री सुनीता गौड़ ने किया। उद्घाटन भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद ने किया। उन्होंने मोदी सरकार को विभिन्न मुदों पर घेरा। किसान नेता उमाकांत विश्वकर्मा, तिलकराम, मोश आरिफ, आशा, विजय यादव, हसमत अली, ओम प्रकाश यादव, लव कुश, शांती, सरोजा, शिव मंगल आदि थे।

# बिजली संकट : अफसर मस्त, जनता त्रस्त, नेता व्यस्त

**30** साल में पहली बार अभूतपूर्व बिजली संकट, चार लाख उपभोक्ता बेहाल

**24** घंटे आपूर्ति किसी भी डिवीजन में नहीं है, कहीं एक घंटे में 100 बार तो कहीं दो घंटे में 150 बार ट्रिपिंग


**1788** से अधिक एबीसी केबल फुंक चुकी हैं अब तक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिले में 30 वर्षों में पहली बार अभूतपूर्व बिजली संकट छाया हुआ है। अनवरत बिजली कटौती, बार-बार ट्रिपिंग और रोज नौ से 12 घंटे की कटौती से जनता में हाहाकार मचा हुआ है। मई के अंतिम सप्ताह से गहराया बिजली संकट अब चरम पर पहुंच गया है। पॉवर कॉर्पोरेशन के सभी चारों डिवीजन के करीब चार लाख उपभोक्ता लगातार संकट झेल रहे हैं।

वहीं पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि अपनी सियासी ताकत बढ़ाने में व्यस्त हैं। गंभीर बात यह है कि सत्ता पक्ष के नेता तो दूर विपक्ष के नेताओं के बोल इस बिजली संकट पर नहीं फूट रहे हैं। 'अमृत विचार' ने गुरुवार को बिजली संकट को लेकर पड़ताल और जन चर्चा की तो हर जगह के लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। पड़ताल में सामने आया कि जिले के किसी भी डिवीजन में अप्रैल से लेकर अब तक 24 घंटे आपूर्ति नहीं मिली है। चारों डिवीजन से जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार कहीं 15 तो कहीं 12 और 14 घंटे ही आपूर्ति मिल रही है। शहरी क्षेत्र में आधे से अधिक शहर ट्रिपिंग और अनवरत कटौती के दंश से बेहाल है। नियावां, चौक, कौशलपुरी, अंजनीपुरम, देवकाली, अमानीगंज समेत सभी 34 उप केन्द्रों द्वारा ट्रिपिंग की इंतेहा पार कर दी गई है। वर्तमान में कहीं एक घंटे में 100 तो कहीं दो घंटे में 150 बार ट्रिपिंग हो रही है। यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों का भी है। यह हाल तब है जब पॉवर कॉर्पोरेशन में यहां अधिकारियों और अवर अभियंताओं की फौज तैनात है। इस सब के बाद भी अभी तक इस अभूतपूर्व बिजली संकट को लेकर कोई चर्चा नहीं है।

उपभोक्ताओं का कहना है कि अवर अभियन्ता से लेकर बड़े अधिकारी मोबाइल नहीं रिसीव करते हैं। लाइन मैन बिना सुविधा शुल्क लिए फाल्ट नहीं दुरुस्त करते हैं। हाल ये है कि 20 मई से आठ जून तक 1788 एबीसी केबल फुंक चुकीं है। यह वो केबल हैं जो 50 लाख से अधिक के अनुरक्षण के बाद बदलीं गईं थीं। पॉवर कॉर्पोरेशन के अफसर जवाब नहीं दे पा रहे कि आखिर केबल क्यों फुंक रही है। तर्क लोड का देकर पल्लू झाड़ ले रहे हैं। बिजली संकट के कारण लोगों की दिनचर्या बिगड़ गई है। घरेलू कामकाज प्रभावित है तो वहीं पेयजल का संकट अलग झेलना पड़ रहा है। एक माह 12 दिन से छाए इस संकट के कारण लोग अवसाद और अनिद्रा के भी शिकार हो रहे हैं।





जलवानपुरा अयोध्या में ट्रांसफार्मरों की सड़क तक फैली खुली केबिलें।

अयोध्या धाम में लाइन खराब होने से ट्रॉली पर लगाया गया ट्रांसफार्मर।

### बिजली संकट से जनजीवन प्रभावित लोग परेशान

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों अनियमित और अघोषित बिजली कटौती से आम जनजीवन प्रभावित है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण इलाके में लोगों को आठ से 10 घंटे भी सप्लाई नहीं मिल रही है, गुरुवार को अलसुबह गई बिजली शाम तक नहीं आई। पूछने पर बिजली कर्मचारियों ने बताया कि इस समय कुमारगंज से हैरिंग्टनगंज के लिए आई मेन विद्युत लाइन के तारों एवं पोलों के अगल-बगल की झाड़ियों व वृक्षों की डालों को काटा जा रहा है। इसलिए दिन भर शट-डाउन रहता है।

### जाने किस डिवीजन का क्या हाल

**रुदौली डिवीजन**
11-उपकेंद्र।
03-अवर अभियन्ता।
08-विभिन्न पद रिक्त।
1,06,000-उपभोक्ता।
15-घंटे आपूर्ति।
01-एसडीओ।
02-पद रिक्त।

**मिल्कीपुर डिवीजन**
09-उपकेंद्र।
07-अवर अभियन्ता।
02-पद रिक्त।
03-एसडीओ।
33,000-उपभोक्ता।
06-घंटे आपूर्ति।

**विद्युत वितरण खंड अयोध्या धाम**
15-उपकेंद्र।
11-अवर अभियन्ता।
04-पद रिक्त।
03-एसडीओ।
90,890-उपभोक्ता।
18-घंटे आपूर्ति।

**विद्युत वितरण खंड दर्शननगर**
16-उपकेंद्र।
11-अवर अभियन्ता।
05-पद रिक्त।
03-एसडीओ।
150000-उपभोक्ता।




**जिले पर एक नजर**

**04** डिवीजन

**04** अधिशासी अभियंता

**01** मुख्य अभियंता

**3,79,890** कुल उपभोक्ता

### लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की समस्या

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र केलालालखान में 12 घंटे मिल रही है। तारुन में 14 घंटे मिल रही है। सबसे बड़ी समस्या लो-वोल्टेज और बार-बार ट्रिपिंग की है। रोस्टिंग के नाम पर एक-एक घंटा सभी फीडर पर रात में विद्युत कटौती की जा रही है। तारुन में सात फीडर बेलगरा, बेनी गद्दोपुर, धौरहरा, घूरी टीकर, रामपुरभगन, टिकरी, सोनौरा गाऊपुर है। केलालाल खान अंतर्गत तारुन, हैदरगंज, नंसा, खपराडीह, भीटी है। इनमें से एक भी फीडर से अनवरत बिजली आपूर्ति नहीं की जा रही है। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### जनप्रतिनिधि बोले-



भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था से लेकर बिजली आपूर्ति सब ध्वस्त हो गई है। संसदीय क्षेत्र में बिजली संकट की लगातार शिकायतें मिल रहीं हैं। प्रदेश सरकार द्वारा अयोध्या को विशेष दर्जा दिया गया है तब यह स्थिति है। पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को बार-बार पत्र भेजा गया है। सुधार नहीं हुआ तो सपा घेराव प्रदर्शन को मजबूर होगी। **-अवधेश प्रसाद, सांसद, फैजाबाद संसदीय क्षेत्र।**



अयोध्या विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान बिजली आपूर्ति व्यवस्था संज्ञान में है। लोगों द्वारा लगातार मेरे पास शिकायत की जा रही है। उच्च अधिकारियों को समय-समय पर पत्र भी लिखे, वार्ता भी की। इस स्थिति को लेकर चीफ इंजीनियर को तलब किया और निर्देश दिए हैं कि तत्काल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार करें। यदि सुधार नहीं होता तो मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाया जाएगा। **-वेद प्रकाश गुप्ता, नगर विधायक।**



मिल्कीपुर क्षेत्र से बिजली के संबंध में काफी लोगों के फोन आ रहे हैं। कई बार एसडीओ से भी सप्लाई दुरुस्त करने के लिए कहा गया है। इसके अलावा एक्सईएन को भी बिजली व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए बोला है। जल्दी ही सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी। वर्तमान हालात ठीक नहीं है। **-चंद्रभानु पासवान, विधायक मिल्कीपुर।**



रुदौली में विद्युत व्यवस्था में काफी सुधार हुआ है। पहले से सप्लाई बेहतर मिल रही है। इस वक्त कटौती की समस्या आ रही है। जिसके लिए विद्युत विभाग की उच्च अधिकारियों से बैठक की जाएगी और समस्या का समाधान निकाला जाएगा। **-रामचंद्र यादव, विधायक रुदौली।**



ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए नंगे तारों को सुरक्षा की दृष्टि से केबिल में परिवर्तित किया जा रहा है। पिछले सत्र में कुल 120 ट्रांसफार्मरों की क्षमता में वृद्धि की गई थी, वहीं इस सत्र में लगभग 150 ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाए जाने की योजना है। इसके लिए प्रस्ताव किया गया है। **-अभय सिंह, विधायक गोसाईगंज**

"सामान्य बिजली आपूर्ति के लिए सभी डिवीजन के एसडीओ को निर्देश दिए गए हैं। अत्याधिक गर्मी के कारण ऐसी स्थिति है। डिमांड भी अधिक है और ऊपर से पूरी आपूर्ति नहीं मिल रही है। शीघ्र ही सुधार किया जाएगा।" **-अशोक कुमार चौरसिया, मुख्य अभियंता।**



### लोग बेहाल
**सूख रही सब्जी व गन्ने की खेती**

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** उमस भरी गर्मी और इस समय भीषण विद्युत कटौती के चलते लोग बेहाल है। सब्जी व गन्ने की फसल सिंचाई के अभाव में सूख रही है। कछौली के भूपेंद्र पांडे, प्रमोद मौर्या, मंशाराम निषाद, विनीत पांडे, पतिराज यादव बताते हैं कि विद्युत केंद्र रसूलाबाद अंतर्गत स्थित नरायनपुर फीडर में विद्युत आपूर्ति की दशा बहुत खराब है। बिजली कब आएगी-जाएगी इसका कोई समय ही तय नहीं है। कोटवा के सतीश निषाद, रोहित निषाद, बिरजू निषाद, जगन निषाद, लवकुश निषाद आदि ने कहा कि उपकेंद्र मसौधा से विद्युत सप्लाई पूरी तरह चरमरा गई। 24 घंटे में चार घंटे भी बिजली की सप्लाई ठीक से नहीं हो पा रही। छोटी सी खराबी को ठीक करने के लिए जब स्थानीय लाइन में व जेई को फोन किया जाता है तो फोन नहीं रिसीव नहीं होता। उपकेंद्र मसौधा के अवर अभियंता विमल कुमार ने बताया कि गर्मी के चलते कुछ दिक्कतें आ रहीं हैं।

## बिजली संकट से नींद में खलल बन रहा स्लीप डिसऑर्डर

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मनोपरामर्शदाता डॉ. आलोक मनदर्शन ने कहा कि भीषण गर्मी व बिजली की आंख-मिचौली का मनोशारीरिक दुस्प्रभाव अब दिखाई पड़ने लगा है। ब्रेन का टेम्परेचर रेगुलेटर- हाइपोथैलमश शरीर के तापमान को 37 डिग्री सेल्सियस बनाये रखता है। वातावरणीय तापमान अधिक होने पर यह पसीने से व रक्त वाहिकाओं को शिथिल कर बॉडी-टेम्परेचर को बनाये रखने का प्रयास करता है। लम्बे समय तक यह स्थिति बनी रहने पर ब्रेन हीट-स्ट्रेस में जाने लगता है। जिसके व्यवहारिक, भावनात्मक व शारीरिक दुष्प्रभाव दिखते हैं। जिसकी बानगी गृह क्लेश, कार्यस्थल द्वंद व सामाजिक उग्रता के रूप भी दिखने लगी है।



आलोक मनदर्शन

**मस्तिष्क ताप-दबाव का करें सजग बचाव**

**लक्षण व दुष्प्रभाव**

ब्रेन हीट-स्ट्रेस या मस्तिष्क ताप-दबाव की दशा में स्ट्रेस हार्मोन कार्टिसाल व एड्रेनलिन लगातार बढ़े रहने से नींद की लयबद्धता दुष्प्रभावित हो कर स्लीप ट्रेमर, नाइट- मेयर, सोमनाएम्बुलिज्म व स्लीप-पैरालिसिस जैसे स्लीप-डिसऑर्डर के अटैक होने की सम्भावना होती है। जिसमें भयानक सपने व उलझन, बेचैनी वाली स्थिति इस तरह हावी हो जाती है। चौंकना, चीखना, दिल की धड़कन तेज़ होना व मुँह सूखने जैसे लक्षण शामिल हैं। अनमनापन, एकाग्रता में कमी, चिड़चिड़ापन, थकान, सरदर्द, बदहजमी, एसिडिटी, तेज़ धड़कन, सीने में दर्द, आक्रामकता, आत्मघात व नशा-सेवन आदि दिख सकतें है। जिसे ब्रेन हीट-स्ट्रेस जनित मनोदुष्परिणाम कहा जाता है।

**सलाह**

मस्तिष्क के लिए 19 से 27 डिग्री सेल्सियस का वातावरणीय तापमान व पर्याप्त वेंटीलेशन जरूरी है। उचित तापमान व वेंटिलेशन का प्रबंधन इस प्रकार किया जाय कि निद्रा कम से कम दुष्प्रभावित हो। नींद में खलल पड़ने पर मनोसंयम बरतते हुए दिन भर के क्रिया-कलापों में ब्रेन हीट- स्ट्रेस के लक्षणों के प्रति सजग रहें तथा समस्या पढ़ने पर मनोपरामर्श अवश्य लें।



बिजली सप्लाई अव्यवस्था से कॉलोनीवासी पूरी तरह से परेशान है। कई बार विद्युत सुधार के लिए मांग गई की गई है लेकिन अधिकारी किसी भी समस्या को सुनने को तैयार नहीं है। **-सचिन त्रिपाठी, शिक्षक।**



बिजली की आंख मिचौली से पूरा जिला परेशान है। अधिकारियों को घर से निकलकर आम जनता की समस्याओं को देखने के लिए फुर्सत नहीं है। विद्युत व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। **-अनूप द्विवेदी, मीडिया प्रभारी, शिक्षक संघ।**



भयंकर गर्मी में विद्युत व्यवस्था की समस्याओं से आम लोगों को जूझना पड़ रहा है। शासन को सप्लाई व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए। जिससे लोगों को राहत मिल सके। **-डॉ. सत्य प्रकाश मिश्रा।**



विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं हो रही है। अधिकारी और कर्मचारी गण ध्यान नहीं दे रहे हैं। आम जनमानस परेशान हो रहा है। **-अजय पांडेय, पार्षद प्रतिनिधि पाटेश्वरी नगर वार्ड।**



रायपुर फीडर की पॉवर सप्लाई बेहद खराब चल रही है, 24 घंटे में मात्र छह घंटा सप्लाई मिल पाती है। जेई एवं स्थानीय लाइनमैन का मोबाइल स्विच ऑफ रहता है। हम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। **-ज्ञान चंद्र चौरसिया- चक पुरवा, मवई अयोध्या।**





नरायनपुर फीडर विद्युत सप्लाई इस समय बहुत खराब चल रही है। भीषण गर्मी में विद्युत कटौती चल रही है। 24 घंटे में केवल 5-6 घंटे विद्युत की सप्लाई है। **-राजेश पाठक, पाठक का पुरवा गंगौली।**



विद्युत उपकेंद्र मसौधा की व्यवस्था चरमरा गई है। फाल्ट होने पर लाइनमैन को फोन करने पर वो फोन नहीं उठाते। 24 घंटे में चार घंटे बिजली मिल पा रही है। **-अरविंद सिंह, कल्याण भदरसा नैपुरा नहरी।**



विद्युत उपकेंद्र दर्शननगर की व्यवस्था बेहाल है। दो दिनों से दिन में बिजली नहीं है। रात में थोड़ी के लिए आती है। सब्जी व गन्ने की फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है। **-सुरेश यादव, अलावलपुर पूराबाजार।**



विद्युत उपकेंद्र पूराबाजार में बिजली कब आती-जाती है, पता नहीं चलता। कटौती बहुत है। लाइनमैन व जेई तक फोन नहीं उठाते। फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। **-शारदा यादव, राजेपुर पूराबाजार।**




बेलगरा फीडर की स्थिति खराब है। यहां तैनात जेई से शिकायत करने पर उल्टी सीधी बात करते हैं। सबसे बड़ी समस्या लो-वोल्टेज एवं विद्युत कटौती की है। **-अमर सिंह, बेलगरा रसतियापुर हैदरगंज।**



इस भीषण गर्मी में बिजली कटौती और ट्रिपिंग के समस्या से बहुत दिक्कत हो रही है। बिजली घर पर फोन करने पर कर्मचारी समस्या को अनसुना कर देते हैं। **-लौटनलाल, ग्राम पंचायत जाना, हैदरगंज।**



इस भीषण गर्मी में 24 घंटे में मात्र आठ से नौ घंटे ही बिजली मिल पाती है। जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। **-देवकुमार, कोडीह सरैय्या सोहावल।**



बिजली की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। इस भीषण गर्मी में 10-10 मिनट पर बिजली कट रही है। रात में ठीक से सोने को नहीं मिलता खेती किसानी सब चौपट हो रही है। **-नग नारायण, अर्थर सोहावल।**



24 घंटे में 10 से 12 घंटे बिजली मिल रही है। कई बार कटौती होती है। खेतों में पानी लगाने वाले जबरदस्त संकट है। साग सब्जी की फसलें सूखने के कगार पर हैं। **-मोहम्मद आमिल, जगनपुर सोहावल।**



बिजली की समस्या से जूझ रहे नगरवासियों को न दिन मे राहत मिल रही है न रात में। कोई सुनवाई नही हो रही है। लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। **-शिवम पांडेय, एडवोकेट।**

---

**सनबीम स्कूल प्रकरण**

**न्यायालय ने प्रबंधक के खिलाफ लिया स्वत : संज्ञान, पुलिस ने दोनों को दी थी क्लीन चिट**

## प्रेम प्रसंग टूटने पर छात्रा ने स्कूल की छत से कूदकर दी थी जान

अयोध्या कार्यालय

**स्कूल की प्रधानाचार्य, प्रबंधक, गेम टीचर के खिलाफ दर्ज हुई थी हत्या, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत रिपोर्ट**

**अमृत विचार :** सनबीम स्कूल प्रकरण में आरोप पत्र दाखिल होने के 22 माह 8 दिन बाद न्यायालय ने प्रबंधक के खिलाफ साक्ष्य नष्ट करने और उतावलेपन से हुए व्यक्ति के जीवन को खतरा की धारा में स्वतः संज्ञान ले लिया है। आरोपी की उपस्थिति के लिए अगली पेशी नियत की गई है।

26 मई 2023 को सनबीम स्कूल में कक्षा 10 की छात्रा छत से गिर गई थी। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। इसकी रिपोर्ट छात्रा के पिता ने प्रधानाचार्य रश्मि भाटिया, स्कूल के प्रबंधक बृजेश यादव और गेम टीचर अभिषेक कनौजिया के खिलाफ गैंगरेप के बाद हत्या और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत लिखाई थी। यह घटना इतनी चर्चित थी कि इसकी जांच के लिए एसआईटी गठित की गई थी। विवेचना के बाद निष्कर्ष निकाला था कि घटना के समय छात्रा के साथ न तो सामूहिक दुष्कर्म हुआ था न ही उसकी हत्या हुई थी बल्कि छात्रा ने आत्महत्या की थी। इसका कारण उसका स्कूल के ही एक छात्र से प्रेम प्रसंग था। छात्र उससे दूरी बना रहा था, इसके चलते छात्रा अवसाद में आ गई थी और स्कूल की छत से कूद कर आत्महत्या कर ली। विवेचना समाप्त होने के बाद जांच एजेंसी ने दुष्कर्म, हत्या और पॉक्सो एक्ट की धाराएं हटाते हुए स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि भाटिया और गेम टीचर अभिषेक कनौजिया को क्लीन चिट दे दी थी और प्रबंधक बृजेश यादव के खिलाफ साक्ष्य नष्ट करने और उतावलेपन से किसी व्यक्ति के जीवन को खतरा होने की धारा में तथा एक बाल अपचारी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में आरोप पत्र भेजा था। बाल अपचारी का मामला किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

मामले में वादी की ओर से स्वतः संज्ञान के बिंदु पर आपत्ति दाखिल की गई थी, जिसमें कहा गया था कि पुलिस ने विवेचना सही नहीं की है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा कि वादी की तहरीर में अभियुक्त गण पर बलात्कार व हत्या का आरोप लगाया गया। उस पर केवल वादी ने हस्ताक्षर किए थे, उसे पढ़ा नहीं था। इसे उसने अपने बयान में स्वीकार किया है। विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट है कि मृतका के साथ मृत्यु के पूर्व कोई गलत काम नहीं किया गया। मृतक के दो सहपाठी के बयानों से व एक किशोर के साथ मोबाइल की चैटिंग व फोटोग्राफ से साबित है कि मृतका का संबंध उससे था। जिससे ब्रेकअप के बाद वह अवसाद ग्रस्त थी। मृतका ने चैटिंग में आत्महत्या करने की बात भी कही है। उपरोक्त समस्त विवेचना से उजागर हुए हैं जिनसे परिलक्षित होता है मृतका द्वारा आत्महत्या की गई। विवेचक द्वारा दोनों अभियुक्त का नाम हटाने और हत्या, गैंगरेप, आपराधिक षड्यंत्र तथा पॉक्सो की धाराएं हटाने में कोई त्रुटि नहीं की गई है। अभियुक्त बृजेश यादव द्वारा विद्यालय की छवि बचाने के लिए केवल साक्ष्य नष्ट करने का अपराध किया जाना प्रतीत होता है। इसी के आधार पर कोर्ट ने जांच एजेंसी द्वारा की गई विवेचना को सही बताते हुए प्रस्तुत आरोप पत्र पर प्रसंज्ञान लिया। अब मामले में अगली पेशी चार अगस्त नियत की गई है।

## चौथे दिन 70 आपत्तियों में से 53 निस्तारित

**अयोध्या, अमृत विचार :** नगर निगम सीमा अंतर्गत कौशलपुरी जोन ऑफिस में गृह स्वामियों की आपत्तियों के निस्तारण के चौथे दिन 70 आपत्तियों पर सुनवाई हुई। इसमें से 53 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी व कमेटी के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि 49 लोगों ने अपना कर भी जमा करा दिया। उन्होंने बताया कि चार मामलों में जांच टीम लगाई गई है, जबकि 13 लोगों के दस्तावेज पूर्ण नहीं थे। उन्होंने बताया कि अब शुक्रवार को नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक होने के कारण आपत्तियों पर सुनवाई मंगलवार से होगी। कर अधीक्षक जय प्रकाश, टीसी प्रदीप वर्मा व आरआई अनिल यादव मौजूद रहे।

## हत्यारे को आजीवन कारावास 25 हजार रुपये का जुर्माना

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** लेनदेन के विवाद में चाकू घोंपकर युवक की हत्या कर देने के मामले में कोर्ट ने हत्यारे को आजीवन कठोर कारावास की सजा से दंडित किया। कोर्ट ने उस पर 25 हजार जुर्माना भी ठोका है। फैसला अपर जिला जज प्रतिभा नारायण की अदालत से गुरुवार को हुआ।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुधाकर मिश्रा और अभय वैश्य ने बताया कि घटना 13 जून 2021 की दिन में 10:30 बजे की है। विजय कुमार शुक्ला निवासी भैरोपुर टिकरा थाना हैदरगंज का भाई अजय कुमार शुक्ला घर से पूजा का सामान लेने बाजार गया था। लौटते समय घर से लगभग 300 मीटर की दूरी पर घात लगाए बैठे उसके गांव के शुभम शुक्ला व दो-तीन अज्ञात ने उसके ऊपर चाकू व धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर दिया। हल्ला गुहार पर वादी मुकदमा और अन्य लोग दौड़े तो हमलावर वहां से भाग गए। घायल अवस्था में विजय कुमार ने अपने भाई को सीएचसी बीकापुर पहुंचाया। हालत गंभीर देखते हुए वहां से डॉक्टर ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया वहां पहुंचने के पहले ही अजय कुमार ने दम तोड़ दिया। इसकी रिपोर्ट शुभम और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ हत्या की धारा में लिखाई गई थी। विवेचना के बाद विवेचक ने शुभम शुक्ला के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी। घटना के समय से ही शुभम शुक्ला जेल में है सजा सुनाए जाने बाद उसे फिर जेल भेज दिया गया।

# कल्याण सिंह ने रचा था त्याग का इतिहास: केशव प्रसाद

## पौशाला चौराहे पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

रुदौली अयोध्या




समारोह में मौजूद उप मुख्यमंत्री व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राम मंदिर के मार्ग को प्रशस्त करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कल्याण सिंह ने अपने पद की परवाह नहीं की। त्याग का इतिहास रचा था। 500 वर्षों के कलंक को समाप्त करने की दिशा में बाबू जी ने जो साहसिक निर्णय लिया, वह युगों तक स्मरण किया जाएगा। उनकी प्रतिमा के अनावरण के समय उमड़ी अपार भीड़ यह सिद्ध करती है कि जनता आज भी उन्हें सम्मानपूर्वक याद करती है।

उप मुख्यमंत्री ने शहर के पौशाला चौराहे पर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। अनावरण के बाद भौली में आयोजित जनसभा में कहा कि उत्तर प्रदेश को भय मुक्त बनाने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह ने विकास की नई गाथा लिखी। अपराध मुक्त, समता मूलक समाज की स्थापना के लिए बनी भाजपा सरकार के मुखिया रहते जनता से जुड़े विकास कार्यों को गति प्रदान की। कहा कि आज देश में मोदी और प्रदेश में योगी के नेतृत्व में भाजपा जनता के हित में काम कर रही है। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा कि देश में हुए प्लेन क्रैश की घटना की वजह से पूरा देश दुखी है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि विमान हादसे के कारण योजनाओं के लोकार्पण, जन चौपाल और संवाद कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया। कहा कि जल्द ही वे दोबारा रुदौली आएंगे। कार्यक्रम में कल्याण सिंह के पुत्र पूर्व सांसद राजवीर सिंह, पूर्व सांसद विनय कटियार, विधायक चंद्रभानु पासवान, पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी उर्फ खब्बू, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, आशीष शर्मा आदि रहे।



पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की प्रतिमा के साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व अन्य।

### प्लेन क्रैश हादसे के कारण लोकार्पण स्थगित

उप मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर शाम 4 बजे उतरा। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। गुजरात में प्लेन क्रैश के चलते आठ करोड़ 12 लाख रुपये के 23 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण नहीं हो सका। डिप्टी सीएम ने गहरा दु:ख व्यक्त किया।

# मंदिर में शादी फिर युवती से गैंगरेप

**संवाददाता, हैदरगढ़, बाराबंकी। अमृत विचार :** बहाने से युवती को ले जाकर पहले मंदिर में शादी रचाई गई फिर दो युवकों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी पूर्व में भी कुकृत्य कर चुके हैं। फिलहाल युवती परिजनों के पास है और पिता की तहरीर पर दो युवकों को नामजद किया गया है। आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में रहने वाले व्यक्ति के अनुसार गत 5 जून की शाम उसकी पुत्री को अशोक रावत पुत्र मूडू निवासी ग्राम अहिरगांव थाना सुबेहा ने गांव के बाहर स्थित सरकारी स्कूल के पास बुलाया था। वहां पहले से मौजूद उसका साथी आकाश कश्यप पुत्र राजू निवासी थाना इन्हौना जिला अमेठी भी मौजूद था। दोनों युवक युवती को मोटरसाइकिल से बहला-फुसलाकर ले गए और कोतवाली क्षेत्र के पास नहर पर उतारकर थोड़ी देर बाद पूड़ी खिलाई फिर तीनों लखनऊ चले गए। लखनऊ पहुंचने के बाद एक मंदिर में अशोक ने जबरदस्ती युवती से शादी की। युवती के अनुसार उसे मंदिर का सही स्थान और मोहल्ला ज्ञात नहीं है, लेकिन वह मंदिर को पहचान सकती है। शादी के बाद आरोपी दोनों युवक उसे एक कमरे में ले गए जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। पीड़िता के अनुसार, यह पहली बार नहीं था। पहले भी दोनों युवक उसके साथ दुष्कर्म कर चुके हैं। घटना के बाद लड़की की लोकेशन 6 जून को जिला रायबरेली में मिली। पिता ने वहां जाकर अपनी बेटी को सकुशल सुपुर्दगी में लिया। पिता की तहरीर पर कोतवाली हैदरगढ़ में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का बयान दर्ज कर मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है। इस संबंध में कोतवाल अजय त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत आलापुर, वि0ख0 मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर**

पत्रांक–मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024–2025 दिनांक–12.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत आलापुर, विकासखंड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर मे मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 के क्रम में कराये जाने वाले कार्य पर निम्न विवरण के अनुसार सामग्री की आवश्यकता है। इच्छुक स्थानीय फर्म/भठ्ठा मालिक आपूर्ति के लिए दिनांक–13.06.2025 से 19.06.2025 सायं 03:00 बजे तक निविदा/कोटेशन सचिवालय ग्राम पंचायत आलापुर, विकास खण्ड मोतिगरपुर, जनपद सुलतानपुर में दे सकते हैं। प्राप्त निविदा उसी दिनांक–19.06.2025 को सायं 04:00 बजे ग्राम पंचायत द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। समिति द्वारा दिया गया निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपये में) | सामग्री विवरण | शपथ पत्र हेतु स्टाम्प का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पक्की सड़क से मोहन के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4,88,628 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री । | 100 |
| 2 | संपर्क मार्ग से लालू के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 4,84,125 रुपये। | बालू, मोरंग, सीमेन्ट, ईट गिट्टी, इंटरलॉकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईट, गिट्टी आदि सामग्री । | 100 |

नोट– निविदा से सम्बंधित नियम व शर्ते कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस के निर्धारित समय में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान
ग्रा0पं0– आलापुर, वि0खं0–मोतिगरपुर
जनपद–सुल्तानपुर

ग्राम पंचायत सचिव
ग्रा0पं0– आलापुर, वि0खं0–मोतिगरपुर
जनपद–सुल्तानपुर



दुकानदारों व मकान मालिकों से वार्ता करते विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

# हर प्रभावित को मिलेगा मकान और दुकान: विधायक

**अयोध्या, अमृत विचार:** चौक क्षेत्र में आधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाने के लिए पुरानी मछली मंडी और रिफ्यूजी मार्केट की जर्जर इमारतों ध्वस्तीकरण शुरू किया गया। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक वेद प्रकाश गुप्ता मौके पर पहुंचे और प्रभावित दुकानदारों व मकान मालिकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

विधायक गुप्ता ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि किसी भी गरीब या व्यवसायी को नुकसान न हो। बताया कि जिन लोगों के मकान गिराए जा रहे हैं, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिया जाएगा और अस्थायी रहने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। जिन दुकानदारों की दुकानें हटाई जा रही हैं, उन्हें नए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में दुकानें आवंटित की जाएंगी। इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र का सौंदर्यीकरण और व्यवस्थित व्यापारिक वातावरण तैयार करना है। कहा कि शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण कार्य तीव्र गति से कराया जाएगा ताकि व्यवसाय जल्द से जल्द सामान्य हो सके।

# टीम ने तोड़वाया अधीक्षक कार्यालय की आलमारी का ताला

**तारुन, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तारुन से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बोनस और एरियर भुगतान के लिए लंबी जद्दोजहद के बाद न्याय की आस जगी है। गुरुवार को उच्च न्यायालय के आदेश पर सीएमओ से गठित टीम के समक्ष अलमारी का ताला तोड़कर पत्रावलियों को खंगाला गया।

गौरतलब है कि दो वर्ष पहले हैदरगंज थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जाना लौटन लाल का पुरवा निवासी देवराज तिवारी स्वास्थ्य पर्यवेक्षक के पद से रिटायर हुए थे, लेकिन 2002 से ही बोनस और एरिया भुगतान को लेकर संतोषजनक जवाब नहीं मिला। न ही बकाया देयक भुगतान ही हुआ। उन्होंने चार मार्च 2025

**उच्च न्यायालय के आदेश पर टीम ने निकाली फाइलें, मामला सेवानिवृत्त स्वास्थ्य कर्मी के बकाए भुगतान का**

को उच्च न्यायालय लखनऊ खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया। उनके अधिवक्ता रमानिवास पाठक के मुताबिक बाद हाईकोर्ट ने 11 मार्च को मुख्य चिकित्सा अधिकारी अयोध्या को आदेश दिया कि एक माह में सभी योग्य बिलों का भुगतान तत्काल कराया जाए। सीएमओ ने स्वास्थ्य अधीक्षक कार्यालय के अलमारी में रखें अभिलेखों को टीम गठित कर न्यायिक अधिकारी के समक्ष पत्रावलियों को रिकवर करने का निर्देश दिया। गुरुवार को दोपहर साढ़े 11 बजे छह सदस्यीय टीम नायब तहसीलदार बीकापुर घनश्याम शुक्ला, सीएचसी तारुन डॉ. विकास सिंह, वरिष्ठ सहायक टीबी क्लीनिक सीएमओ ऑफिस, शिवकुमार यादव, शशि भूषण तिवारी, देवगांव संदीप गुप्ता व चंद्रशेखर मिश्रा डिप्टी सीएमओ ऑफिस के कर्मचारियों ने अधीक्षक कार्यालय में यूनाइटेड फंड 2014-15 लिखी गोदरेज नुमा अलमारी के तालों को तोड़ा, जिसमें पत्रावलियां मौजूद रही। अधीक्षक डॉ. अंशुमान गुप्ता ने बताया कि न्यायिक अधिकारी के सामने ताला को तोड़ दिया गया है। पत्रावलियों की जांच कर रिपोर्ट सीएमओ को भेजी जाएगी।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद बहराइच।**

पत्रांक: 271/2025 **प्रेस विज्ञप्ति** दिनांक: 10 जून 2025

बोर्ड दिनांक 07.03.2025 प्रस्ताव सं0–01 अन्य प्रस्ताव के अन्तर्गत अधिनियम–1916 की धारा 298 में प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए धारा–128 क(1) के अन्तर्गत भवन/भूमि क्रय करने पंजीकृत बैनामा, पंजीकृत दानपत्र (हिबानामा) पर खारिज–दाखिल शुल्क 500.00 एंव वरासत, वसीयतनामा व न्यायालय से स्वामित्व निर्धारण प्राप्त करने के आधार पर दाखिल–खारिज शुल्क– 300.00 निर्धारित किया गया। जिसमे नियम समय में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में बोर्ड प्रस्ताव संख्या–01 दिनाक 25.04 2025 अन्तर्गत बहुमत से स्वीकृत के पश्चात अंतिम प्रकाशन किया जा रहा है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच

## हत्या के दो अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** न्यायालय ने सात साल पूर्व हत्या की एक घटना में दोषसिद्ध दो अभियुक्तों को आजीवन कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। थाना बड्डूपुर पर हत्या के सम्बन्ध में पंजीकृत मुकदमे से संबंधित दयाराम गौतम निवासी रामनगर बकसोलिया थाना घुंघटेर व अमित गौतम निवासी नौरंगाबाद थाना फतेहपुर को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या–एक द्वारा दोषसिद्ध करार दिया गया। कोर्ट ने दोनों को आजीवन कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। 20 जनवरी 2018 को थाना बड्डूपुर पर वादी बुद्धा निवासी राजापुर नमोलिया थाना घुंघटेर ने दो लोगों के विरुद्ध स्वयं के बेटे की हत्या कर देने के सम्बन्ध में सूचना दी थी। सूचना के आधार पर थाना बड्डूपुर पर हत्या की धारा में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। तत्कालीन विवेचक निरीक्षक विजय कुमार सिंह द्वारा साक्ष्य संकलन कर वैज्ञानिक विधि से विवेचना पूर्ण कर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मिश्रौलिया विकास खण्ड पचपेड़वा जनपद बलरामपुर**

पत्रांक: मेमो **निविदा सूचना** दिनांक: 11.06.2025

ग्राम पंचायत मिश्रौलिया में केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग मनरेगा योजना एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) के अंतर्गत शौचालय निर्माण/रेट्रोफिटिंग, नाली निर्माण, सीसी रोड निर्माण, खड़ंजा निर्माण/मरम्मत, स्कूल बाउंड्रीवॉल निर्माण, नाली मरम्मत, ह्यूम पाइप, हैंड पंप, मरम्मत, हैंडपंप रिबोर, स्कूल में दिव्यांग/सामान्य शौचालय नर्माण/मरम्मत, स्कूल कायाकल्प, सोकपिट निर्माण, सामुदायिक शौचालय मरम्मत आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य, पंचायत भवन निर्माण/मरम्मत, पंचायत भवन में कुर्सी मेज आदि क्रय, सोलर लाइट, पशु शेड बकरी शेड, मुर्गी शेड, निर्माण, स्वयं सहायता समूह हेतु शेड निर्माण खाद गड्ढा नाडेप वर्मी कम्पोस्ट निर्माण, इण्टरलाकिंग कार्य, गौवंश आश्रय स्थल निर्माण/ मरम्मत गौवंश आश्रम स्थल का बाउंड्री वाल निर्माण, कूप मरम्मत अन्त्येष्टि स्थल निर्माण आदि। प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे प्रथम श्रेणी ईट, ईट गिट्टी, बालू, मोरंग, सीमेन्ट सरिया, पत्थर गिट्टी, स्ट्रोन, इंटरलॉकिंग गईलस, साईन बोर्ड, पत्थर, मिट्टी, जी. एस. एस. बी. (लोहा पाइप) विभिन्न माप को स्थुम पाइन ऋक पाईप, लोहे का दरवाजा। प्राईमर, पेंट, पुट्टी, सिमिटेड सीट, (एल्बेस्टर) शौचालय शीट यूरिनल सीट, ढश्ड पाइप, टोटी, सिंटेक्स, वाश बेसिन आदि आवश्यक है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक निविदा दाताओं से निविदा/ कोटेशन जो पंजीकृत फर्म हो आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 13/06/2025 से 16/06/2025 को दिन में 02:00 बजे तक प्राप्त एवं जमा किया जाएगा/निविदा/कोटेशन दिनांक 17/06/2025 को 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधान, सचिव की उपस्थिति में निविदा फॉर्म खोला जाएगा। निविदा कोटेशन स्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। उक्त सभी सामग्री वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विशिष्टियों के अनुसार परिमंडल गोंडा के द्वारा निर्धारित दरों के संक्षेप की जाएगी। निविदा कोटेशन वित्तीय 2025– 26 में कराए गए विकास कार्यो में प्रभावी रहेगी। शेष नियम और शर्ते लागू। **कार्य का नाम** – पंचायत भवन निर्माण कार्य

ग्राम प्रधान – महेन्द्र कुमार ग्राम पंचायत सचिव – सौरभ श्रीवास्तव

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर**

पत्रांक: 79/ न०पं०दो०सुल०/2025–26 दिनांक: 12/06/2025

**ई-निविदा सूचना**

राज्य सेक्टर के सीवरेज एवं जल निकासी योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर के निम्न विवरण के अनुसार कवर्ड नाला का निर्माण कराये जाने हेतु सिविल ठेकेदारों से दिनांक 13/06/2025 से दिनांक 03/07/2025 को समय 12:30 तक ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 03/07/2025 को अपराह्न 3:00 बजे नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेंगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट ***etender.up.nic.in*** पर देखी जा सकती है। 02 प्रतिशत जमानत राशि एफडीआर, टीडीआर, केवीपी जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के पक्ष में अनुबन्धित होगी अथवा नगद धनराशि व निविदा शुल्क की नगद धनराशि नगर पंचायत दोस्तपुर के पंजाब नेशनल बैंक शाखा दोस्तपुर के खाता सं०–8514000100062641 IFSC Code PUNB0851400 में जमा कर बैंक स्लिप टेक्निकल बिड के साथ में संलग्न करना आवश्यक होगा। टेक्निकल बिड कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर पर रखी सील्ड निविदा पेटिका में दिनांक 03/07/2025 तक समय 12:00 बजे तक डाली जानी आवश्यक होगी।

**निविदा की समय सारणी बेवसाइट etender.up.nic.in पर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | बेवसाइट पर ई–निविदा की तिथि/समय | 13.06.2025 | 10.00 बजे. |
| 02. | ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 13.06.2025 | 10.00 बजे |
| 03. | ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | 03.07.2025 | 12.00 बजे |
| 04. | ई–निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि / समय | 03.07.2025 | 03.00 बजे |
| 05. | ई–निविदा की वित्तीय बिड खोलने की तिथि / समय | 03.07.2025 | 03.00 बजे |
| 06. | कार्य के निविदा स्कैन आर्नेस्टमनी एवं निविदा शुल्क की मूल प्रति कार्यालय नगर पंचायत मे जमा करने की अन्तिम तिथि/ समय | 03.07 2025 | 12.00 बजे |

निविदा की नियम व शर्तें किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अथवा बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुल्तानपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुल्तानपुर

# संदिग्ध हालात में लगी आग, नौ झुग्गियां जलीं



आग लगने के बाद जला हुआ सामान।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** कोतवाली नगर अंतर्गत वजीरगंज जप्ती स्थित चिकवा गली में कबाड़खाने में आग लगने से नौ झुग्गियां जल गईं। इसमें रहने वाले करीब 30 लोगों के पास शरीर पर पहनने के लिए कपड़े तक नहीं बचे।

स्थानीय निवासी बिस्मिल्लाह के खाली प्लॉट पर असम के बरपेटा जिले के रहने वाले विशेष समुदाय से जुड़े नौ परिवार दो माह से अस्थायी झुग्गियां बनाकर रह रहे हैं। अधिकांश कबाड़ बीनने तो कुछ मजदूरी करते हैं। घटना के समय सभी झुग्गियों से बाहर सो रहे थे। सुबह करीब 3:30 बजे कुछ झुग्गियों से धुआं उठता देखा गया, जब तक लोग कुछ करते तब तक धुआं आग में बदल गया। फायरबिग्रेड के पांच वाहनों ने घंटे भर की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ितों ने बताया कि उनका अनाज, बिस्तर, कपड़े आदि जल गए। द्वितीय अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय ने बताया कि मौके पर 5 वाहन भेजे गए। आग पर काबू पा लिया गया है। आग लगने के कारण अज्ञात हैं। जानकारी के अनुसार, शिवपुरी में हत्या की घटना के बाद यहां आकर बसे इन लोगों पर कई सवाल भी उठे, साथ ही स्थानीय प्रशासन पर इनकी जांच न करने का आरोप लगा। पुलिस ने इन्हें यहां से हटने की चेतावनी भी दी थी। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि यह यहां कैसे रह रहे थे, इसकी जांच की जा रही है।

## बाराबंकीवासी बंदी की लखनऊ में मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कमरूद्दीन (50) पुत्र इस्लाम अंसारी निवासी थाना कोतवाली नगर को रेलवे एक्ट के अंतर्गत 14 मई को जिला जेल लखनऊ में निरुद्ध किया गया था। कारागार प्रशासन के अनुसार बंदी उच्च रक्तचाप सहित अन्य समस्याओं से पीड़ित था। 5 जून को उसे बलरामपुर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, केजीएमयू भेजे गए बंदी की गुरुवार को मौत हो गई। कारागार प्रशासन ने बताया कि उसके परिजनों से संपर्क नहीं हो पाया है और न ही कोई परिजन शव प्राप्त करने आया है, जिससे अंतिम संस्कार की प्रक्रिया में बाधा आ रही। जिला प्रशासन ने अपील की है कि बंदी से संबंधित कोई भी जिला कारागार लखनऊ से संपर्क कर सकता है।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचित हो कि श्री प्रकाश पुत्र रामनरेश का आधार कार्ड बना हुआ है आधार कार्ड नंबर 219049 4345 97 है। वहीं इसी आधार नंबर पर विजय कुमार पुत्र रामनरेश के नाम से दूसरा आधार भी बना हुआ है। दोनों नाम के गांव में एक ही व्यक्ति हैं और आधार नंबर भी एक है। अब श्री प्रकाश के नाम से जाना जाए। **श्री प्रकाश उर्फ विजय कुमार पुत्र रामनरेश, निवासी– ग्राम परसा अगैया पोस्ट हाड़ा बसेहरी तहसील नानपारा बहराइच**

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम MO SHARUKH से बदल कर MOHD SHARUKH रख लिया है अब भविष्य में मुझे इसी के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O- AZAD ALI R/O-PURE RAMDEV NARHARPUR POST KOHDAUR, PRATAPGARH

**सूचना**

मैं **जेबा नाहिद अब्बासी पत्नी स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी निवासी ग्राम बाबूपुर पो0 बाबूपुर तह0 व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर** की हूँ। मेरे पुत्र जैनुद्दीन अब्बासी पुत्र स्व0 रजीउद्दीन अब्बासी व बहू फिरदौस जहाँ पत्नी जैनुद्दीन व बहू शाहीन पत्नी जैनुद्दीन निवासीगण बाबपुर पो0 बाबूपुर तहसील व थाना महमूदाबाद जनपद सीतापुर के क्रिया कलापों व चाल–चलन ठीक न होने के कारण इन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य अथवा लेन–देन के लिए मैं व मेरे परिवार का कोई भी सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

**सूचना**

मैं **सत्यवती पत्नी स्व0 शत्रोहन लाल वर्मा निवासी म0 न0 बी0पी0एल0 2272 जसवन्तनगर, ककरहिया थाना कोतवाली नगर तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।** एक वृद्ध महिला है जो चलने फिरने में असमर्थ है उसका पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि उसको खाना पीना नहीं देता और आये दिन शराब पीकर आता है और भद्दी–भद्दी गालियां देते हैं और मारते पीटते हैं और कहते हैं कि उक्त मकान हमारे नाम कर दो नहीं तो तुम्हे जान से मार देगें। अत: मैं अपने पूरे होशोहवास में अपनी चल अचल सम्पत्ति से अपने पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि वर्मा को बेदखल करती हूँ अगर किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना मेरे साथ घटित होती है तो उसकी सारी जिम्मेदारी पुत्र शिव राज वर्मा व बहू रूचि की होगी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **उमा देवी पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद ग्राम पो. मटका थाना एवं तहसील सलोन जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरे तीन पुत्र अजय कुमार, अजीत कुमार वैश्य व मंजीत कुमार हैं। मेरे दूसरे नंबर के पुत्र अजीत कुमार वैश्य और उनकी पत्नी रिया अग्रहरि का कार्य एवं व्यवहार अच्छा नहीं है। उनके गलत आचरण और परिजनों से आए दिन दुर्व्यवहार करने से तंग आकर अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उनके किसी भी कृत्यों से मेरा और मेरे परिवार के किसी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**बैठक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डिवली वि0ख0 बभनजोत जनपद गोण्डा के अर्न्तगत प्रस्तावित मस्त मत्स्य जीवी सहकारी समिति डिवलीडीह, ग्राम डिवलीडीह बभनजोत, गोण्डा की द्वितीय बैठक –17–06–25 को कराया जाना है। बैठक ग्राम के रहने वाले भग्गू के घर पर सायं –1 बजे कराया जाना तय पाया गया है। **मुख्य – प्रवर्तक मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड डिवलीडीह, बभनजोत गोण्डा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **रजनीश कुमार पुत्र स्व. हरिश्चंद्र ग्राम पूरे त्रिवेदी पो. राजा फत्तेपुर जिला अमेठी** का निवासी हूं। भारतीय जीवन बीमा निगम में मेरी पालिसी संख्या 218440315 है, जिसमें मेरा नाम राजेश कुमार लिखा है। मेरे आधार कार्ड और बैंक खाता में रजनीश कुमार अंकित है। राजेश कुमार और रजनीश कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं।

**कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर**

पत्रांक: 83/न0पं0दो0सुल0/2025–26 दिनाक 12/06/2025

**ई–निविदा सूचना**

नगरीय झील/तालाब/पोखर संरक्षण योजना के अन्तर्गत नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर में तालाब सौन्दर्यीकरण का कार्य कराये जाने हेतु सिविल ठेकेदारों से दिनांक 13.06.2025 से दिनांक 04.07.2025 को समय 12:30 तक ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 04.07.2025 को अपराहन 3:00 बजे नगर पंचायत दोस्तपुर सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेंगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। 10 प्रतिशत जमानत राशि एफडीआर, टीडीआर, केवीपी जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के पक्ष में अनुबन्धित होगी अथवा नगद धनराशि व निविदा शुल्क की नगद धनराशि नगर पंचायत दोस्तपुर के पंजाब नेशनल बैंक शाखा दोस्तपुर के खाता सं0– 8514000100062641 IFSC Code PUNB0851400 में जमा कर बैंक स्लिप टेक्निकल बिड के साथ में संलग्न करना आवश्यक होगा। टेक्निकल बिड कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर पर रखी सील्ड निविदा पेटिका में दिनांक 04.07.2025 तक समय 12:00 बजे तक डाली जानी आवश्यक होगी।

**निविदा की समय सारणी बेवसाइट etender.up.nic.in पर**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01. | बेवसाइट पर ई–निविदा की तिथि/समय | 13.06.2025 | 10 बजे |
| 02. | ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 13.06.2025 | 10 बजे |
| 03. | ई–निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 04.07.2025 | 12 बजे |
| 04. | ई–निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय | 04.07.2025 | 03 बजे |
| 05. | ई–निविदा की वित्तीय बिड खोलने की तिथि/समय | 04.07.2025 | 03 बजे |
| 06. | कार्य के निविदा स्कैन आर्नेस्टमनी एवं निविदा शुल्क की मूल प्रति कार्यालय नगर पंचायत मे जमा करने की अन्तिम तिथि/समय | 04.07.2025 | 12 बजे |


निविदा की नियम व शर्ते किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अथवा बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुलतानपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुलतानपुर

# बादल छाने से भीषण गर्मी से मिली राहत

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


आसमान में बादल छा जाने के बाद मौसम हुआ सुहावना। अमृत विचार

**अमृत विचारः** तेज धूप और उमस भरी गर्मी के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा दिखा। लोग छांव की तलाश में नजर आए। सार्वजनिक स्थलों पर भी भीड़ कम रही। हालांकि दोपहर बाद बादल छा जाने से लोगों ने राहत की सांस ली। धूल भरी आंधी और हवा चलने से मौसम सुहावना हो गया।

मौसम विभाग के अनुसार 13 जून से स्थिति में सुधार होने की उम्मीद है। 13 से 17 जून तक आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे। शाम या रात में हल्की बारिश और धूल भरी तेज हवाओं की संभावना है। गरज-चमक के दौरान हवाओं की गति 40-50 किमी प्रति घंटा रहेगी। यह अस्थायी रूप से 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इस दौरान अधिकतम तापमान में कमी आने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार फील लाइक तापमान तीन कारकों पर निर्भर करता है। इनमें तापमान, नमी और हवा की गति शामिल हैं।

# मुख्यमंत्री का जनपद में आज होने वाला दौरा हुआ रद

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को जनपद के दौरे पर आ रहे थे। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से सारी तैयारियां लगभग पूरीं कर लीं गईं थीं। वहीं जिला प्रशासन की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का जनपद में होने वाला दौरा रद कर दिया गया है। बता दें कि विधानसभा उपचुनाव के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह पहला दौरा होने था। इस दौरान मुख्यमंत्री जनपद में 1200 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का आयोजित समारोह में लोकार्पण और शिलान्यास करने आने वाले थे। साथ ही कृषक दुर्घटना बीमा के तहत 20 करोड़ की सहायता राशि के चेक 400 लाभार्थियों को देते। मुख्यमंत्री का श्रवण धाम जाने का भी कार्यक्रम प्रस्तावित था। इस कार्यक्रम को लेकर यहां भगवान श्रीराम के साथ शंकरजी और हनुमानजी की विशाल प्रतिमाएं स्थापित की गईं थीं।

**▸▸ शिवबाबा धाम में विकास परियोजनाओं के लोकार्पण की अधूरी रह गई आस**

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने मातहतों के साथ शिवबाबा धाम और श्रवण धाम का स्थलीय निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए निर्देश दिए। एक तरफ विकास की कई योजनाओं की सौगात जनपद को मिलने जा रही थी, वहीं दूसरी ओर नाम परिवर्तन की चर्चाओं ने सियासी गलियारों में हलचल मचा दी थी। जानकारी के मुताबिक कयास लगाए जा रहे थे कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनपद के कुछ महत्वपूर्ण स्थलों और संस्थानों के नाम बदलने की घोषणा कर सकते हैं। इसमें अकबरपुर बस स्टेशन और कुछ अन्य सार्वजनिक स्थानों के नाम शामिल हैं। हालांकि अभी तक जिला प्रशासन या सरकार की ओर से इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर गुरुवार को जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मुख्यमंत्री शिवबाबा धाम में पूजा-अर्चना के बाद लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से जुड़ी सौगातें देंगे। इसके साथ ही करीब 12 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण का कार्यक्रम भी प्रस्तावित था। हालांकि जिला प्रशासन ने सीएम का दौरा रद होने की पुष्टि की है।


मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर शिवबाबा धाम में जिम्मेदार अधिकारियों से जानकारी लेते जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला व एसपी केशव कुमार। अमृत विचार

## एक नजर

### दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बसखारी, अंबेडकरनगर :** बसखारी थानाक्षेत्र में एक पांच वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी 65 वर्षीय चूड़ी व्यापारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बता दें कि कटका थाना क्षेत्र के न्योरी गांव निवासी सादिक अली बसखारी थाना क्षेत्र के कौड़ाही में चूड़ी की दुकान चलाता है। बुधवार को देर शाम दुकान पर शैम्पू लेने गई पांच वर्षीय बच्ची को आरोपी ने बहाने से अंदर बुलाया और इसके बाद उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। काफी देर तक खोजबीन के बाद पीड़िता ने घर जाकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। परिजनों ने तुरंत डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। दो समुदायों से जुड़े इस मामले में तनाव की आशंका को देखते हुए पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सादिक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है।

### चक्कर खाकर गिरा बाइक सवार युवक, मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर अकबरपुर मार्ग पर पट्टी चौराहे के पास चक्कर खा कर गिरे बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। बता दें कि नगर जलालपुर के छाछु मोहल्ला निवासी गोवर्धन सोनी पुत्र स्व. लल्लू सोनी बाइक से अपने ननिहाल अयोध्या जा रहा था। इसी बीच जैसे वह पट्टी चौराहे के समीप पहुंचा तो वह चक्कर खा कर गिर गया और बेहोश हो गया। परिजन उसे चिकित्सक के पास ले गए, जहां चिकित्सकों ने देर रात उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### असलहे के साथ लूट का आरोपी गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** जौनपुर के शाहगंज थाना में लूट समेत कई अन्य धाराओं में वांछित बदमाश को जलालपुर पुलिस ने अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। कोतवाल जलालपुर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के नवानगर से शाहपुर फिरोजपुर निवासी गोलू उर्फ रोशन को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उस के पास से एक अदद तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस बरामद हुआ। जिस के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के ऊपर पूर्व में एक दर्जन से अधिक धाराएं पंजीकृत हैं।

### एमएलसी ने नाम बदलने के लिए भेजा पत्र

**जलालपुर, अंबेडकरनगर :** तमसा श्रेष्ठ ट्रस्ट के अध्यक्ष केशव प्रसाद श्रीवास्तव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को जलालपुर तहसील ब्लॉक और नगर का नाम पल्टू साहब धाम रखने के लिए एमएलसी हरिओम पांडे के द्वारा पत्र भेजा है। प्रेषित प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि जलालपुर नगर पौराणिक तमसा नदी के तट पर स्थित है, इसका अपना एक महत्व है यह संत पलटू दास की कर्मस्थली है, इसलिए इसका नाम बदलकर पलटू साहब धाम किया जाना जनहित व न्याय उचित है।

# सात पीढ़ियों तक रहती है शिक्षा: हरिओम

## एमएलसी और जिला पंचायत अध्यक्ष ने समारोह में यूपी बोर्ड के मेधावियों को किया सम्मानित

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर


मेधावियों के साथ मौजूद एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय व जिपं अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा।

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जनपद के 10वीं और 12वीं के टॉपरों को गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समारोह पूर्वक सम्मानित किया। एमएलसी हरिओम पांडेय ने 10वी और 12वीं के नौ-नौ मेधावी विद्यार्थियों को 21-21 हजार रुपये का प्रतीकात्मक चेक, एक टैबलेट, मेडल, प्रशस्ति पत्र और एक डिक्शनरी देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने के बाद में मेधावी विद्यार्थियों में काफी खुशी देखने को मिला। इस दौरान उन्होंने कहा कि कहा कि शिक्षा सात पीढ़ियों तक रहती है, इसीलिए सरकार शिक्षा के ऊपर जोर दे रही है।

सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा उर्फ साधू वर्मा ने की। डॉ. प्रियंका तिवारी के संचालन में आयोजित सम्मान समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। संगीत नाट्य अकादमी की सदस्य उपमा पांडे के निर्देशन में लड़कियों ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। तत्पश्चात सम्मान समारोह के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक गिरीश कुमार सिंह ने संक्षिप्त जानकारी दी। इससे पहले लखनऊ के लोक भवन में राज्य स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में मेधावी विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने देखा। सभी मेधावी विद्यार्थियों को चेक, मेडल, प्रशस्ति पत्र और अंग्रेजी की डिक्शनरी देकर मुख्य अतिथि हरिओम पांडेय और जिला पंचायत अध्यक्ष साधू वर्मा ने सम्मानित किया। एमएलसी हरिओम पांडेय ने कहा कि शिक्षा सात पीढ़ियों तक रहती है, इसीलिए सरकार शिक्षा के ऊपर जोर दे रही है। वर्तमान सरकार के नकल विहीन परीक्षा के माध्यम से वास्तविक मेधावी सामने आ रहे हैं, जिनको सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी को सम्मान मिलता है तो उसके अंदर और भी अधिक ऊर्जा आ जाती है और दोगुनी उत्साह के साथ कार्य करता है। इस दौरान प्रमुख रूप से डीसी माध्यमिक जितेंद्र पांडे, जीजीआईसी अकबरपुर के प्रधानाचार्य हरेंद्र प्रताप यादव, यदुनाथ यादव, विवेक पटेल, रणविजय कुमार, रंजना, सत्यवती देवी, प्रकाश त्रिपाठी, डॉरिंका सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राजेश जायसवाल, अतुल त्रिपाठी समेत विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने सक्षम व अदिति सिंह को किया सम्मानित

यूपी बोर्ड की प्रदेश की मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले इंटरमीडिएट की जनपद की टॉपर सक्षम तिवारी और हाईस्कूल की टॉपर अदिति सिंह को लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक लाख रुपये का चेक, टैबलेट, मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। दोनों ही मेधावी छात्राओं को सम्मान समारोह में सम्मिलित कराने के लिए जनपद की राजकीय हाईस्कूल फरीदपुर कुतुब की प्रधानाचार्य डॉ. तारा वर्मा गईं थी। उनके साथ छात्राओं के अभिभावक और शिक्षक भी गए थे।

### इन मेधावियों को किया गया सम्मानित

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान हाईस्कूल के मेधावी छात्र अपूर्व, सुचित तिवारी, अस्मित पाण्डेय, शिवांशु, साक्षी यादव, आदित्य यादव, रिषिका गुप्ता, दृष्टि सिंह और श्रेयशी मौर्या और इंटरमीडिएट की मेधावी छात्रा प्रतिका सिंह, दृष्टि सिंह, शुभम यादव, मोहम्मद अरीब, आस्था विश्वकर्मा, कौशल कुमार, सर्वेश रूबी और तन्मय जायसवाल आदि को सम्मानित किया गया।

### रेलवे स्टेशन के बाहर अचेतावस्था में मिले युवक की मौत

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मालीपुर थाना क्षेत्र के मालीपुर रेलवे स्टेशन के बाहर बुधवार की देर रात एक युवक अचेतावस्था में मिला। जिसे ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर युवक की पहचान के लिए कार्रवाई शुरू कर दी। बता दें कि बुधवार रात मालीपुर रेलवे स्टेशन के बाहर एक 32 वर्षीय युवक जिसकी पहचान नहीं हो पाई है अचेतावस्था में पड़ा था। जहां भाजपा बूथ अध्यक्ष राहुल गुप्ता समेत अन्य ग्रामीण पहुंचे और उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची जलालपुर पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पपोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# घाघरा नदी में दो युवकों की डूबने से मौत

संवाददाता, आजमगढ़


घटना के बाद रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले के रौनापार थाना क्षेत्र के घाघरा नदी में नहाने गए दो युवकों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों की पहचान महुला गांव निवासी सुधांशु राय और धनौली निवासी अभिषेक राय के रूप में हुई है। दोनों युवक सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे थे। हादसे से दोनों परिवारों में कोहराम मचा है।

बृहस्पतिवार की सुबह करीब 5 बजे महुला गांव के कई युवक घाघरा नदी में नहाने गए थे। इनमें सुधांशु, अभिषेक, कार्तिक, सब्बी, निखिल, किशन और सिंटू शामिल थे। गांव से लगभग तीन किलोमीटर दूर पश्चिम घाघरा नदी में नहाने के दौरान सुधांशु और अभिषेक गहरे पानी में चले गए। स्थानीय निवासी ज्ञान निषाद ने उन्हें गहरे पानी में जाने से मना किया था, लेकिन दोनों युवक नहीं रुके। काफी तलाश के बाद सुबह नौ बजे गोताखोरों ने दोनों शव घटनास्थल से 200 मीटर दूर बरामद किया। सुधांशु राय अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं अभिषेक राय भी अपने घर का इकलौता पुत्र था। वह अपने ननिहाल महुला में जोगिंदर राय के यहां रहता था। दोनों परिवारों में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलते ही रौनापार थाना अध्यक्ष अनुपम जायसवाल और नायब तहसीलदार सगड़ी मौके पर पहुंचे। शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन ने बताया कि दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है, आगे जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

**▸▸ दोनों युवक अपने माता-पिता के थीं इकलौते संतान**

# घर बिकाऊ है का पोस्टर लगाकर ग्रामीणों ने दी पलायन की धमकी

संवाददाता, आजमगढ़


बम्हौर गांव के छोटा पूरा में घरों के दीवार पर घर बिकाऊ है के लगे पोस्टर।

**अमृत विचारः** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के बम्हौर गांव के छोटा पूरा में रहने वाले ग्रामीणों ने अपने घरों पर मकान बिकाऊ के पोस्टर लगा दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि धर्म विशेष के लोगों द्वारा आए दिन उन लोगों को मारपीट, गाली-गलौज और प्रताड़ना का सामना करना पड़ता है, जिसके चलते वे पलायन करने को मजबूर हैं। इस गांव में एक वर्ग के करीब 40 परिवार रहते हैं, जो अब अपने घर बेचकर दूसरी जगह जाने की तैयारी में हैं।

बीते तीन जून को बम्हौर गांव के छोटा पूरा में लावा परक्षन के दौरान धर्म विशेष के युवकों ने डांस कर रही महिलाओं और लड़कियों के डांस का वीडियो बनाया, साथ ही महिलाओं के साथ छेड़खानी की। जिसका विरोध करने पर दोनों पक्षों में मारपीट हुई, जिसमें आठ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर लगभग आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि इसके बावजूद उनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पूजा-पाठ, शादी-ब्याह जैसे मौकों पर हमें परेशान किया जाता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास घर बेचकर जाने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो पुलिस और न ही जिला प्रशासन उनकी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करता है। तीन जून की घटना के बाद गिरफ्तारियों के बावजूद गांव में तनाव बरकरार है। वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि आरोपियों द्वारा उन्हें आए दिन धमकियां मिलती हैं, जिससे वे डरे हुए हैं।

उधर, मुबारकपुर थाना प्रभारी निहान नंदन ने बताया कि तीन जून की घटना के बाद दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था और कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया गया। उन्होंने कहा कि गांव में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस गश्त कर रही है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

## सार-संक्षेप

### ब्लॉक और मंडल स्तर के संगठन बनाने पर जोर


कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान में मौजूद जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव व अन्य।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन अभियान विधानसभा जलालपुर के शीतला मठिया मंदिर में संपन्न हुआ। कांग्रेस पाटी के जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, जिला कोऑर्डिनेटर विजय पांडे के नेतृत्व में ब्लॉक और मंडल स्तर के संगठन बनाने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौजूदा समय में चारों तरफ समस्याएं व्याप्त हैं। शिक्षा, रोजगार, अस्पताल समेत तमाम समस्याएं हैं और आज जनपद में आए दिन हत्या, बलात्कार जैसे जघन्य अपराध हो रहे हैं, लेकिन सरकार इस पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, संजय यादव, राजकुमार अग्रहरि, तौसीफ अहमद, अब्बू शाह, रमजान हकीम, विपिन कुमार, जितेंद्र भारती, कुलदीप नारायण श्रीवास्तव, डॉक्टर आरपी कौशल समेत सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित होकर संगठन सृजन अभियान के कार्यक्रम को सपुल बनाया और कांग्रेस पार्टी के विस्तार एवं संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए दृढ़ संकल्प लिया।

### विधायक त्रिभुवन दत्त ने सीसी रोड का किया लोकार्पण

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के आलापुर विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड रामनगर के ग्राम सभा न्योरी में मंडल क्षेत्र विकास निधि से निर्मित सीसी रोड का उद्घाटन सपा के राष्ट्रीय सचिव और आलापुर के विधायक त्रिभुवन दत्त ने किया। बता दें कि 16.5 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में ग्रामवासियों और कार्यकर्ताओं ने विधायक का फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया। विधायक त्रिभुवन दत्त ने कहा कि इस मार्ग से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि आलापुर विधानसभा क्षेत्र के गांवों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जा रहा है। इस मौके पर अरुण मौर्य, शमशाद फारुकी, कदीर आलम, सैय्यद इंतखाब आलम, रविंद्र यादव, राहुल दत्त यशवर्धन समेत कई लोग मौजूद रहे।


न्योरी में सीसीरोड का लोकार्पण करते सपा विधायक त्रिभुवन दत्त व अन्य।

### 42 दिव्यांगजनों को दिया गया सहायक उपकरण

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद के विकास खंड कटेहरी में सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 42 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किए गए। बता दें कि भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को कानपुर द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, कान की मशीन और बैशाखी वितरित की गईं। शिविर की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख अनिल कुमार वर्मा और प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश सिंह ने की। परियोजना निदेशक अनिल कुमार सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी प्रतिभा यादव और खंड विकास अधिकारी हौसला प्रसाद मौजूद रहे। प्रभारी सहायक विकास अधिकारी शिवेश त्रिपाठी ने लाभार्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन कर उन्हें सहायक उपकरण वितरित किया। ब्लॉक प्रमुख मौसम वर्मा ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है।

### बाल श्रम निषेध दिवस पर रैली निकाल कर किया जागरूक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जनपद में जन विकास संस्थान और जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रम विभाग के नेतृत्व में फौब्बारा तिराहा से पुरानी तहसील तक जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक श्रमायुक्त राज बहादुर यादव ने बाल श्रम को अमानवीय और कानूनी अपराध बताया। उन्होंने श्रम विभाग की सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राम नायक वर्मा ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और पॉक्सो अधिनियम पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में श्रम प्रवर्तन अधिकारी कमलेश कुमार सिंह, जन विकास संस्थान के प्रोजेक्ट मैनेजर अवधेश कुमार, नीति आयोग से आलोक द्विवेदी समेत लक्ष्मी, राम प्यारे और संजय ने विचार रखे। संगोष्ठी में 48 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। श्रम विभाग ने इस अवसर पर विशेष अभियान चलाकर बाल श्रमिकों को मुक्त कराया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनपद को बाल श्रम से मुक्त बनाना था। स्वैच्छिक संस्थाओं को बाल अधिकारों के प्रति और अधिक जागरूक करने पर जोर दिया गया।

### जिलाधिकारी ने की आवास योजना की समीक्षा


समीक्षा बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी एवं पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर (पीएम स्वनिधि) योजना के अन्तर्गत लोन के लिए आवेदन किये गये ऐसे आवेदकों को लोन की द्वितीय किस्त जारी किया जाए, जो नियम व शर्त पूरी कर रहे हों। उन्होने कहा कि द्वितीय एवं तृतीय लोन के आवेदकों को अधिशासी अधिकारी बुलायें तथा बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर लोन दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिस ईओ के पास अधिक नगर पंचायतों का प्रभार है तथा अपेक्षित प्रगति नही कर पा रहे हैं, उनके स्थान पर कम प्रभार वाले तेज तर्रार ईओ को चार्ज दिया जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की समीक्षा करते हुए कहा कि पीएम आवास योजना शहरी 2.0 के अन्तर्गत प्राप्त हुए आवेदनों के प्रमाण पत्र की जांच उप जिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी न.पा. व न.पं. आपसी समन्वय स्थापित कर सत्यापन करें, सही पाये जाने उसका डीपीआर बनाकर अपलोड करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि.रा. गम्भीर सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, प्रभारी अधिकारी डूडा, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

**आयोजन** — कार्यक्रम में केंद्र सरकार के 11 साल के बेमिसाल कार्यकाल पर मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष ने डाला प्रकाश

# देश के किसान हैं भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ : कमलेश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा। अमृत विचार

**अमृत विचारः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे केंद्र सरकार के 11 साल के बेमिसाल कार्यकाल पर जनपद में भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी के मार्गदर्शन और अभियान जिला संयोजक जिला उपाध्यक्ष डॉ. राना रणधीर सिंह के संयोजन में गुरुवार को मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा की उपस्थिति में जिला कार्यालय अटल भवन में प्रेस वार्ता, केंद्र सरकार की 11 साल के उपलब्धियों पर प्रदर्शनी और लोहिया भवन में प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

भाजपा जिला कार्यालय में मुख्य अतिथि कमलेश मिश्र ने भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, एमएलसी डॉ. हरिओम पाण्डेय, पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय, विधायक धर्मराज निषाद, डॉ. राना रणधीर सिंह, मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय के साथ प्रेस वार्ता और लोहिया भवन में प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 11 वर्षों की जो अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल किया है, वह स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ देश के किसान हैं। भारत विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था से तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश देश के अन्नदाता किसानों के बल पर शीघ्र बनने वाला है। देश की सुरक्षा व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए देश में स्वदेशी रक्षा प्रणाली और आयुध हथियार बनाने में देश आत्मनिर्भर बन रहा है।

**कार्यक्रम में यह भी रहे उपस्थित :** उपरोक्त कार्यक्रमों में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह मिंटू, पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा, राम प्रकाश यादव, ज्ञान सागर सिंह, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, रमा शंकर सिंह, पूर्व विधायक त्रिवेणी राम, अनीता कमल, चेयर मैन चंद्र प्रकाश वर्मा, ब्लॉक प्रमुख आनंद वर्मा, त्रिभुवन नाथ, अनिल वर्मा, बार अध्यक्ष केडी मिश्र, जिला उपाध्यक्ष डॉ. रजनीश सिंह, रमेश चंद्र गुप्ता, बाबा राम शब्द यादव, दिलीप पटेल देव, सुरेश कन्नौजिया, रिंकू उपाध्याय, विनय पाण्डेय, पंकज वर्मा मण्डल अध्यक्ष के साथ ही समाज के विभिन्न प्रबुद्ध वर्ग के लोगों की बड़ी संख्या में भागीदारी रही।

### भाजपा समाज के लिए समर्पित भाव से कर रही काम

प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहित उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी ने कहा कि 11 साल की कार्यकाल में केंद्र सरकार ने विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित है। भाजपा एक राजनीतिक दल के रूप में समाज के लिए समर्पित भाव से काम करते हुए देश को नई दिशा देने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के अधिवक्ता, डाक्टर, इंजीनियर और शिक्षा विद्वानों ने देश की उन्नति और समाज को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रितेश पाण्डेय और विधायक धर्म राज निषाद ने भी अपने विचार रखे। आभार कार्यक्रम संयोजक डॉ. राना रणधीर सिंह ने और संचालन जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह ने किया।

## एक नजर

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में कपड़े की दो दुकानें राख

**उतरौला, बलरामपुर।** बरदही बाजार में एक भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। गुरुवार देर रात राम जी साड़ी सेंटर एंड प्रजापति वस्त्रालय नामक दुकान में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई, जिससे दुकान में रखा सारा कीमती कपड़ा जलकर खाक हो गया। दुकान मालिक रामललन प्रजापति के अनुसार, आग में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। स्थानीय प्रशासन और अग्निशमन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। व्यापार मंडल ने प्रशासन से मांग की है कि दुकान मालिक को उचित मुआवजा दिया जाए और बाजार में बिजली व्यवस्था की नियमित जांच की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।

### रेल पटरी के समीप मिला बच्चे का शव

गोंडा, अमृत विचार : रेलवे की बन रही नयी रेल लाइन के समीप लगभग दो वर्ष नवजात का शव पड़ा होने की सूचना पर जीआरपी में पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जीआरपी के मुताबिक स्टेशन अधीक्षक जरवल रोड ने सूचना दिया कि किमी संख्या 703/ 18 निर्माणाधीन तीसरी लाइन व प्लेटफार्म के बीच डेढ़ दो वर्ष लड़के का शव चद्दर में लपेटकर पड़ा है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जीआरपी ने फोर्स के मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का नियमनुसार पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये शव भेजा है। जीआरपी जांच में जुटी हुई है।

### प्लेटफार्म पर छूटा बैग परिजनों को सौंपा

**गोंडा :** धानेपुर के आगा पुरवा गांव की रहने वाली खुशनुमा बानो बीते 27 मई को कुशीनगर एक्सप्रेस से मुंबई के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन पकड़ने की जल्दबाजी में उसका ट्राली बैग प्लेटफार्म नंबर एक पर ही छूट गया था। प्लेटफार्म पर आरपीएफ के ऑन ड्यूटी बीट स्टाफ ने जब बैग को लावारिस हालत में देखा और उसे कब्जे में लेकर उसकी जांच की तो बैग के भीतर मार्कशीट, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, पुराने कपड़े तथा एक पर्ची जिस पर मोबाइल नंबर 9919396406 लिखा हुआ था पाया गया। आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिरुद्ध राय ने बताया कि जब मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो उसे वकील अहमद ने रिसीव किया।

### ऋषभ ने पास की गेट परीक्षा



**मनकापुर (गोंडा)।** जिले के युवा प्रतिभा ऋषभ तिवारी ने अपनी मेहनत, लगन और संकल्प से गेट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा उत्तीर्ण कर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे जनपद का गौरव बढ़ाया है। अब उन्हें देश के शीर्ष तकनीकी संस्थानों में से एक आईआईटी कानपुर में प्रवेश मिला है। पिऋषभ ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता अखिलेश तिवारी माता संगीता तिवारी बाबा कैलाश नाथ तिवारी और परिवार के अन्य सदस्यों को दिया।

### अंतर्राष्ट्रीय गोष्ठी में योग के महत्व पर की गई चर्चा

**बलरामपुर।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर और एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर के बीएड विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के तीसरे दिन महाविद्यालय सभागार में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय "योग ज्ञान व अनुभव का संगम" था। कार्यक्रम के अध्यक्ष मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने ऑनलाइन माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि योग चित्त वृत्ति निरोध का ज्ञान आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि हज़ारों साल पहले था। योग प्रशिक्षक डॉ वीरेन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि योग का उद्देश्य मन की व्याकुलता और अशांति की प्रवृत्ति को नियंत्रित करना है।

### तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन शीघ्र होगा संचालित

**बलरामपुर।** तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन के निर्माण हेतु शासन द्वारा लोक निर्माण विभाग की 02 हेक्टेअर भूमि उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के पक्ष में प्रदान किए जाने की सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जनपद के भ्रमण के दौरान शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर में लगने वाले चैत्र एवं शारदीय नवरात्रि के दौरान श्रद्धालुओं के आगमन एवं स्थानीय लोगों की सुविधा के दृष्टिगत बस स्टेशन की आवश्यकता देखते हुए तहसील तुलसीपुर में बस स्टेशन के निर्माण हेतु निर्देश दिया गया था। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में डीएम पवन अग्रवाल द्वारा भूमि उपलब्ध कराए जाने के लिए शासन में पत्राचार किया गया।

# भीषण गर्मी से लोग बेहाल



ट्यूबवेल चलाकर गर्मी से निजात पाने की कोशिश करते लोग। अमृत विचार

संवाददाता, उतरौला, बलरामपुर

**अमृत विचार।** जून की तपती दोपहरी और आसमान से बरसती आग जैसी धूप ने उतरौला क्षेत्र को झुलसा कर रख दिया है। 42 से 44 डिग्री तापमान ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गांव-देहात से लेकर नगर तक हर ओर एक ही गुहार है, "हे ईश्वर! तू पानी दे, भरी गगरिया खाली है।"

भीषण गर्मी से आम आदमी परेशान है, वहीं पशु-पक्षी भी प्यास से तड़प रहे हैं। कई तालाब और कुएं सूख चुके हैं, हैंडपंपों से पानी की धार कमजोर हो गई है, और नहरों में जल का नामोनिशान नहीं है। गर्मी के इस कहर ने हर वर्ग को प्रभावित किया है - किसान, मजदूर, महिलाएं, बच्चे, वृद्ध – सभी परेशान हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि न तो कोई विशेष राहत की व्यवस्था की गई है, न ही प्रशासन की ओर से पेयजल आपूर्ति के लिए टैंकर आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनप्रतिनिधियों का भी इस संकट पर कोई सक्रिय हस्तक्षेप दिखाई नहीं दे रहा।

उतरौला के नागरिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अविलंब जल आपूर्ति की विशेष व्यवस्था की जाए, सूखते तालाबों की सफाई व पुनर्भरण किया जाए, और गांवों में पानी के टैंकर पहुंचाए जाएं। साथ ही, जल संरक्षण को लेकर भी गंभीर प्रयास किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की स्थिति का सामना न करना पड़े।

# दीक्षारंभ से होगा मां पाटेश्वरी विवि के शैक्षिक सत्र का शुभारंभ

संवाददाता, बलरामपुर

**पठन-पाठन**

▸▸ महाविद्यालयों में लागू होगी नई शिक्षा नीति

**अमृत विचार।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय से संबद्ध 167 महाविद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ इस वर्ष जुलाई से दीक्षारंभ कार्यक्रम के साथ किया जाएगा। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने सभी महाविद्यालयों को निर्देशित किया है कि नई शिक्षा नीति 2020 की सख्ती से अनुपालना की जाए और समयबद्ध शैक्षिक गतिविधियां सुनिश्चित हों।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई 26 जुलाई से प्रारंभ होगी। इसके लिए प्रवेश पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून तय की गई है। एक जुलाई से महाविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

26 से 30 जुलाई के बीच विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यार्थियों को पठन-पाठन प्रणाली, पाठ्यक्रम की रूपरेखा और करियर मार्गदर्शन से संबंधित जानकारी दी जाएगी।

शासन की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार, प्रथम सेमेस्टर का शिक्षण कार्य 1 नवंबर तक संपन्न किया जाएगा। इसके बाद 10 नवंबर तक प्रायोगिक परीक्षाएं और 11 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच लिखित परीक्षाएं आयोजित होंगी। शीतकालीन अवकाश 21 दिसंबर से 5 जनवरी तक रहेगा। परीक्षा परिणाम 5 जनवरी को घोषित किए जाएंगे। कुलपति ने सभी महाविद्यालयों से आग्रह किया है कि वे निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सत्र की शुरुआत और शिक्षण व्यवस्था की तैयारियों को पूर्ण करें। ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

# बिजली कटौती के खिलाफ लोगों ने किया प्रदर्शन

## भगवतीगंज विद्युत उपकेंद्र पहुंचकर किया चक्काजाम

संवाददाता, बलरामपुर



बिजली कटौती के खिलाफ नगर के वीर विनय चौराहे पर धरना देते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानीय नगर में लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान लोगों ने बुधवार रात मे भगवतीगंज विद्युत उपकेंद्र पर पहुंचकर चक्का जाम कर दिया और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों में हेमांक मिश्रा, निर्मल मिश्रा, मनीष तिवारी, प्रदीप वर्मा, विशाल चौहान, गुड्डू तिवारी, आनंद चौहान, शिवम चौहान, निशांत चौहान सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बिजली आपूर्ति बहाल करने की मांग की। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही पुलिस अधीक्षक विकास कुमार और कोतवाल मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझा-बुझाकर शांत कराया। एसपी के आश्वासन के बाद लोग सड़क से हट गए।

लेकिन इसके बाद भी जब बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हुई तो नाराज लोग पावर हाउस के मुख्य गेट पर धरने पर बैठ गए। अधिकारियों ने यह कहकर तीन घंटे के लिए बिजली बहाल की कि अभी तीन घंटे के लिए दे रहे हैं, लेकिन आधे घंटे बाद ही बिजली फिर से कट गई। इससे लोगों में और भी आक्रोश फैल गया।

सामाजिक कार्यकर्ता वैष्णवी सिकरवार और मोहल्ला गदुरहवा के सभासद मोनू शारिब की अगुवाई में लोगों ने वीर विनय कायस्था की मूर्ति के सामने प्रदर्शन किया और उसके बाद पावर हाउस का घेराव कर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों को शाम तक विद्युत आपूर्ति की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया।

वैष्णवी सिकरवार धरने पर बैठ गई हैं और उनका कहना है कि जब तक विद्युत व्यवस्था सही नहीं हो जाएगी, वह धरने से नहीं उठेंगी। लोगों का आक्रोश और प्रदर्शन जारी है, और वे बिजली विभाग से समस्या का समाधान करने की मांग कर रहे हैं।

### विद्युत कटौती पर मजदूर सभा ने जताया आक्रोश

जिले में हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में समाजवादी मजदूर सभा ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में अपर जिलाधिकारी न्यायिक को सौंपा। इस अवसर पर विधायक गैंसड़ी राकेश यादव ने अध्यक्षता की और जिलाध्यक्ष समाजवाद मजदूर सभा बलरामपुर विशाल श्रीवास्तव ने नेतृत्व किया।

विशाल श्रीवास्तव ने बिजली विभाग की लापरवाही और सुस्त रवैये की निंदा करते हुए कहा कि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी तानाशाही का रवैया अपना रहे हैं और सरकार के 24 घंटे बिजली आपूर्ति के आदेश को नजरअंदाज कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर आगामी 48 घंटों में बिजली समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वे दो दिवसीय भूख हड़ताल करने को मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन और जिला प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में संजय तिवारी, महेंद्र विक्रम अकेला, मोईन खान, गणेश यादव, क्षमिल श्रीवास्तव, सफीउल्लाह खां, राम बहादुर यादव आदि शामिल थे।

### पुलिस ने एक लाख रुपये की चोरी का किया खुलासा

**बलरामपुर।** पुलिस ने थाना श्रीदत्तगंज क्षेत्र में हुई 1 लाख रुपये की चोरी की घटना का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में अंतर्जनपदीय अभियुक्त राम स्वरूप को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 7500 रुपये नगद बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त राम स्वरूप पर विभिन्न थानों में 30 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें चोरी, लूट, और आयुध अधिनियम के मामले शामिल हैं। अभियुक्त ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर इस चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में गिरफ्तारी हुई।

# नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म कर फरार आरोपी पिता गोंडा में गिरफ्तार

▸▸ असम के कोकराझार से फरार आरोपी को आरपीएफ ने दबोचा

**गोंडा, अमृत विचारः** असम के कोकराझार जिले के रहने वाले एक दुष्कर्म के आरोपी को गोंडा आरपीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। मामले में केस दर्ज होने के बाद वह फरार हो गया था।

असम प्रांत के कोकराझार जिले के पुलिस अधीक्षक पृथ्वीराज राजखोवा के मुताबिक कोकराझार थाना क्षेत्र के रहने वाले 42 वर्षीय ऐनुल हक पुत्र समर अली के खिलाफ उसकी नाबालिग बेटी ने दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि ऐनुलहक अपना नाबालिग बेटी संग जबरन दुराचार करता था। जब वह गर्भवती हो गयी तो आरोपी ने उसे एक प्राइवेट अस्पताल ले जाकर उसका गर्भपात करा दिया। इस मामले में उसकी पीडिता बेटी ने ऐनुलहक के खिलाफ कोकराझार थाने में दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद आरोपी ऐनुलहक फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश में थी। बृहस्पतिवार को आरोपी की लोकेशन गोंडा रेलवे स्टेशन के पास मिली तो असम पुलिस ने आरपीएफ इंस्पेक्टर अनिरुद्ध राय से संपर्क किया। इसके बाद आरपीएफ टीम एक्टिव हो गयी। कुछ ही देर में टीम ने आरोपी ऐनुलहक को दबोच लिया। आरपीएफ पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय ने बताया कि लिखा पढ़ी के बाद दुष्कर्म के आरोपी ऐनुलहक को असम के कोकराझार जिले की पुलिस को सौंप दिया गया है। असम के कोकराझार जिले के एसपी पृथ्वीराज राजखोवा ने एक प्रशस्ति पत्र पोस्ट कमांडर अनिरुद्ध राय को दिया।



पकड़ा गया दुष्कर्म का आरोपी।

### चीनी मिल मजदूर संघर्ष समिति ने दिया धरना उठाई आवाज

**गोंडा :** चीनी मिल मजदूर संघर्ष समिति ने उपश्रमायुक्त के कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी किया। धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता सुधांशु प्रताप सिंह ने किया। संचालन आनंद प्रकाश त्रिपाठी ने किया। मजदूर नेता सत्यनारायण तिवारी ने कहा कि चीनी मिलों में काम करने वाले श्रमिकों को वेतन बोर्ड के अनुसार वेतन नहीं दिया जा रहा है, जिससे उन्हें लगभग 10 से 50 हजार रुपये तक कम वेतन मिल रहा है। मजदूर काफी समय से वेज बोर्ड की मांग कर रहे हैं, लेकिन उनकी इस मांग पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उन्होंने ने कहा की चीनी मिलें श्रमिकों का शोषण कर रही हैं और अब उनकी मनमानी नहीं चलेगी। सीटू के प्रदेश अध्यक्ष तो कौशलेंद्र पांडे ने कहा कि पूंजी पतियों के खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। ईश्वर शरण शुक्ल ने कहा कि यदि मिल कर्मचारियों की समस्याओं को नहीं सुनती है तो आर पार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

# कांग्रेस खत्म व समाजवादी पार्टी बन चुकी है समाप्तवादी पार्टी : रजनी

▸▸ भाजपा कार्यालय पर प्रेस वार्ता में उच्च शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस व सपा पर जमकर साधा निशाना

**गोंडा, अमृत विचार :** केंद्र में भाजपा सरकार के 11 साल पूरे होने पर पार्टी की ओर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंची प्रदेश सरकार की उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी ने सपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

गुरुवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तल्ख टिप्पणी की। सपा प्रमुख की ओर से केंद्र के 11 व राज्य सरकार के आठ साल के कामकाज का हिसाब मांगने वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि उनकी हालत खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी हो गई है। उन्हें खुश होना चाहिए कि आज प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज है। उनके सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थी। बेटियों के पढ़ने या काम पर जाने के बाद घर वालों को चिंता होती रहती थी, लेकिन आज बेटियां पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव के इन्हीं विचारधारा के कारण उनकी पार्टी समाप्तवादी पार्टी बन चुकी है। कांग्रेस पूरी तरीके से खत्म हो चुकी है। उनके व्यवहार व नीतियों के कारण उनका अस्तित्व समाप्त हो चुका है। पत्रकार वार्ता के दौरान पूर्व मंत्री व मनकापुर के विधायक रमापति शास्त्री, पयागपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी, गौरा विधायक प्रभात वर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष सूर्य नारायण तिवारी केके श्रीवास्तव मौजूद रहे।




पत्रकार वार्ता करतीं मंत्री रजनी तिवारी साथ में विधायक व संगठन के पदाधिकारी।

**उत्साहवर्धन** कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना

# मेधावियों को मिले 21 हजार प्रोत्साहन राशि और टैबलेट

**बलरामपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन द्वारा लखनऊ में केंद्र एवं राज्य बोर्ड में मेरिट में आने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

कार्यक्रम में मेधावी छात्र-छात्राओं ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना। विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला एवं डीएम पवन अग्रवाल द्वारा हाई स्कूल की मेरिट में आने वाले छात्र प्रीति सिंह कन्या इंटर कॉलेज, विश्वास पटेल सदगुरु शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, अरशद वारसी खान, गवर्नमेंट इंटर कॉलेज गैंसडी, अनामिका मिश्रा बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, मनोज कुमार मौर्य, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, अंश दुबे स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेजउतरौला, महिमा गुप्ता स्कॉलर एकेडमी इंटर कॉलेज उतरौला, गिरजेंद्र पटेल बलरामपुर सिटी मोंटसरी इंटर कॉलेज, अमरनाथ शुक्ला बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटरकॉलेज, युवराज सिंह यादव गवर्नमेंट इंटर कॉलेज गैंसडी, कोमल एसवीबीपी जीआईसी, अनामिका कसौधन बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज तथा इंटरमीडिएट के मेरिट में आने वाले छात्र छात्राएं दिव्यांश तिवारी एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज कॉलेज, जैनब खान बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, साक्षी पांडे बीपीएसआईसी रेहरा बाजार, आदर्श उपाध्याय सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज, शिवांगी कौशल, एसएस चौधरी इंटर कॉलेज, प्रिंसी उपाध्याय बलरामपुर सिटी मांटेसरी इंटर कॉलेज, अमरजीत मिश्रा, एम वाई उस्मानी इंटर कॉलेज, लकी दूबे सुंदर दास रामलाल इंटर कॉलेज, फातिमा जामिया बतूलउलूम इंटर कॉलेज, अंकित कुमार कसौधन बी आर कन्या इंटर कॉलेज, हर्ष पांडे ईसावस्यम इंटर कॉलेज को 21 हजार की प्रोत्साहन राशि, टैबलेट, मेडल देकर सम्मानित किया गया।



बोर्ड के मेधावियों को प्रोत्साहन राशि और टैबलेट प्रदान करते विधायक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### उतरौला प्रदर्शनी मेला नागरिकों के लिए परेशानी का सबब



उतरौला नगर में लगी प्रदर्शनी जिससे हो रही परेशानी। अमृत विचार

**उतरौला, बलरामपुर।** मोहम्मद यूसुफ उस्मानी इंटर कॉलेज के मैदान में चल रहा प्रदर्शनी मेला अब लोगों के लिए मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की बड़ी परेशानी बन गया है। मेले के आयोजन से क्षेत्रीय नागरिक गर्मी, बिजली संकट और शोर-प्रदूषण की त्रिस्तरीय मार झेल रहे हैं। मेले में लगे बड़े-बड़े जनरेटरों का तेज शोर और धुआं आस-पास के घरों में घुस रहा है, जिससे लोगों का रहना दूभर हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तेज शोर से बच्चों की नींद टूट जाती है, बुजुर्गों को बेचैनी होती है और बीमार लोग रातभर तड़पते हैं। जनरेटरों से निकलने वाले धुएं ने वायु प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिससे श्वास रोग, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं से ग्रसित लोगों के लिए स्थिति और गंभीर हो गई है। क्षेत्रवासियों ने स्थानीय प्रशासन से मेले के आयोजन में नियमन और निगरानी की मांग की है, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके।

### नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, पीड़ित ने लगाई गुहार

**करनैलगंज, गोंडा :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पतिसा निवासी पवन कुमार पुत्र भवानी प्रसाद ने तहरीर में बताया कि वह एक सामाजिक संगठन से जुड़ा हुआ है, जहां उसकी पहचान बरईन पुरवा निवासी श्री प्रकाश शर्मा से हुई थी। पीड़ित के अनुसार, विपक्षी ने खुद को प्रभावशाली व्यक्ति बताते हुए सरकारी इंटर कॉलेजों में क्लर्क पदों पर नियुक्ति का झांसा दिया और एक फर्जी समाचार कटिंग दिखाकर 5,000 पदों की भर्ती का हवाला दिया। पीड़ित का आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने पहले विश्वास जीतकर 20 हजार ऑनलाइन तथा 50 हजार नकद वसूल लिए। ऑनलाइन भुगतान का स्क्रीनशॉट पीड़ित ने पुलिस को साक्ष्य के रूप में सौंपा है। लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं मिली, और जब पीड़ित ने संपर्क साधने की कोशिश की तो आरोपी का फोन बंद मिला। जब पीड़ित आरोपी के घर पहुंचा, तो उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया और जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के अनुसार, आरोपी एक संगठित ठग गिरोह का हिस्सा है, जिसमें चांदपुर बेनीपुरवा निवासी प्रभावती और ग्राम झुकिया, बहराइच निवासी राहुल आर्य भी संलिप्त हैं। पवन कुमार ने पुलिस से ठोस कार्रवाई की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में करनैलगंज के प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है और जांच की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### गोष्ठी में किसानों को दी गई खेती की जानकारी

**इटियाथोक, गोंडा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत बृहस्पतिवार को पूरे बसालत, हिंदूनगर, निसारूपुर ग्राम में दीनदयाल शोध संस्थान लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक मिथिलेश झा ने किसानों को गन्ने की बुवाई एवं उनमें होने वाले रोग से बचाव के विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने प्राकृतिक खेती एवं कृषि यंत्रों के बारे में कृषकों को जानकारी प्रदान की। पशु चिकित्सक डा. अभिषेक मिश्र ने बरसात से पहले पशुओं के टीकाकरण कराने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि पशुओं के रहने वाले स्थान की नियमित साफ सफाई करें। ब्लॉक प्रमुख पूनम द्विवेदी ने कृषकों को सरकार की चलाई जा रही योजनाओं एवं अनुदान का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार किए जा रहे पशु चॉकलेट का वितरण पशुपालकों को किया।

### चौपाल का हुआ आयोजन, गिनाईं उपलब्धियां



बेलसर के गोपीपुर में चौपाल कार्यक्रम में उपस्थित लोग। अमृत विचार

**बेलसर (गोंडा)।** ग्राम पंचायत गोपीपुर के डिडिसिया खुर्द में ग्राम प्रधान जगन्नाथ पाठक की अध्यक्षता में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महामंत्री एवं पूर्व ब्लाक प्रमुख बेलसर अजीत सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ 11 वर्ष पूर्ण हुए। गत 11 वर्षों में गरीब, किसान, महिला, युवा सहित हर वंचित वर्ग के जीवन में सकारात्मक बदलाव हुए हैं। विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में मोदी के नेतृत्व में हम आगे बढ़ रहे हैं। भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। भारत शक्तिशाली देश बनकर उभरा है। उन्नति की यह तीव्रता निरंतर बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर अशोक पांडेय, नंदलाल गुप्ता, मनीष शुक्ला, रोहित तिवारी, हरिशंकर पाठक, अशोक कुमार मिश्रा, राम सुंदर पाठक, रामदीन मिश्रा, विनोद तिवारी, चंद्रभान पांडेय, महादेव शर्मा, बुधराम शर्मा, बाबू पासवान आदि उपस्थित रहे।

### कंस वध की रोमांचक कथा सुन गदगद हुए श्रद्धालु

**करनैलगंज, गोंडा :** ग्राम सभा मुंडेरवा में आयोजित आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत शुक्रवार को कथावाचक पंडित संजीवाचार्य जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा कंस वध की मार्मिक और रोमांचकारी कथा का रसपान कराया। जैसे-जैसे कथा आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं की आंखों से भक्ति और भावनाओं की धारा बहने लगी। कथावाचक ने बताया कि अत्याचारी कंस ने अपने शासन में भय और आतंक का साम्राज्य स्थापित कर रखा था। देवकी-वासुदेव के आठवें पुत्र से अपनी मृत्यु की आशंका से वह लगातार बालक की हत्या के प्रयास करता रहा। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने नंद-यशोदा के घर जन्म लेकर गोकुल में लीला रचाई और बाल्यकाल से ही दुष्ट शक्तियों का नाश करते रहे। कथावाचक ने इसे केवल पौराणिक प्रसंग न मानते हुए जीवन में अन्याय के विरुद्ध सत्य और साहस से खड़े होने की प्रेरणा बताया। कार्यक्रम के दौरान अंजना सिंह, निर्मला सिंह, उर्मिला सिंह व आधिरा सिंह द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। संध्या आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर राम सहाय सिंह, सुमन सिंह, काली प्रसाद सिंह, डॉ. अकबाल बहादुर सिंह, अधिवक्ता अरविंद प्रताप सिंह, आदर्श अध्यापक रवि प्रताप सिंह, मुकेश कुमार, सुरेश सिंह, बाबादीन मिश्रा, अभ्युदय प्रताप सिंह, नकछेद मिश्रा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## एक नजर

### किशोरी को भगाने के आरोपी पर मुकदमा दर्ज

**खरगूपुर, गोंडा।** किशोरी को शादी करने के लिए बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि इटैहिया नवीजोत गांव के गुदई उर्फ़ वजीर ने उसकी 17 वर्षीय बेटी को शादी करने के लिए भगा ले गया। जानकारी होने पर खोज बीन के दौरान परिजनों ने गांव के बाहर बेटी को बरामद कर लिया, जबकि आरोपी मौके से भाग गया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि उक्त आरोपी के विरुद्ध किशोरी को भगाने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### नींव खोदते समय हमला चार लोगों पर मुकदमा

**खरगूपुर, गोंडा।** बैनामे की जमीन में नींव खोदने के दौरान लाठी डंडे से युवक पर हमला कर घायल कर दिया गया। पुलिस ने पिता पुत्र सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कहला तेंदुआ के मजरा राजा पुरवा निवासी मोहम्मद यूनुस ने थाने पर दिए गए तहरीर में कहा है कि विशुनापुर बाईपास के निकट उसका एक प्लाट है। जिस पर उसका बेटा अलताब नींव खोद रहा था। जहां विशुनापुर बेलभरिया के चिप्पी व उनके तीन लड़कों ने आकर नींव खोदने से रोकने लगे और लाठी डंडे से हमलाकर उसे घायल कर दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पिता पुत्र सहित चार लोगों के विरुद्ध हमला व धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घायल को स्थानीय सी एच सी भिजवाया गया है।

### भीषण गर्मी के चलते युवक हुआ बेहोश

**नवाबगंज।** कटरा शिवदयाल गंज के खजुरिया गांव के रास्ते पर बृहस्पतिवार की सायं करीब चार बजे एक 45 वर्षीय युवक को पड़ा हुआ देख कर गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे सरयू घाट पुलिस चौकी इंचार्ज संजीव सिंह ने युवक की पहचान कराने का प्रयास किया लेकिन नहीं हो पाई। युवक लोअर टी-शर्ट पहने हुए था। पुलिस ने एंबुलेंस से उपचार के लिए अयोध्या श्रीराम अस्पताल भेजा। युवक के हाथ में गोदना से कृष्ण पाल लिखा हुआ है। चौकी प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि युवक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन युवक की पहचान नहीं हो पाई। फिलहाल गर्मी लगने से युवक के बेहोश होने की संभावना है।

### एएनएम की हार्ट अटैक से हुई मौत

**तरबगंज, गोंडा।** तरबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चंदीपुर स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात एएनएम आशा देवी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर नवनीत गौरव सिंह ने बताया कि एएनएम आशा देवी चंदीपुर स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात थीं। बुधवार की रात पैतृक आवास गोण्डा पर उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई है। उनकी मौत से स्वस्थ केंद्र परिवार बहुत दुखी है। उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई तथा परिवार को इस दुखद घड़ी में भगवान से सहन शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

### डॉ. इंदु राणा बनीं कटरा सीएचसी अधीक्षक

**कटरा बाजार, गोंडा:** बृहस्पतिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार में डॉ इंदु राणा ने अधीक्षक पद पर कार्यभार संभाल लिया। यहां पर तैनात अधीक्षक डॉ एमपी यादव का स्थानांतरण सीएचसी इटियाथोक हो गया। उनके स्थान पर डॉ इंदु राणा को अधीक्षक बनाया गया है। अधीक्षक बनने पर डॉ सत्य प्रकाश पाठक, मुख्तार खां, धनिक राज, फार्मासिस्ट महेश गिरी, सुधीर पांडेय, अखिलेश, शीलू श्रीवास्तव, शेषमणि राय सहित अन्य कर्मियों ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### चोरी हुई स्कूटी बरामद

**मनकापुर (गोंडा)।** नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले में स्थित डी.के. मोबाइल शॉप के सामने से एक हीरो स्कूटी चोरी हो गई थी। जिसकी तस्वीरें दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गईं। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को चोरी की गई स्कूटी बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### प्रशिक्षण 16 जून से

**रुपईडीह।** 16 जून से पंचायत राज प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ में होने वाले चार दिवसीय विभागीय प्रशिक्षण में शामिल होने के कारण ब्लॉक रुपईडीह के एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल ने ग्राम पंचायत अधिकारी राधे रमण प्रजापति को प्रभार सौंप दिया है। ब्लॉक के प्रभारी बीडीओ आजम खान ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारी राधे रमण प्रजापति को एडीओ पंचायत के पद का निर्वहन किये जाने के लिए निर्देश दिया गया है।

# सार्वजनिक रास्ते पर अवैध निर्माण, मुकदमा दर्ज

▸▸ **लेखपाल की तहरीर पर रामचन्द्र के खिलाफ एफआईआर, पुलिस जांच में जुटी**

**करनैलगंज, अमृत विचार :** ग्राम पूरेबदल तिवारी पुरवा में सार्वजनिक रास्ते पर अवैध निर्माण मामले में तहसीलदार अनु सिंह के सख्त रुख के बाद लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला ग्राम सभा के गाटा संख्या 438, रकबा 0.178 हेक्टेयर से जुड़ा है, जो राजस्व अभिलेखों में सार्वजनिक मार्ग के रूप में दर्ज है। इस भूमि पर पहले से ही गांव के निवासी रामचन्द्र द्वारा अवैध कब्जा किया गया था, जिस पर बेदखली का वाद तहसील न्यायालय करनैलगंज में विचाराधीन है। इसके बावजूद, आरोपी ने 10 जून को उसी भूमि के एक हिस्से पर पक्का चबूतरा बनाकर रास्ते को और बाधित कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही तहसीलदार अनु सिंह ने लेखपाल विमलेश कुमार सिंह को तत्काल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने का निर्देश दिया। लेखपाल की तहरीर पर कौड़िया थाना पुलिस ने आरोपी रामचन्द्र के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों में प्रशासनिक कार्रवाई से संतोष जताया गया है।

# दबंगई, अहंकार व बेशर्मी से बेआबरू हुए बमबम

संवाददाता, गोंडा

▸▸ **अश्लील विडियो वायरल होने पर पार्टी ने दिखाया है बाहर का रास्ता**

**अमृत विचार :** सत्तारूढ़ दल में तीसरी बार जिलाध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद पर ताजपोशी होने पर पार्टी पदाधिकारियों के साथ अहंकार पूर्ण व्यवहार, जमीन पर जबरन कब्जा और फिर पार्टी कार्यालय के भीतर ही महिला मित्र संग रंगरलियां मनाने की बेशर्मी ने भाजपा जिलाध्यक्ष रहे अमर किशोर कश्यप की लुटिया डुबा दी। इन करतूतों के चलते ही पार्टी को उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना पड़ा। इस कार्रवाई में उनकी बयानबाजी और संगठन के दूसरे पदाधिकारियों पर लगाया गया आक्षेप भी कार्रवाई का आधार बना। हालांकि पार्टी को कार्रवाई करने में करीब 15 दिन का समय जरूर लगा लेकिन आखिर में नेतृत्व यह संदेश देने में सफल रहा कि चरित्रहीनता के लिए पार्टी में कोई स्थान नहीं है। इस कार्रवाई के बावजूद बावजूद इस प्रकरण ने पार्टी और संगठन पर जो दाग लगाया है नए जिलाध्यक्ष के लिए उसे छुड़ाना आसान नहीं होगा।

### बेटी बचाओ अभियान पर लगाया दाग

जिलाध्यक्ष पद से बर्खास्त किए गए अमर किशोर कश्यप ने पार्टी कार्यालय के भीतर जिस तरह की हरकत की उससे पार्टी की काफी किरकिरी हुई है। सोशल मीडिया पर लोग तरह तरह के सवाल कर रहे हैं। बमबम ने अपनी इस करतूत से न सिर्फ पार्टी का सिर नीचा किया बल्कि उसके बेटी बचाओ अभियान पर भी दाग लगा दिया है। संस्कारों वाली पार्टी कही जाने वाली भाजपा के जिला स्तरीय पदाधिकारी भी इस करतूत से आहत हैं। अब उन्हे यह डर सता रहा है कि कौन सा मुंह लेकर वह बेटी बचाओ अभियान को आगे बढ़ायेंगे।

### पहले भी कई पदाधिकारियों पर हुई है कार्रवाई

अनुशासन और संस्कार भाजपा की प्राथमिकता में हैं लेकिन कई बार जिले के पदाधिकारी इस दायरे से बाहर जाते दिखाई दिए हैं। इस पर पार्टी को कार्रवाई भी करनी पड़ी है लेकिन वह कार्रवाई महज पद से हटाने तक ही सीमित रही है। जिलाध्यक्ष को बर्खास्त करने जैसी कार्रवाई पहली बार हुई है। पिछला रिकॉर्ड देखें तो पूर्व जिलाध्यक्ष इकबाल बहादुर तिवारी, सूर्य नरायन तिवारी, विष्णु प्रताप नरायण सिंह व नीरज मौर्या जैसे पदाधिकारियों को अचानक पद से हटाया जा चुका है लेकिन यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त रहने के कारण की गयी थी या अन्य कारणों से। चारित्रिक दोष पहली बार पार्टी के माथे पर लगा है जिसके चलते अमर किशोर कश्यप को सीधे बर्खास्त किया गया है।

### पार्टी कार्यकर्ताओं के भीतर विश्वास पैदा करना चुनौती

भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी का कहना है कि इस घटना ने पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया है। आम कार्यकर्ता हतप्रभ है। पार्टी की महिला विंग में भी नाराजगी है। सोशल मीडिया के जरिए वायरल वीडियो गांवों तक पहुंच चुका है और इसकी निंदा हो रही है। इन सबके बावजूद अमर किशोर कश्यप और उनकी महिला मित्र की बयानबाजी भी पार्टी के लिए नुकसानदायक साबित हुई है। जो भी जिलाध्यक्ष बनेगा उसके सामने कार्यकर्ताओं के भीतर विश्वास पैदा करना बड़ी चुनौती रहेगी।

# चमड़ा फैक्ट्री की दुर्गंध पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

## लालेमऊ में ग्रामीणों ने फैक्ट्री के गेट पर प्रदर्शन कर जताया विरोध

संवाददाता, करनैलगंज, गोंडा


चमड़ा फैक्ट्री के सामने प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार :** लालेमऊ क्षेत्र में संचालित चमड़ा फैक्ट्री से उठती दुर्गंध और फैली गंदगी ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। गुरुवार सुबह क्षेत्र के छह गांवों से हजारों की संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों ने फैक्ट्री गेट पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। फैक्ट्री बंद करो, हमें जीने दो जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।

ग्रामीणों का आरोप है कि तीन महीने पूर्व जनआंदोलन के चलते बंद हुई फैक्ट्री को दोबारा शुरू कर दिया गया, जबकि इस संबंध में कई बार प्रशासन को शिकायत की जा चुकी है। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने फैक्ट्री को हमेशा के लिए बंद कराने की चेतावनी दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस को ग्रामीण फैक्ट्री के भीतर ले गए, जहां गंदगी का आलम देख पुलिसकर्मी भी नाक-मुंह बंदकर बाहर निकलने को मजबूर हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि फैक्ट्री में मृत जानवरों को दूर-दराज से लाकर चमड़ा निकाला जाता है और हड्डियों को इकट्ठा कर खुले में फेंका जाता है, जिससे भयावह दुर्गंध फैलती है।

वहीं प्रदर्शन के दौरान फैक्ट्री में तीन नाबालिग बच्चे कार्य करते पाए गए, जिन्हें पुलिस अपने साथ कोतवाली ले गई। हालांकि कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने किसी की गिरफ्तारी से इनकार किया है। लालेमऊ, रौतनपुरवा, कुड़वा, अमोहवा, खालेपुरवा और बगही सहित छह गांवों के लगभग पांच हजार लोग इस फैक्ट्री की वजह से परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि दुर्गंध के चलते न खेती हो रही है, न भोजन बन पा रहा है। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे, यहां तक कि रात में सोना भी दूभर हो गया है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी नेहा शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष को शिकायती पत्र सौंपा है। साथ ही संपूर्ण समाधान दिवस में भी मामले को उठाया गया, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। लालेमऊ निवासी रामसंतोष, अर्जुन, संत बक्श, मोनू सिंह, शुभम सिंह, बच्छराज मिश्र, राहुल दीक्षित, सूर्यलाल महतो, जगदीश, राजेश दूबे समेत सैकड़ों लोगों ने फैक्ट्री को आबादी से दूर ले जाने की मांग की है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

फैक्ट्री संचालक गोरखनाथ गौतम का कहना है कि उनकी फैक्ट्री का लाइसेंस जिला पंचायत से मान्य है और यह आबादी से दूर है। वहीं, लेखपाल राहुल दुबे ने बताया कि लाइसेंस निर्गत होने से पूर्व कोई भौतिक जांच नहीं कराई गई और फैक्ट्री वास्तव में आबादी के करीब है। कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर लालेमऊ अपराध निरीक्षक को भेजा गया था। संचालक को निर्देश दिया गया है कि वह फैक्ट्री के संचालन के लिए आबादी से दूर जमीन तलाशें। एसडीएम यशवंत राव ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए फैक्ट्री को अन्यत्र स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, एक गंभीर

**खरगूपुर, अमृत विचार :** बाइक सवार दो लोगों को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। जिससे एक युवक की मौत हो गई और दूसरा घायल हो गया। खरगूपुर इटियाथोक मार्ग पर भवनियापुर चौराहा के पास मोतीगंज थाना क्षेत्र के सिसवरिया गांव निवासी जुबेर (30) पुत्र अब्दुल कैय्यूम तथा अब्दुल्ला (28) पुत्र अब्दुल लतीफ बाइक से खरगूपुर की ओर आ रहे थे। इसी बीच गोकरननाथ शिवाला की ओर से आ रही एक अज्ञात कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को आसपास के लोगों ने खरगूपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अधीक्षक डॉक्टर अजय यादव ने घायल जुबेर को मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा अब्दुल्ला को जिला मुख्यालय स्थित मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया है।




### खाईं में गिरी कार, बाल-बाल बची ड्राइवर की जान

**बालपुर।** बुधवार सुबह करीब 9.30 बजे गोण्डा-लखनऊ हाइवे पर नकहा बसंत गांव के पास बाराबंकी से गोण्डा जा रही तेज रफ़्तार कार खाईं में जा गिरी। गनीमत रही कि कार में सिर्फ ड्राइबर सुफियान ही था जो बाल बाल बच गया। सुफियान ने बताया कि वह बाराबंकी का रहने वाला है। बाराबंकी से गोण्डा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में तैनात डॉ बसंत लाल को लेने जा रहा था। तभी रास्ते में अचानक गाड़ी के अनियंत्रित होने की वजह से गाड़ी खाईं में चली गई। इस दौरान सड़क के किनारे लगा बिजली का खम्भा भी टूट गया हालांकि ड्राइवर को मामूली चोट आयी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**तरबगंज।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनपुर बाजार में गुरुवार को दोपहर एक बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। शराब ठेका के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 25 वर्षीय जोगिंदर और 12 वर्षीय करन घायल हो गए। दोनों घायलों का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरबगंज ले जाया गया। जहां फार्मासिस्ट सीता नाथ उपाध्याय ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार, जोगिंदर पुत्र जसराज और करान पुत्र सुरेश सिंह निवासी गौहानी नवाबगंज से अपने घर गौहानी लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग फायर कर्मियों की तत्परता से हादसा टला

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** रामलीला मैदान के सामने स्थित अशोक समोसा की दुकान में बुधवार की देर रात अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। आग की लपटें देख स्थानीय लोग मौके पर जुट गए और फायर स्टेशन को सूचना दी गई। फायर स्टेशन नजदीक होने के चलते फायर कर्मी नित्यानंद यादव व उनकी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दमकल की मदद से आग पर काबू पा लिया। तत्परता से की गई कार्रवाई के चलते आसपास की अन्य दुकानों को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया। तहसीलदार अनु सिंह ने बताया कि लेखपाल को भेज कर नुकसान का आंकलन कराया जाएगा।

# अवर अभियंता पावर कार्पोरेशन के खिलाफ फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** विद्युत केंद्र मसकनवा के अवर अभियंता विकास सिंह के विरुद्ध अधिवक्ताओं व विद्युत उपभोक्ताओं ने मोर्चा खोल दिया है।

जेई की लापरवाही से आए दिन विद्युत आपूर्ति बाधित होने तथा उपकेंद्र में बने आवास पर रात्रि निवास न करने का आरोप लगाते हुए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार के संबंध में एक मांगपत्र उप जिलाधिकारी मनकापुर को सौंपा। दिए गए मांग पत्र में जेई द्वारा उपकेंद्र पर रात्रि निवास न करने के कारण उनका स्थानांतरण करने, जेई का सीयूजी नंबर हमेशा बंद रहने के कारण उनके खिलाफ कार्रवाई करने, अपने तैनाती स्थल पर कार्य न करके आए दिन उपभोक्ताओं से दुर्व्यवहार और वसूली करने वाले विद्युत संविदा कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने, लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने, जर्जर क्षमता के ट्रांसफार्मर का बदलाव करने, उपकेंद्र के फीडरों पर तार बदलने का कार्य रोस्टिंग के अनुसार कराए जाने जिससे आपूर्ति व्यवस्था बाधित न हो की मांगे शामिल हैं। ज्ञापन देने वालों में योगेन्द्र वर्मा एडवोकेट, आशीष सिंह एडवोकेट, योगेश सिंह, सुनील सिंह, अपना दल एस के जिलाध्यक्ष रामदीन वर्मा, विकास, हीरालाल, श्यामपाल, अजय वर्मा, राधेश्याम, खेत मजदूर यूनियन के जिला संयोजक केपी पांडेय, महेश, रमेश आदि के हस्ताक्षर हैं। अधिवक्ताओं और उपभोक्ताओं ने 15 दिनों के भीतर मसकनवा विद्युत उपकेंद्र के जेई का स्थानांतरण न होने तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में सुधार न होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन, मार्ग जाम की चेतावनी दी है।


एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता। अमृत विचार

**अनदेखी** | खनन विभाग की अनुमति न मिलने से थमा रोजगार का पहिया

# कुम्हारों को नहीं मिल रही मिट्टी, कुल्हड़ निर्माण पर संकट


चाक पर मिट्टी के बर्तन बनाता कुम्हार। अमृत विचार

संवाददाता, करनैलगंज

**अमृत विचार :** मिट्टी के बर्तन, खिलौने और कुल्हड़ जैसे पारंपरिक उत्पादों के निर्माण को बढ़ावा देने के लिए भले ही सरकार ने उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड के माध्यम से प्रशिक्षण और मशीनें उपलब्ध करा दी हों, लेकिन कुम्हारों को सबसे जरूरी चीज उपयुक्त मिट्टी कहां से मिलेगी, इसका कोई स्पष्ट समाधान नहीं दिया गया है।

मौजूदा समय में भीषण गर्मी के चलते छाछ, लस्सी, दूध, दही व चाय आदि के लिए कुल्हड़ की मांग काफी बढ़ गई है। लेकिन मिट्टी न मिलने से कुम्हारों का चाक थम गया है। मोहल्ला पजावा, करनैलगंज ग्रामीण की कुम्हार महिलाओं सुनीता पत्नी पूजा राम, संजू, गुड़िया, रजनी, सुनीता पत्नी जयमल, मालती, बिट्टा देवी, पार्वती, कबूतरी देवी, रेनू, चांदनी आदि ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र सौंपा। महिलाओं ने कहा कि सरकार ने मशीन तो दे दी, लेकिन बिना मिट्टी के क्या बर्तन बनाएं? उनके पास खुद की जमीन नहीं है, पहले वे तालाब से मिट्टी निकालते थे, लेकिन अब उस पर भी रोक लगा दी गई है। हर मिट्टी से बर्तन नहीं बनते, ऐसे में खास किस्म की चिकनी मिट्टी की आवश्यकता होती है। कुम्हारों ने ग्राम कोचा कासिमपुर के कुकही तालाब से मिट्टी निकालने की अनुमति देने की मांग की है, ताकि उनका रोजगार फिर से पटरी पर लौट सके।

> एसडीएम यशवंत राव ने बताया कि यह मामला खनन विभाग से जुड़ा है। विभाग से बातचीत कर समस्या का शीघ्र समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा।
>
> -**यशवंत राव**, उपजिलाधिकारी करनैलगंज

## सार-संक्षेप

### दवाओं पर लगी जीएसटी हटाई जाए और दाम कम हो



प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते यूपीएमएसआरए के सदस्य। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** सीआईटीयू से संबद्ध संगठन यूपीएमएसआरए के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को सहायक आयुक्त जीएसटी अजय कुमार लाल को ज्ञापन सौंपा और दवाओं पर लगाई जा रही जीएसटी हटाने की मांग की। उत्तर प्रदेश मेडिकल रिप्रजेंटेटिव एसोसिएशन कार्यकर्ताओं ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को प्रेषित ज्ञापन में मांग की कि दवाओं और चिकित्सा उपकरणों पर ज़ीरो जीएसटी किया जाए। दवाओं के दाम कम करने तथा केंद्रीय बजट में जीडीपी का 5 प्रतिशत स्वास्थ्य बजट करने, सभी दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए नकली एवं फर्जी दवाओं के बिक्री व विपणन पर रोक लगाई जाए। ज्ञापन देते समय सीआईटीयू प्रदेश उपाध्यक्ष कौशलेंद्र पांडेय, रविन्द्र सिंह यूपीएमएसआरए सदस्य राज्य कमेटी जिला सचिव विनीत तिवारी, जिला अध्यक्ष संतोष शुक्ला, अम्बरीष तिवारी, हरिओम, राहुल मिश्रा आदि यूपीएमएसआरए के पदाधिकारी शामिल रहे।

### फीस के नाम पर लूट का मच्छरदानी में बैठकर किया विरोध



मच्छरदानी में बैठकर प्रदर्शन करते छात्र पंचायत के सदस्य। अमृत विचार

**गोंडा :** राष्ट्रीय छात्र पंचायत के कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूलों में खुले आम फीस के नाम लूट का विरोध किया। गुरुवार को कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में मच्छरदानी के अंदर बैठकर प्राइवेट स्कूलों की फीस मनमानी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने बताया कि जिस प्रकार से मच्छरों के द्वारा आम लोगों का खून चूस जाता है उसी प्रकार से प्राइवेट स्कूलों के द्वारा आम लोगों का खून चूसने का काम किया जा रहा है, लेकिन हम मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी लगा सकते हैं परंतु प्राइवेट स्कूलों से बचने के लिए हम कौन सी मच्छरदानी लगाए यह समझ में नहीं आ रहा है। मच्छर से ज्यादा खतरनाक आज के प्राइवेट स्कूल हैं जो मनमानी तरीके से किताब के नाम पर, ड्रेस के नाम पर, ट्यूशन फीस के नाम पर, क्रीड़ा शुल्क के नाम पर, स्कूल किट के नाम पर आदि के नाम पर अभिभावकों का शोषण कर रहे हैं। लेकिन सरकार पूर्ण रूप से चुपी साधे हुए है। इसी को लेकर हताश निराश परेशान होकर कलेक्ट्रेट में मच्छरदानी के अंदर बैठकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जिला महामंत्री आलोक गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय छात्र पंचायत द्वारा कई दिनों से गांव-गांव जाकर चौपाल लगाकर हस्ताक्षर किया जा रहा है और इसकी सूचना भी दी जा रही है। लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से यही मांग है कि उत्तर प्रदेश के अंदर फीस बिल रेगुलेशन लाने का काम करें व जिस प्रकार से यह लूट मची हुई है इस पर कार्रवाई होनी चाहिए और जब तक हमारी मांगें नहीं मानी जाएंगी, हम गांव गांव जाएंगे लोगों को जागरूक करेंगे और आंदोलन प्रदर्शन भी करते रहेंगे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र शुक्ला, एडवोकेट सूरज शुक्ला, प्रदीप यादव, रंजीत पांडे, राजेश मौर्य, शुभम तिवारी, सतीश मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### भंभुआ पावर हाउस पर 5 एमवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन

**करनैलगंज, अमृत विचार :** विद्युत वितरण खंड तृतीय अंतर्गत भंभुआ क्षेत्र में ओवरलोडिंग के चलते लगातार हो रही बिजली कटौती से परेशान जनता को अब राहत मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को भंभुआ पावर हाउस पर 5 एमवीए के नए वीसीबी ट्रांसफॉर्मर का पूजन अर्चन कर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गुड्डू सिंह मसौलिया, जिला पंचायत सदस्य विवेक सिंह, उपखंड अधिकारी आकाश श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया गया। उक्त ट्रांसफार्मर की स्थापना से चचरी फीडर व गौरा फीडर से जुड़े सैकड़ों गांवों में बिजली आपूर्ति सुचारु होने की संभावना है। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि अब अघोषित बिजली कटौती से उन्हें राहत मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य गुड्डू सिंह मसौलिया ने कहा कि क्षेत्र की जनता से लगातार मिल रही बिजली समस्या की शिकायत पर यह ठोस कदम उठाया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनता की मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाती रहेगी।

### भाकपा माले ने समस्याओं को लेकर सौपा मांग पत्र



बीडीओ को ज्ञापन देते भाकपा माले के सदस्य। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** भाकपा माले ने विभिन्न जन समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र खंड विकास अधिकारी इटिया थोक को दिया है, जिसमे फ्री बोरिंग में घोटाला, आवास में भ्रष्टाचार, पूरे पंडित वृंदावन में सड़कों का निर्माण समेत तमाम मुद्दे है। चेतावनी दी गई है कि यदि 15 दिनों के अंदर कार्यवाही नहीं हुई तो ब्लॉक पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जायेगा। राजीव कुमार ने कहा की समस्याओं के निस्तारण को लेकर कर्मचारी व अधिकारी संवेदनशील नहीं है। सरकार जनहित के मुद्दों को लेकर कोई काम नहीं कर रही है। अधिकारी लगातार घोटाला कर रहे हैं। कोई सुनने वाला नहीं है। ब्लॉक से लेकर जिला स्तर के अधिकारी केवल योजनाओं में कमीशन खा रहे हैं। शिकायत करने के बाद भी जांच नहीं होती है जिससे कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी दी है यदि ज्ञापन में जो मांग किया गया है उसको पूरा नहीं किया जाता है तो बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस अवसर पर कृष्ण नारायण, पंकज पासवान, जसराज वर्मा, राम सुहावन समेत तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः ॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं की वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण पहल

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरूवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन(गगनयान मिशन) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंध: भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैं: पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता है: भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।


व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उम्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी शृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### फिर हेमारिया गांव में दिखे दो भेड़िये, दहशत

**बहराइच अमृत विचार।** महसी इलाके में पकड़े गए आदमखोर भेड़िये के बाद जहाँ ग्रामीणों ने राहत की सांस ली थी। वही कोतवाली देहात इलाके में फिर से दो भेड़िये दिखने के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। वही इस मामले में डीएफओ अजित सिंह ने बताया कि भेड़िये के देखे जाने की सूचना मिलने के बाद पूरे इलाके में कॉम्बिंग की जा रही है। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

### किशोर ने फांसी लगा कर दी जान

**पयागपुर बहराइच, अमृत विचार।** जिले के थाना पयागपुर अंतर्गत ग्राम सेनवाहे में एक पन्द्रह वर्षीय किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम सेनवाहे निवासी राजू (15) पुत्र अमन ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। परिजनों को इसकी जानकारी सुबह हुई। परिजनों ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में एसएचओ करुणाकर पांडेय का कहना है कि घटना में कारण की जानकारी अभी नहीं हो सकी है लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नाव से गिरकर घाघरा में डूबी किशोरी हुई मौत

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचदेवरी के मंगलपुरवा नई बस्ती में ननिहाल आई किशोरी नाव से गिरकर घाघरा की तेज धारा में बहकर डूब गई। प्राप्त सूचना के अनुसार बुधवार की शाम करीब चार बजे नाना केदारी गोडिया के साथ नदी के दूसरी छोर पर खेत घूमने नाव से जा रही रोली (14) पुत्री शिवकुमार अचानक पानी मे गिर गई और तेज बहाव में बहकर डूब गई। गांव के लोगों ने किशोरी के शव को घाघरा से बाहर निकाला। बौंडी थाने के मैला सरैया के मजरा हाथी चक निवासी किशोरी अपनी मां के साथ नाना के घर मंगलपुरवा नई बस्ती आयी थी।

### बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में यूपी सरकार की सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में बाल श्रम पर आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लिया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने सभी प्रकार के बाल श्रम को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री अनिल राजभर ने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया। साथ ही उन्होंने वैश्विक समुदाय से इस अभिनव मॉडल का अनुसरण करने का आग्रह किया।

# संजय सेतु: यहां चलना संभल-संभल कर

## लोगों के लिए खतरे की घंटी बन चुका है पुल, 1984 में हुआ था निर्माण

संवाददाता, जरवल रोड, बहराइच

**अमृत विचार।** लखनऊ-बहराइच हाईवे पर 1984 में घाघरा घाट पर बना संजय सेतु अब लोगों के लिए खतरे की घंटी बन चुका है। यह पुल प्रतिदिन हजारों यात्रियों और भारी वाहनों के आवागमन का मुख्य मार्ग है, लेकिन इसकी पुरानी उम्र और क्षमता से अधिक भार ने इसे धीरे-धीरे खोखला बना दिया है।

जानकारी के अनुसार, एक माह पूर्व संजय सेतु की मरम्मत का कार्य हुआ था। इस समय पुल पर चार-पांच जगह उनके ज्वाइंटर क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिससे चार पहिया, बड़े वाहनों सहित मोटरसाइकिल सवारों को भी खतरा पैदा हो गया है। आएदिन मोटरसाइकिल सवार पुल पर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। इस बार पुल के सात पिलर पर जगह-जगह सरिया और एंगल टूटे हैं। बड़े-बड़े होल होने के कारण नीचे पानी भी दिख रहा है। पुल की सरिया तक बाहर आने से जब वाहन पुल से गुजरते हैं तो तेज झटके लगते हैं, जिससे यात्रियों को डर लगता है। पुल में कई जगह ज्वाइंट में भी दरारें भी देखी जा सकती हैं। एक के बाद एक ज्वाइंट में आ रही दरारों से विभाग हलकान है। यहां यह समझना जरूरी है कि यह स्थिति पुल की उम्र और क्षमता से अधिक भार का नतीजा है। पुराने ढांचे पर लगातार बढ़ता दबाव अब पुल संभाल नहीं पा रहा है। यह पुल लखनऊ, बहराइच, अयोध्या, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती और नेपाल सीमा से जुड़ा है, इसलिए इसकी भूमिका बेहद अहम है। अब इसकी हालत इतनी खराब हो चुकी है कि हर कुछ दिन में मरम्मत और यातायात रोकने की नौबत आ जाती है। स्थानीय लोगों की मांग है कि अब इसे सिर्फ मरम्मत से ठीक करने की बजाय शीघ्र नया पुल बनाने की दिशा में प्रयास किए जाएं।




पुल पर निकली सरिया और हुए होल। अमृत विचार

**अनदेखी**

- सात पिलर पर जगह-जगह सरिया और एंगल टूटे
- बड़े-बड़े होल होने से नीचे पानी भी दिखने लगा

# गम में बदली शादी की खुशियां, जीजा के हाथ मे दगा गोला, लखनऊ रेफर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** अचानक हाथ मे गोला दगने से शादी की खुशियां गम में बदल गयी। दूल्हे के जीजा का हाथ फट गया, जिससे अधिक खून बहने व हाथ की नश फटने की वजह से डॉक्टरो ने मेडिकल कॉलेज बहराइच से लखनऊ रेफर कर दिया। वही इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

रुपईडीहा थाना क्षेत्र के शिवपुर सेमरा के रहने वाले फरमान अली अपने साले लज्जन की शादी में फखरपुर थाना क्षेत्र के गजाधरपुर आए हुए थे। साले की शादी में जीजा के खुशी का ठिकाना नहीं रहा और उन्होंने हो रही आतिशबाजी में एक गोला निकालकर खुद ही दागने लगे। जैसे ही उन्होंने गोले में आग लगाई तो हाथ में ही विस्फोट हो गया जिससे फरमान के हाथों के चिथड़े उड़ गए। मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। परिजनों द्वारा आनन फानन शहर के मेडिकल कॉलेज लाया गया जहां पर डॉक्टर ने बताया कि फरमान के हाथों की उंगलियां व हथेली गोला दगने की वजह से पूरी तरह से खराब हो गया है। अत्यधिक खून बहने वह हाथों की नसें फटने की वजह से हालत गंभीर हो गई है जिसकी वजह से उन्हें बहराइच से लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वही इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। इस मामले में फखरपुर थाने के प्रभारी मिथिलेश कुमार राय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की सूचना मिली है। युवक अपने हाथों से ही गोल दागा रहा था। किसी प्रकार की कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। अगर मिलती है तो जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



घायल व्यक्ति को एंबुलेंस से लखनऊ मेडिकल कॉलेज ले जाते परिजन।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 से, पर्यटन मंत्री दिखाएंगे हरी झंडी

**अमृव विचार, लखनऊ :** कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से शुरू होगी। पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी। यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है।

# कानपुर-मथुरा में बनेंगे एकीकृत सरकारी कार्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने की मथुरा-वृंदावन और कानपुर की 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जिला व मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के निर्देश दिए है। कहा कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।



'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मथुरा और कानपुर नगरों का यह समग्र विकास 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

## सार-संक्षेप

### स्टेशन के पास चादर में लिपटा मिला बालक का शव

**जरवल रोड, बहराइच।** जरवल रोड रेलवे स्टेशन के समीप बन रही नई रेल पटरी के पास गुरुवार प्रात :काल एक डेढ़ वर्षीय बच्चे का शव चादर में लिपटा मिला। स्टेशन क्षेत्र में तैनात कर्मियों ने इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक शिवपाल सिंह को दी। स्टेशन अधीक्षक ने जीआरपी गोंडा आरपीएफ बुढ़वल को जानकारी दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बच्चे की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे आशंका जताई जा रही है कि शव को कहीं बाहर से लाकर यहां फेंका गया है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बालक के बारे में जानकारी हो, तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन अधीक्षक शिवपाल सिंह या जीआरपी से संपर्क करें।

### पेड़ पर लटकता मिला अधेड़ का शव

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के थाना हरदी थाना क्षेत्र में अधेड़ का पेड़ से लटकता मिला शव जिसे देख परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। प्राप्त सूचना के अनुसार हरदी थाने के ग्राम बहोरिकपुर के मजरा धौरहरा निवासी बाबूलाल (62) पुत्र मेहीलाल गुरुवार की सुबह करीब सात बजे घर से निकले। देरतक घर न लौटने पर परिजनों ने तलाश शुरू की तो गांव के बाहर मुंशीराम की बाग में आम के पेड़ की डाल पर अधेड़ का शव फंदे पर लटका मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ की हुई मौत

**बहराइच अमृत विचार।** बहराइच- नानपारा हाइवे के तुलसीपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त सूचना के अनुसार रामगांव थाने धर्मनपुर गांव निवासी हरनाम सिंह (45) पुत्र दशरथ सिंह गुरुवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे इसी इलाके के तुलसीपुर चौराहे पर टैम्पो से उतरे। इस बीच तेज रफ्तार बाइक ने अधेड़ को टक्कर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से अधेड़ को मेडिकल कालेज लाया गया, जहां परीक्षण के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक मायके गई पत्नी को लाने गोण्डा जाने के लिये जा रहा था।

### ऑयल मैन का संदिग्ध परिस्थितियों में कमरे में मिला शव

**बहराइच अमृत विचार।** चिलवरिया चीनी मिल की वर्कर कालोनी में मिल के ऑयल मैन का शव संदिग्ध हालत में कमरे के अंदर चारपाई पर मिला। मृतक बिहार प्रान्त का निवासी है। प्राप्त सूचना के अनुसार बिहार प्रान्त के सीवान जिले के मेहरावा थाने के इमलौली कबीरपुर निवासी चिलवरिया चीनी मिल में ऑयल मैन के पद पर कार्यरत थे और मिल की वर्कर कालोनी के कमरा नम्बर चार में रहते थे। गुरुवार की सुबह मिल कर्मी का शव सहकर्मियों ने देखा और मिल प्रबन्धन को जानकारी दी। सूचना पाकर देहात कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। मृतक का परिवार नगर के कानूनगोपुरा मोहल्ले में रहता है।

### कमरे में कुंडे से लटकता मिला महिला का शव

**बहराइच अमृत विचार।** जिले के थाना रिसिया अंतर्गत ग्राम पटना घुसियारी निवासी शिव कुमारी (24) पत्नी दिनेश कुमार का शव संदिग्ध परिस्थितियों मे कमरे के कुंडे से लटकता मिला। सुबह होने पर जब काफी देर तक महिला का कमरा नही खुला तो लोगो ने देखा की वह फंदे से लटकी थी। परिजनों इस बात की जानकारी मृतका के परिजनों व पुलिस को दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा लोकमोर्चा

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- नौ दलों का गठबंधन मिलकर करेगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि समान विचारधारा वाले नौ दलों का गठबंधन लोकमोर्चा 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था फेल हो चुकी है। हर वर्ग के लोग त्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में भाजपा का सत्ता से बाहर किया जाना जरूरी है। मौर्य गुरुवार को एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान सहयोगी दलों के प्रमुखों के साथ अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य।

उन्होंने कहा कि नौ दलों के प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री घोषित किया है, वह सभी दलों को साथ में लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी दल स्वतंत्र तौर पर अपने आयोजन करेंगे, इस बीच लोकमोर्चा के नेतृत्व में संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने मोर्चा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय व राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए हिस्सेदारी आधारित 'कॉमन मिनिमम प्रोग्राम' के तहत कार्य करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्च में शामिल राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजामणि सुव्वैया राय, जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्धार्थ, सर्वलोकहित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य नारायण मौर्य, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम कोरी, सबका दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजकुमार सैनी मौजूद रहे।

### 38 एफआरयू में रेडियोलॉजिस्ट तैनात मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न जिलों में निष्क्रिय एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) में अल्ट्रासाउंड एवं एलएसएए प्रशिक्षण प्राप्त 38 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने गुरुवार को बताया कि पीएमएस में रेडियोलॉजिस्टों की कमी है, इसलिए एमबीबीएस डॉक्टरों को अल्ट्रासाउंड का प्रशिक्षण दिलाया जाता है। उक्त क्रम में संभल के असमोली सीएचसी पर तैनात डॉ.संदीप सिंह को जिला चिकित्सालय में तैनात किया गया है। इन्होंने एलएसएएस का प्रशिक्षण लिया है। इसी प्रकार डॉ.अर्चना यादव को बरेली गवर्मेंट हेल्थ स्कूल से हटाकर संभल के जिला चिकित्सालय में स्थानान्तरित किया गया, इसके अलावा डॉ.उत्कर्ष त्रिपाठी को ललितपुर के सीएचसी मडावरा में तैनात किया गया है। कुल 38 डॉक्टरों को प्रशिक्षण के बाद दूसरे एफआरयू में तैनात किया गया है।

# जनता की संतुष्टि ही बनेगी जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी डीएम के कार्यों की हो रही नियमित मॉनिटरिंग, योजनाओं का हो रहा जमीनी मूल्यांकन

**अमृत विचार :** जनता की संतुष्टि ही अब यूपी के जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाणपत्र होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों के डीएम के प्रशासनिक कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का जमीनी मूल्यांकन भी किया जा रहा है। ऐसे में सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टॉप टेन में आने को लेकर सभी जिलों के डीएम के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

दरअसल, रैंकिंग के लिए कुल 10 नंबर निर्धारित है। कुल निर्धारित अंकों में से अधिकतम अंक पाने के आधार पर ही जिलों की रैंकिंग तय की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह डैशबोर्ड तैयार किया गया है। ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हाल ही में राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 के लिए सीएम डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग जारी की है। इसमें यूपी के टॉप 10 आईएएस अधिकारियों की सूची जारी की गई, जो जनसेवा में समर्पण के लिए टॉप पर रहे हैं। इसमें महराजगंज के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा टॉप पर रहे हैं। वहीं, इस सूची में आईएएस राजेश कुमार पांडेय, आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल समेत कई नाम शामिल हैं। बता दें कि यह रैंकिंग जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व सुधार और समग्र विकास कार्यों के आधार पर तैयार की गई है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जगह बनाने को बढ़ी प्रतिस्पर्धा

जिलाधिकारियों में प्रतिस्पर्धा का आलम समझना हो तो उदाहरण के तौर पर लखीमपुर जिले को लिया जा सकता है। बीते दिनों सीएम डैशबोर्ड में लखीमपुर के पिछड़ने के पीछे चार विभागों के अफसरों की लापरवाही सामने आई थी। स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लापरवाही की वजह से जनपद की रैंक गिर गई थी। राजस्व वसूली में भी जिला काफी पिछड़ गया था। डीएम को संबंधित अफसरों को चेतावनी जारी करनी पड़ी थी। हालांकि ताजा रैंकिंग में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मोर्चे पर लखीमपुर का कार्य सराहनीय रहा और इस बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर ही लिया। वहीं, बरेली डीएम अविनाश सिंह ने भी शहरी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी रहते हुए टॉप टेन में जगह बनायी। इसी तरह श्रावस्ती, कुशीनगर, ललितपुर, हरदोई और मुजफ्फरनगर जैसे कुछ अन्य जिले भी इस बार अलग-अलग मोर्चों पर सफल होकर जनता को संतुष्ट करने में कामयाब रहे।

## वर्ग पहेली- 460

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।, 1. झालने (अर्थात धातु की चीज़ों को टाँका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम; किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| 4 | | | | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | |
| ■ | ■ | 5 | | | |
| 6 | | | | ■ | ■ |
| | ■ | | ■ | 7 | |

### वर्ग पहेली -459 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रैं | क |

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-15.18 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढा 11.21 तक तत्पश्चात उत्तराषाढा।

**मेष:** आज धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिंता अवश्य रहेगी। जीवनसाथी का भाग्य आपका काफी सहयोग करेगा।

**वृष:** आज भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं। इसीलिए आज कोई नया काम न करें। आपको कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट को लेकर काफी परेशान होना पड़ सकता है। हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। अध्यात्मिक चिन्तन के लिए दिन काफी उपयुक्त है।

**मिथुन:** आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लंबी दूरी की यात्रा के लिए जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है। सोशल मीडिया में आप गम्भीर मुद्दों पर आपनी राय रख सकते हैं।

**कर्क:** आज अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे। आज किसी को भी धन उधार न दें वरना वापस मिलने में समस्या होगी।

**सिंह:** आज सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी समस्या होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रही बाधा दूर होगी। ऑफिस के वातावरण में सुकून रहेगा।

**कन्या:** आज क्रोध के कारण आपके नजदीकी संबंध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा। पुराने रोग दोबारा उभरने की आशंका है। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो आपके स्वाभिमान को चोट करता हो। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में राजनीति का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों को परिवार की स्वीकृति मिलने की संभावना है। करियर में आगे बढ़ने के नये विकल्प आपके सामने आयेंगे।

**वृश्चिक:** आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। महिलाओं को गले में खराश की समस्या हो सकती है। आज आपका मन थोड़ा उदास रहेगा। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**धनु:** आज कई दिनों से रुका हुआ कार्य प्रारम्भ हो सकता है। व्यापार में आ रही समस्याओं को दूर करने में सफल रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों का काफी अच्छी तरह से उपयोग कर पायेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों की सलाह से लाभ होगा।

**मकर:** आज अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियां कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। जॉब में आपको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पेट में रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ:** आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन करवा सकते हैं। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबारियों को अचानक बड़े ऑर्डर मिलने की संभावना है।

**मीन:** आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं की पहचान होगी। लोग आपके विचारों को काफी अहमियत देंगे। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ परिवर्तन देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

## एक नजर

### भटके बालक को परिजनों से मिलवाया

सुलतानपुर, अमृत विचार : बस अड्डे के पास 5 जून को भटकते मिले 12 वर्षीय अंसार अहमद को कोतवाली नगर के एसआई अनिल कुमार यादव ने न्यायिक मजिस्ट्रेट शिव मूर्ति पांडेय के सहयोग से चाइल्ड लाइन में सुरक्षित कराया। छह जून को उसे बाल गृह लखनऊ भेजा गया। नौ जून को परिजनों की पहचान होने पर गुरुवार को न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में उसकी मां साबरूल निशा और मामा मोहर्रम अली को सौंपा गया।

### झटका मशीन की चपेट में आया युवक, मौके पर मौत

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : गुरुवार सुबह दखिनवारा गांव में एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय सुशील यादव उर्फ बब्बन की झटका मशीन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सुशील सुबह अपने गन्ने के खेत में निराई कर रहा था। इसी दौरान खेत में लगे झटका मशीन के करंट प्रवाहित तारों की जद में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद गांव में सनसनी फैल गई। सुशील परिवार का इकलौता कमाने वाला था और अपने पीछे पत्नी सोनिका और दो वर्षीय बेटे अंश को छोड़ गया है।

### कूरेभार स्टेशन पर ट्रेन से कटकर व्यक्ति ने दी जान

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : लंबे समय से किडनी की बीमारी से परेशान कालीचरन सिंह (55) ने बुधवार शाम कूरेभार स्टेशन पर मालगाड़ी के नीचे लेटकर आत्महत्या कर ली। वह बभनगंवा गांव के निवासी थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है।

# सुरेंद्र हत्याकांड में 4 दोषियों को उम्रकैद

## कोर्ट ने 2 लाख 5 हजार का अर्थदंड लगाया, अमेठी के अमरबोझा बरौलिया गांव में हुई थी घटना

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** चुनावी रंजिश में छह वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश लक्ष्मीकांत शुक्ल की अदालत ने चार आरोपियों को गुरुवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। सोमवार को दोषी आरोपियों वसीम नसीम, रामचंद्र और अतुल उर्फ गोलू को जेल से तलब कर जिला जज लक्ष्मीकांत शुक्ल ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक दोषी पर 50-50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। वहीं, आरोपी वसीम को आर्म्स एक्ट के तहत दो साल व पांच हजार रुपए अर्थदंड की अतिरिक्त सजा सुना कर जेल भेज दिया। कोर्ट ने अर्थदंड की आधी धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति मृतक के परिवार को देने का आदेश भी दिया है।

डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र के मुताबिक अमेठी जिले के जामो थाने के अमरबोझा बरौलिया निवासी नरेंद्र बहादुर सिंह ने 25 मई 2019 की रात करीब 11:30 बजे हुई घटना के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप के मुताबिक, वादी के छोटे भाई सुरेंद्र प्रताप सिंह बरामदे में सोए थे। बगल में भतीजा अनुराग व अभय भी सोए हुए थे। इसी बीच गोली मारकर आरोपियों ने सुरेंद्र प्रताप की हत्या कर दी। बरौलिया निवासी वसीम व उसके भाई नसीम, सह आरोपी धर्मनाथ गुप्ता, तत्कालीन बीडीसी राम चंद्र व पीढ़ी फुरसतगंज निवासी अतुल उर्फ गोलू के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ।

**स्मृति ईरानी ने दिया था कंधा**

पूर्व ग्राम प्रधान सुरेंद्र प्रताप सिंह की हत्या के बाद अमेठी की तत्कालीन सांसद व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी उनके घर पहुंची थीं। उन्होंने अर्थी को कंधा दिया था। मीडिया में यह मामला सुर्खियां बटोरी थी।



दोषियों को जेल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

### दुष्कर्मी को पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 20 साल की कैद

▸▸ कोर्ट ने 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया

संवाददाता, सुलतानपुर : गोसाईगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में बीते साल किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के दोषी मोहम्मद अख्तर को पॉक्सो कोर्ट के न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने गुरुवार को 20 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की संपूर्ण रकम कोर्ट ने पीड़िता को देने का आदेश भी दिया है। एडीजीसी रमेश चन्द्र सिंह के मुताबिक 11 फरवरी 2024 की घटना में दर्ज हुए केस में पीडिता के परिवार वालों ने आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दोषी ने दुष्कर्म जैसी वारदात को अंजाम दिया तथा किसी को बताने पर हत्या की धमकी दी। तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। अभियोजन पक्ष की तरफ मुकदमे के दौरान पेश किए गए गवाहों के साक्ष्यों के आधार पर को कोर्ट ने दोषी को 20 साल की सजा सुनाकर जेल भेज दिया।

### विजय नारायण सिंह हत्याकांड में गवाही टली

शहर के चर्चित विजय नारायण सिंह हत्याकांड में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी। वादी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया अभियोजन गवाह दिनेश कुमार के न आने से की गवाही 24 जून तक टल गई। मामले में गवाह दिनेश से अगली सुनवाई पर बचाव पक्ष जिरह करेगा। गौरतलब है कि सात अप्रैल 2024 को दरियापुर तिराहे पर कोतवाली नगर के नारायणपुर निवासी विजय नारायण सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जबकि उनके साथी अनूप शर्मा घायल हो गए थे। इस मामले में अम्बेडकरनगर जिले के महरुआ थाने के लोधवा हरिनाथ पुर गांव निवासी अजय सिंह सिलावट समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया गया था।

### चाचा-भतीजा हत्याकांड में वादी की गवाही दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर : मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या से जुड़े मामले में गुरुवार को अभियोजन गवाह वादी मुकदमा दुर्गेश यादव की गवाही न्यायाधीश संतोष कुमार की अदालत में दर्ज की गई। बचाव पक्ष के मौका लेने के कारण कोर्ट ने जिरह के लिए 13 जून की तारीख तय की है। सहायक शासकीय अधिवक्ता वेद प्रकाश ने बताया अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन, संजय यादव प्रधान, मनोज यादव, डब्बू यादव, मुइनुद्दीन, मुकेश यादव, राहुल यादव, अभय यादव, अंकित यादव, कल्लू, हरीफूल शुक्ल, वसीर समेत कुल 13 आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित गंभीर आरोपों में चार्जशीट दाखिल हुई थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : लखनऊ-वाराणसी रेलखंड पर शिव नगर रेलवे स्टेशन से चंद कदम दूरी पर ट्रेन की चपेट में आने से वृद्ध की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची जीआरपी पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखकर शिनाख्त का प्रयास किया। कुड़वार थाना क्षेत्र के बेला पश्चिम निवासी श्याम लाल मौर्य (62) पुत्र दयाराम मौर्य बुधवार शाम को घर से निकले थे। जो रात में घर वापस नहीं लौटे। परिजनों के अनुसार वृद्ध की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। गुरुवार सुबह वृद्ध का शव शिवनगर पूर्वी क्रासिंग के निकट रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। जीआरपी के क्षेत्र में होने की वजह से सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अज्ञात में कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों ने मोर्चरी पहुंच कर शव की शिनाख्त की। जीआरपी थानाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शव की शिनाख्त के बाद पंचनामा की कार्यवाही करके शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक के एक बेटा व तीन बेटियां हैं।

# कम उपस्थिति वाले आठ बीईओ का रोका गया वेतन

▸▸ मई में इन ब्लॉक के विद्यालयों में 70 फीसद से कम रही उपस्थिति

जिला संवाददाता, सुलतानपुर, **अमृत विचारः** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर मई 2025 की समीक्षा में परिषदीय स्कूलों में विद्यार्थियों की औसत उपस्थिति की स्थिति चिंताजनक पाई गई है।

नगर क्षेत्र में सबसे कम 63.1 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि धनपतगंज, कुड़वार, लम्भुआ, कादीपुर, बल्दीराय, भदैंया और कूरेभार विकास खंडों में उपस्थिति 70 प्रतिशत से भी कम रही। इस पर बीएस उपेन्द्र गुप्ता ने कड़ा रुख अपनाते हुए संबंधित खंड शिक्षा अधिकारियों का वेतन अग्रिम आदेश तक रोके जाने का निर्देश जारी किया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जब तक इन क्षेत्रों में उपस्थिति 75 प्रतिशत या उससे अधिक नहीं होती, तब तक वेतन भुगतान पर विचार नहीं किया जाएगा। वहीं, प्रतापपुर कमैचा, मोतिगरपुर, दूबेपुर, जयसिंहपुर व करौदीकला जैसे विकास खंडों में उपस्थिति 70 से 75 प्रतिशत के बीच दर्ज की गई है। इन क्षेत्रों के खंड शिक्षा अधिकारियों को कठोर चेतावनी दी गई है और निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल रणनीति बनाकर उपस्थिति बढ़ाएं। ऐसा न होने पर उनके विरुद्ध भी नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# कलान गांव में 4 घरों से लाखों की चोरी

अखंडनगर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के कलान गांव में बुधवार रात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाते हुए लगभग 50 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है, वहीं पुलिस गश्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी संजय चौरसिया पुत्र राजाराम चौरसिया के घर रात लगभग 12 बजे से 2:30 बजे के बीच अज्ञात चोरों ने धावा बोला और करीब 35 लाख रुपये के आभूषण व 2000 रुपये नकद चोरी कर लिए। इसी गांव के रामप्रकाश चौरसिया पुत्र बाबूलाल चौरसिया के घर से चोरों ने अनाज के साथ-साथ करीब 40 हजार रुपये की नकदी भी उड़ा ली। तीसरी घटना केशव राजभर के घर हुई, जहां चोरों ने 13 लाख रुपये के गहने व 5 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ किया। चौथी चोरी दुर्बली राजभर के घर में हुई, जहां से चोर करीब आठ लाख के जेवर व नकदी चूरा लिए। ग्रामीणों ने पुलिस से पूरे मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पीड़ितों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोग दहशत में हैं और रात्रि गश्त पूरी तरह निष्क्रिय साबित हो रही है। एसओ ने कहा कि जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। जल्द खुलासा किया जाएगा।


चोरी के बाद घर के पीछे बिखरा सामान। अमृत विचार

▸▸ अखंडनगर पुलिस की गश्त पर लग रहे सवालिया निशान, घटना से ग्रामीणों में दहशत

# एएनएम को दी जान से मारने की धमकी

लंभुआ, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** प्रधान पति से ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के खाते के संबंध में जानकारी चाहना एएनएम के लिए महंगा साबित हुआ। प्रधान पति पर एएनएम को गाली देने तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट करने का भी आरोप लगा है। सूचना मिलते ही क्षेत्र की काफी संख्या में एएनएम ने विरोध जताया और पुलिस को तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की।

अमेठी जनपद कोतवाली गौरीगंज हसरम दूबे का पुरवा निवासी दीपशिखा श्रीवास्तव लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के शाहगढ़ एएनएम सेंटर पर तैनात है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सोनकर बस्ती में दिन में टीकाकरण कर रही थी। उसके बाद ग्राम प्रधान पूजा सोनकर से मिलने गई। ग्राम प्रधान ने कहा कि हमारे पति सारा कार्य देखते हैं, आओ उनसे मुलाकात करा दें। मुलाकात कराने के बाद जब एएनएम ने प्रधान पति से ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के खाते के संबंध में जानकारी चाही तो गंदी गंदी गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी और मारपीट पर आमादा हो गए। कुछ लोगों द्वारा बीच बचाव करने पर जान बची। जैसी ही इसकी सूचना क्षेत्र की अन्य एएनएम सुनी वैसे ही दर्जनों की संख्या में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर विरोध जताया और कोतवाली में जाकर पुलिस को तहरीर दी। कोतवाली प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि एएनएम ने तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।


तहरीर देने कोतवाली पहुंची क्षेत्र की एएनएम व अन्य स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

▸▸ दर्जनों एएनएम ने प्रधान पति के खिलाफ किया प्रदर्शन

# भाजपा ने नगर समेत 19 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित की

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल के अनुमोदन के बाद जनपद में गठित 21 मण्डलों में से नगर, दूबेपुर, कटका, भदैंया, धनपतगंज, लंभुआ, मोतिगरपुर समेत 19 मंडलों की कार्यकारिणी घोषित कर दी है। मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक मंडल में अध्यक्ष समेत 16 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित की गई है। कार्यकारिणी में 6 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री व एक कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। नगर में शिवराम सोनकर, लालेन्द्र प्रताप सिंह, रेनू सिंह, मंजू तिवारी, अजय सिंह व हिमांशु गुप्ता को उपाध्यक्ष, सौरभ पांडेय व अनुज प्रताप सिंह को महामंत्री, पंकज कुमार, मोहित साहू, प्रदीप मिश्रा, सतनाम सिंह, वीरेन्द्र गुप्ता व संदीप गुप्ता को मंत्री व अलका को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने सभी नवनियुक्त मण्डल पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठनात्मक संरचना को बूथ तक मजबूत करने का आह्वान किया है। निवर्तमान जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष गिरीश नारायन सिंह, डॉ सीताशरण त्रिपाठी, करूणा शंकर द्विवेदी, जगजीत सिंह छंगू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य घनश्याम चौहान, पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा, जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी, संदीप सिंह, संजय सोमवंशी, धर्मेन्द्र कुमार, जिला उपाध्यक्ष अनीता पाण्डेय, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू, राजेश सिंह, मनोज मौर्य, प्रदीप शुक्ला आदि ने नवनियुक्त मण्डल पदाधिकारियों को बधाई दी है। वहीं, पदाधिकारियों की घोषणा होते ही संगठन में बगावत शुरू हो गई है। विहिप के पूर्व जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव बिल्लू ने नगर कार्यकारिणी में एक भी कायस्थ के न रखे जाने पर सवाल खड़ा किया है। जबकि, कई अन्य पदाधिकारियों ने तो इस्तीफे की पेशकस कर दी है।

## राज्य स्तरीय कबड्डी कैंप में कोमल का चयन

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** कुड़वार के बहुबरा गांव निवासी कोमल यादव का चयन वराणसी में आयोजित राज्य स्तरीय कबड्डी ट्रायल में हुआ है। कोमल अब 16 से 26 जून तक आगरा स्पोर्ट्स कॉलेज में आयोजित कैंप में हिस्सा लेंगी। कोमल वर्तमान में एमजीएस ग्राउंड सुलतानपुर में कोच राजकुमार सरोज की देखरेख में अभ्यास कर रही हैं। दिवंगत रेलवे कर्मचारी हृदय राम यादव की पुत्री कोमल के चयन पर एमजीएस प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह, क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह व व्यायाम शिक्षक राजेश कनौजिया ने खुशी जताई। 28 जून से हरिद्वार में होने वाले जूनियर नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता के लिए कोमल की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है।

## सार-संक्षेप


विजय नारायण को एमएलसी व सीडीओ ने किया सम्मानित। अमृत विचार

### हैंडबाल खिलाड़ी विजय नारायण सेन सम्मानित

▸▸ विधान परिषद सदस्य व सीडीओ ने दी 15 हजार की पुरस्कार राशि

सुलतानपुर, अमृत विचार : स्कूली खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले हैंडबाल खिलाड़ी विजय नारायण सेन को एक कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा 15 हजार रुपये की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। अयोध्या मंडल से स्कूली खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विजय को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व की बात है। जिला हैंडबाल संघ के सचिव और स्टेडियम कोच प्रवीण मिश्रा ने बताया कि विजय एमजीएस इंटर कॉलेज का छात्र है और पिछले पांच वर्षों से उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहा है। विजय की इस सफलता पर प्रधानाचार्य महेश सिंह, माध्यमिक क्रीड़ा सचिव दिलीप सिंह, व्यायाम शिक्षक राजेश कनौजिया, मंडल व्यायाम शिक्षक राहुल तिवारी, शिक्षक मुनेन्द्र मिश्रा, कोच प्रदीप यादव, आशुतोष गुप्ता और शमा बानो ने प्रसन्नता जताई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### राहुल गांधी कर रहे लोकतंत्र की रक्षाः राजेश

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचार : इसौली विधानसभा क्षेत्र के हरखपुर गांव में शनिवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा 'संविधान बचाओ रैली' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर तीखे हमले किए और लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनता से एकजुट होने की अपील की। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव अर्जुन पासी ने कहा कि आज बीजेपी संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। निवर्तमान राष्ट्रीय मीडिया कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष अभिषेक राणा ने कहा कि जब कांग्रेस मजबूत होगी, तो संवैधानिक संस्थाएं भी मजबूत होंगी। हर कार्यकर्ता को अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाने के लिए आगे आना चाहिए। रैली को फिरोज अहमद खान, जगदीश सिंह, निकलेश सरोज, हौसिला भीम, मनोज तिवारी, अनवर अंसारी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर ब्लॉक कुरवार से नंदलाल मौर्य, मोनू, मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।

### खड़े ट्रक में मिला चालक का शव

लंभुआ, सुलतानपुर अमृत विचार : लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में स्थित कैलाश मैरिज लॉन के निकट लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दोपहर में एक ट्रक खड़ा दिखाई पड़ा। जिसमें ट्रक चालक का शव मिला। बगल से जा रही दूसरे ट्रक चालक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने बताया कि बिहार राज्य के सिवान रामपुर सरहरी निवासी त्रिभुवन महतो पुत्र झगरू महतो उम्र लगभग 58 वर्ष का शव ट्रक में पाया गया। ट्रक चालक के घर वालों को सूचना दे दी गई है। घर वाले आ रहे हैं। पुलिस चालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दी।

### पैसा न देने पर दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : खरीदे गए क्रेशर का पूरा पैसा न देने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो लोगों के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के बीरी हाजीपुर गांव के वीरेंद्र निषाद ने बीते 24 अप्रैल 2025 को दोस्तपुर थाने के हटियवा गांव के शिवम वर्मा एवं जयसिंहपुर गांव के अजय वर्मा के हाथ अपना गन्ने का क्रेशर एवं मशीन तथा 25 हॉर्स पावर का डीजल इंजन, सफ्टीन, पुल्ली सेट, तीन पीस कराह, छन्ना, पलटा तीन लाख 31 हजार रुपए में बचा था। खरीदते समय ही उसे उक्त दोनों लोगों ने 2 लाख 22 हजार 850 रुपए नगद ऑनलाइन दे दिया था। बचे हुए लगभग एक लख रुपए घर चलने पर देने की बात कही थी। जब वह पैसा लेने उनके घर गया तो आरोप है कि उन लोगों ने गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिए। बुधवार को पीड़ित की दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने शिवम वर्मा एवं अजय वर्मा के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

### रंजिश में युवक को पीटा, मुकदमा दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द गांव के जगाई निषाद की विपत्तियों से पुरानी रंजिश चली आ रही थी। बुधवार को सुबह नौ बजे उनके भतीजे राम तीरथ (25) खेत से अपने घर आ रही थे। रास्ते में ही विपक्षीगण पहले से घात लगाए बैठे थे। आरोप है कि उन्हें देखते ही विपक्षियों ने लाठी, डंडे एवं लोहे के राड से मारने पीटने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के चाचा जगाई निषाद की तहरीर पर बुधवार को देर शाम पुलिस ने गांव के मुन्ना यादव, भोले यादव, आदित्य यादव, मंगल एवं अमित के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

# सर्विस सेंटर पर धुलाई का काम कर रहे युवक की मौत

भदैंया, सुलतानपुर

▸▸ फर्राटा पंखे में उतरे करंट के संपर्क में आने से हुआ हादसा

**अमृत विचारः** कोतवाली देहात क्षेत्र के लोहरामऊ गांव स्थित एक सर्विस सेंटर पर गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब वहां काम करने वाले एक युवक का शव कमरे में संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक की पहचान 40 वर्षीय इन्द्रजीत पुत्र रामराज निवासी हीरापुर मचहटी, थाना चंदवक, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।

इन्द्रजीत करीब चार वर्षों से सर्विस सेंटर पर वाहन धुलाई का काम कर रहा था और सेंटर परिसर में बने एक कमरे में ही रहता था। सुबह करीब सात बजे जब एक ग्राहक सेंटर पर पहुंचा, तो मालिक इन्द्रजीत को बुलाने उसके कमरे में गए। वहां देखा गया कि वह फर्राटा पंखे से चिपका हुआ, बिस्तर से नीचे गिरा पड़ा था। मालिक ने उसे तुरंत हटाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रारंभिक जांच में आशंका है कि पंखे में करंट उतरने के कारण उसकी मौत हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# रक्तदान महादान, संकट में मानवता की मिसाल

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** रक्तदान महादान है। जिले के तीनों ब्लड बैंक में इन दिनों एबी पॉजिटिव ब्लड नहीं है। ऐसे में मरीज व तीमारदारों को काफी परेशानी हो रही है।

बुधवार की रात महिला अस्पताल में भर्ती एक प्रसूता को ब्लड करीब छह प्वाइंट होने पर चिकित्सकों ने खून चढ़ाने की सलाह दी। प्रसूता का एबी पॉजीटिव ग्रुप का ही रक्त चढ़ सकता था, जो जिले के तीनों ब्लड बैंक में नहीं था। आजाद समाज सेवा समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह को इसकी जानकारी मिली तो अपने साथी आलोक निषाद को बुलाकर तत्काल रक्तदान कर ब्लड की व्यवस्था कराई। गुरुवार को जिला अस्पताल में भर्ती एक मरीज को अचानक एबी पॉजिटिव रक्त की जरूरत पड़ी। जैसे ही जानकारी राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान को मिली, उन्होंने तुरंत प्रयास शुरू किए। शिक्षक शुभम त्रिपाठी ने बिना देर किए रक्तदान कर एक अनजान मरीज की जान बचाई। इस मौके पर डॉ. शादाब अहमद, अनुराग पांडेय और धर्मेन्द्र यादव ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। वहीं, इंडिया एंटी करप्शन फोर्स (रजि.) के स्थापना दिवस पर ब्लड बैंक सुलतानपुर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. सलिल श्रीवास्तव और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आरके मिश्रा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष रमाशंकर पांडेय, महासचिव विपिन मिश्र, देवेंद्र पाठक, उमेश तिवारी, राजीव तिवारी, संतोष मिश्र, पंकज तिवारी समेत 15 सदस्यों ने रक्तदान किया।



रक्तदान करते आलोक निषाद। जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान करते समाजसेवी शिक्षक शुभम त्रिपाठी।

▸▸ जिले के तीनों ब्लड बैंक में नहीं है एबी पॉजिटिव ब्लड, सामाजिक संगठन कर रहे लोगों की मदद

**आयोजन** लखनऊ स्थित लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी ने गोल्ड मेडल, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और एक लाख रुपये का चेक सौंपा

# प्रदेश में दूसरा स्थान पाने वाले आदर्श को मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** जिले के महमूदपुर जंगल गांव निवासी मेधावी छात्र आदर्श यादव को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित छात्र सम्मान समारोह के दौरान गोल्ड मेडल, प्रशस्ति पत्र, टैबलेट और एक लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया।

आदर्श यादव, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, झारखंड कादीपुर का छात्र है। उसने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा 2024 में 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। इससे पहले, वर्ष 2023 में हाईस्कूल की परीक्षा में 97.17 प्रतिशत अंक लाकर छठवां स्थान हासिल किया था। आदर्श की इस उपलब्धि पर उनके पिता बिंदेश्वरी यादव, जो मुंबई में मोबाइल की दुकान चलाते हैं, ने फोन पर खुशी जताते हुए कहा, बेटे की सफलता से न सिर्फ हमारा परिवार बल्कि पूरा गांव और विद्यालय परिवार गौरव महसूस कर रहा है। मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित होना हमारे लिए सम्मान की बात है। इस सफलता ने आदर्श को जिले भर में प्रेरणास्त्रोत बना दिया है। विद्यालय, शिक्षक और गांव के लोग भी छात्र की उपलब्धि पर गर्व कर रहे हैं।



मुख्यमंत्री ने लखनऊ में जिले के मेधावी आदर्श यादव को किया सम्मानित।

### छात्रों को मिला टैबलेट तो खिल उठे चेहरे

गोसाईगंज, सुलतानपुर : उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत एन.पी.एस. आई.टी. आई./ एन.पी.एस कॉलेज ऑफ लॉ, चांदपुर सैदोपट्टी, द्वारिकागंज में गुरुवार को टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के मैनेजर संजय सिंह मोनू द्वारा 2022 और 2024 में उत्तीर्ण 50 से अधिक छात्रों को निशुल्क टैबलेट वितरित किए गए। टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे पर उत्साह और प्रसन्नता साफ झलक रही थी। प्रधानाचार्य देव प्रकाश मिश्र ने बताया कि जो पात्र छात्र अभी तक टैबलेट से वंचित हैं, वे शीघ्र अपना केवाईसी पूरा कर लें, ताकि उन्हें भी योजना का लाभ मिल सके। शिक्षक राकेश कुमार, रमेश श्रीवास्तव, कृष्णकांत पाण्डेय, कन्हैया लाल गुप्ता, सौरभ मिश्र विनम्र, वीर विक्रम सिंह, अभिषेक शुक्ला, कृष्ण कुमार दुबे, मुकेश कुमार, शैलेश कुमार, धर्मेंद्र यादव, अभिषेक वर्मा सहित कई छात्र मौजूद रहे।



विद्यार्थियों को वितरित किया गया टैबलेट। अमृत विचार

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कुशीनगर, अमृत विचार :** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सिधावल मसुरगंज मार्ग पर सोहरौना गांव के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस के अनुसार, पकड़ी निवासी विचित्र मणि उर्फ पिन्टू गिरी (35) सोनबरसा एचपी गैस एजेंसी पर कार्य करता था। वह बाइक से अपने गांव जा रहा था। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के सोहरौना गांव के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### समय से पूरा करायें निर्माण कार्य : डीएम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने विधानसभा बांसी के बागेश्वरी, आमचन्द्र मन्दिर के पर्यटन विकास कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की प्रगति धीमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

### डीएम ने मार्ग का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 द्वारा बांसी टाउन फीडर मार्ग (शहरी मार्ग) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मार्ग की चौड़ाई को देखा गया एवं सड़क को खोदवाकर गुणवत्ता देखी तथा अपने सामने सेम्पल को सील कराकर जांच हेतु लैब भेजने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मंगल बाजार में बने नाली की चौड़ाई एवं गहराई को नपवाकर देखा गया।

# सम्मान पाकर खिल उठे मेधावियों के चेहरे

## लखनऊ के लोक भवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** अंबेडकर सभागार में गुरुवार को यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र-छात्राओं व मंडल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मान पाकर मेधावियों के चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही लखनऊ के लोक भवन में आयोजित मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का सीधा प्रसारण देखा गया।

डुमरियागंज सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने दीप जलाकर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बांसी विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों का प्रदेश स्तर व जनपद स्तर पर सम्मान किया जा रहा है। डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने मेधावी छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि इनके शिक्षक एवं माता-पिता भी बधाई के पात्र है। डुमरियागंज सांसद प्रतिनिधि एसपी अग्रवाल ने मेधावियों को बधाई दी। मुख्य विकास अधिकारी ने आभार जताया। यूपी बोर्ड हाईस्कूल की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले आस्था पटेल, दिव्यांशी त्रिपाठी, तरुण जायसवाल, उम्मे सलमा फारुकी, राहुल कुमार, प्रशान्त पाण्डेय, आर्यन गुप्ता, आलोक चौरसिया, आभा श्रीवास्तव, कली, वर्मा, रूदेश, इंटर की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले अनुष्का पटेल, शिवांगी सिंह, अंशिका सक्सेना, शानवी सिंह, दिवं्याशी,सुभ्रा मिश्रा, निहारिका, अंशिका पाण्डेय,लकी त्रिपाठी एवं एकता त्रिपाठी को टेबलेट, मेडल, चेक एवं मेधावी छात्र सम्मान प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा मण्डल स्तरीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता की बालिका खिलाड़ी गांधी आदर्श विद्यालय इंका, बढ़नी बालीवाल के खिलाड़ी सुमन गौड़, गायत्री, अंशिका सोनी, सोनी पासवान, रितिका चौधरी, आंचल, गुड़िया, सिंहेश्वरी इन्टर कालेज तेतरी बाजार से स्नेहा यरदव, नेहा यादव, वन्दना यादव, साधना यादव, अंशिका यादव, उजाला गोस्वामी, मोनिका विश्वकर्मा, तथा वालीबाल बालक खिलाड़ी गांधी आदर्श विद्यालय इंका, बढ़नी मोहम्मद आफताब, मनुउवर हुसैन, अहमद सिद्दीकी, जैद अहमद तथा बालक खिलाड़ी सिंहेश्वरी इन्टर कालेज तेतरी बाजार अनूप यादव, सचिन को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, अध्यापक, बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे।


मेधावी छात्र को सम्मानित करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

# कुशीनगर के पिपरही में गला रेतकर युवक की हत्या

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के पिपरही में बुधवार की रात 35 वर्षीय एक युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गयी। हत्यारों ने शव को गांव के बाहर कब्रिस्तान में फेंक दिया । युवक के परिजनों ने तहरीर देकर गांव के एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है।

रात को दो बजे घटनास्थल पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी है। अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के पिपरही निवासी सत्तार (35) पुत्र इसहार अंसारी बुधवार की रात अपने मोहल्ले में हो रहे मिलाद कार्यक्रम में शमिल होने गया हुआ था। देर रात तक जब वह घर नही पहुंचा तो परिजन परेशान होकर उसकी तलाश करने लगे। किसी ने गांव के बाहर सड़क पर खून गिरे होने की बात बताई।

परिजन उस स्थान पर पहुंचे। गिरे खून को देखते हुए कब्रिस्तान तक पहुंच गए। कब्रिस्तान के अंदर सत्तार का शव खून से लथपथ पड़ा हुआ था । घटना की जानकारी के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। परिजनों ने गांव के एक व्यक्ति पर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

# आरक्षित ई-टिकटों के साथ दो दलाल गिरफ्तार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** 11 जून को रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को प्लेटफार्म सं.-02 पर 01 बच्ची उम्र लगभग 03 वर्ष लावारिस हालत में मिली, जिसे चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया।

इसी दिन अपराध आसूचना शाखा व रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर द्वारा डोमिनगढ़ आरक्षण केंद्र से 01 टिकट दलाल को आरक्षित टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर 02 अदद आरक्षित टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी दिन रेलवे सुरक्षा बल आजमगढ द्वारा रेल आरक्षित ई टिकटों के अवैध कारोबार में संलिप्त पाकर एक व्यक्ति को 08 अदद रेल आरक्षित ई- टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया।

11 जून 2025 को रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी सं. 15031 के जनरल कोच में यात्री का छूटा 01 बैग मिला, जिसे यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने के उपरांत सत्यापन कर सुपुर्द किया गया। इसी दिन गाड़ी सं. 15113 के कोच सं. बी-2 के बर्थ सं.-45 पर यात्री का छूटा 01 पिठ्ठू बैग मिला, जिसे यात्री के उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन कर सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# 25 तक करा लें तटबंधों की मरम्मत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** बाढ़ पूर्व तैयारी समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ.राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं सीडीओ बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी गौरव श्रीवास्तव की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।

डीएम ने बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तटबन्धों पर की गई तैयारियों के बारे में समीक्षा की गयी। तटबन्धों के मरम्मत कार्य व अन्य कार्यो में कार्य की प्रगति धीमी होने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी मरम्मत कार्य 25 जून तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

# सभ्य समाज का निर्माण करती है शिक्षा

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में टॉप 10 स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों सहित अभिभावकों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। लोक भवन में आयोजित सम्मान समारोह का प्रसारण देखा गया।

हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले 10-10 विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए विधायक हाटा मोहन वर्मा एवं जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बधाई दी। डीएम ने कहा कि शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है। आपको मौका मिला है उसका लाभ उठाएं अपने लक्ष्य को हासिल करें। आप जिस भी क्षेत्र में जाना चाहते है उसमें पूरी तन्मयता, कठोर परिश्रम, मनोयोग से पढ़ाई करें। पढ़ाई केवल पैसा कमाने का जरिया नहीं होना चाहिए शिक्षा सभ्य समाज का निर्माण करती है। हाईस्कूल में एजाज अली 96.17% लाकर प्रथम ,उज्जवला सिंह 96% पाकर द्वितीय, आनंद कौशिक एवं अंश कुमार राव ने 95.33%, पलक गुप्ता ने 95.17%, निशु कुशवाहा, निखिल चौहान, अल्तमस बशीर, विकास मद्धेशिया, खुशी गुप्ता ने अच्छे अंक लाकर टॉप 10 के मेरिट में अपना स्थान बनाया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में आरजू खातून ने 94.20% अंक प्राप्त कर प्रथम ,अमृता यादव ने 90.80% अंक पाकर द्वितीय, जिज्ञासा चतुर्वेदी तृतीय, विनीता सिंह, खुशी गुप्ता, विनीत प्रियदर्शी, प्रतिमा निगम, दिव्यांजलि गुप्ता, आलोक यादव व सूरज यादव ने अच्छे अंक लाकर टॉप टेन मेरिट में स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने पढ़ाई में अनुभव साझा किये। हाटा विधायक मोहन वर्मा ने कहा कि पहले सेंटर मैनेज करने के लिए लोग भाग दौड़ करते थे लेकिन आज नकलविहीन परीक्षाएं संपन्न होती हैं। इस मौके पर डीआईओएस श्रवण कुमार गुप्ता, पीडी पीयूष सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी राहुल कुमार, विभिन्न विद्यालयों कॉलेजों के प्राचार्य व अभिभावक मौजूद रहे।


मेधावियों के साथ डीएम महेन्द्र सिंह तंवर, विधायक मोहन वर्मा सहित अन्य लोग।

# प्रेमी के साथ मिलकर की थी पति की हत्या

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**कन्नन हत्याकांड**
- मछलियों को खाने के लिए राप्ती नदी में फेंक दिया था शव
- हत्या के बाद 5 जून को दर्ज करायी थी पति की गुमशुदगी

**अमृत विचार।** इंदौर की सोनम ने शादी के बाद अपने पति की राजा रघुवंशी की हत्या अपने प्रेमी की साजिश से करा दी थी। ठीक इसी तर्ज पर जिले के ढेबरुआ के नजरगढ़वा गांव की संगीता ने प्रेमी के साथ अपने पति कन्नन की हत्या कर शव को मछलियों के खाने के लिए राप्ती नदी में फेंक दिया था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

नजरगढवा का कन्नन 18 साल पहले दिल्ली में काम करता था। इसी दौरान संगीता से उसे प्यार हुआ। दोनों ने शादी की और संगीता को लेकर कन्नन अपने गांव आ गया। उसका 10 साल का बेटा भी है। कन्नन इस मछली बेल्ट में मछली मारने के ठेके का काम करने लगा। डेढ़ वर्ष पूर्व 38 साल की संगीता की आंखें बलरामपुर के लक्षणपुर धर्मपुर थाना ललिया निवासी दस साल छोटे अनिल शुक्ल से लड़ गईं। संगीता के बयान के मुताबिक दोनों की मुलाकात एक यात्रा के दौरान हुई थी।

संगीता प्रेमी से अक्सर तुलसीपुर कस्बे में जाकर बहाने से मिलती थी। डेढ़ साल से चल रहे प्रेम में दोनों ने एक दूसरे का होने के लिए कन्नन की हत्या की साजिश रची। इसके बाद संगीता अपने पति कन्नन को बहाने से लेकर बलरामपुर गई। जहां उसने प्रेमी के साथ मिल कर कन्नन को नशीला पदार्थ खिलाया। इसके बाद कन्नन के बेहोश होने पर संगीता ने प्रेमी अनिल के साथ मिल कर पति को पास की राप्ती नदी में फेंक दिया। उसका मानना था कि लाश को तीन चार दिन में मछलियां खा जायेंगी तब सब कुछ ठीक हो जायेगा। लोगों की निगाह से बचने के लिए संगीता ने 5 जून को ढेबरूआ थाने में कन्नन की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। कन्नन संगीता के साथ बलरामपुर जाने के बाद से नहीं दिखा था। इसलिए पुलिस का शक संगीता पर भी गया। भाई बाबूलाल ने भी कुछ ऐसी शंका व्यक्त की। पुलिस ने संगीता को घेरा तो उसने पुलिस को सच बता दिया। उसने कन्नन को नदी में फेंके जाने की बात भी कही। मंगलवार को मौके पर पहुंची सिद्धार्थनगर और बलरामपुर पुलिस टीम ने संगीता की निशानदेही पर पुल से करीब डेढ़ किमी आगे बलरामपुर के देहात कोतवाली क्षेत्र के सेमरहना के पास नदी से कन्नन की लाश बरामद की। लाश मछलियों ने खा लिया था। केवल कंकाल ही बचा था। उसे कपड़ों से पहचाना गया। ग्राम प्रधान पतिनिधि राम सूरत यादव ने बताया कि कन्नन लगभग 18 वर्ष पहले दिल्ली से संगीता को प्रेम विवाह करके लाया था। एसएचओ गौरव कुमार सिंह ने बताया कि क्षेत्र की रेकहट ग्राम पंचायत के नजरगढ़वा की रहने वाली संगीता ने दो जून को पति कन्नन (48) की गुमशुदगी की तहरीर दी थी। जिसकी जांच के बाद यह कहानी सामने आई।

# रैली निकाल बाल श्रम न कराने को किया जागरूक

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर गुरुवार को मुख्यालय पर श्रम विभाग, एएचटीयू पुलिस एवं मानव सेवा संस्थान सेवा के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता रैली निकाल कर लोगों को बाल श्रम न कराये जाने को जागरूक किया गया।

नगर पालिका कार्यलय से निकाली गई रैली सिद्धार्थ तिराहा, रेलवे स्टेशन पहुंची। तत्पश्चात पुनः नगर पालिका कार्यालय पहुंची, जहां पर रैली का समापन किया गया।

इस अवसर पर श्रम पर्वतन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी ने बालश्रम करवाने वाले नियोक्ता के खिलाफ लगने वाली धाराओं के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस दौरान एएचटीयू प्रभारी निरीक्षक राम कृपाल शुक्ला ने बाल अधिकारों एवं बाल श्रम जैसी समस्याओं तथा पॉक्सो एवं जेजे एक्ट की जानकारी दी। मानव सेवा संस्थान सेवा के जिला समन्वयक जय प्रकाश गुप्ता ने बालश्रम, बाल तस्करी, बंधुआ मजदूर, बाल विवाह एवं बाल यौन उत्पीड़न से बचाव हेतु जानकारी दी। इस दौरान उप निरीक्षक हरिओम, संतोष कुमार सिंह, लक्ष्मन सिंह, मुख्य आरक्षी देवेंद्र यादव, आरक्षी आशुतोष सिंह, समरजीत चौरसिया, महिला आरक्षी इशरावती, ममता, गौरी दत्त तिवारी, शैलेंद्र आदि थे।

## सार-संक्षेप

### भारत-नेपाल सीमा का डीआईजी ने किया निरीक्षण



नेपाल सीमा का निरीक्षण करते डीआईजी। अमृत विचार

**ककरहवा सिद्धार्थनगर,अमृत विचार :** इंडो-नेपाल सीमा स्थित ककरहवा बॉर्डर पर गुरुवार को पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव त्यागी एंव सहायक आयुक्त सीमा शुल्क सुधीर त्यागी ने सयुंक्त रूप से बॉर्डर का जायजा लिया। इस दौरान सभी सुरक्षा एजेंसियों के साथ बैठक कर तस्करी पर नकेल कसने एंव पगडंडियों पर गश्त बढ़ाने की रणनीति पर गहन चर्चा हुई। उन्होंने सीमा चौकियों और सशस्त्र सीमा बल की तैनाती का भी जायजा लिया। साथ ही निगरानी व्यवस्था और स्थानीय पुलिस के समन्वय की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सीमा पार से होने वाली तस्करी पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए। सभी सुरक्षा एजेंसियों को आपस मे समंजस्य बनाकर कार्य करने के भी निर्देश दिये। वहीं नशीले पदार्थ, मानव तस्करी, अतिक्रमण और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्देश दिया। निरीक्षण में पुलिस अधीक्षक अभिषेक महाजन, सीओ मयंक दिवेदी, मोहाना थाना अध्यक्ष रोहित कुमार उपाध्याय, एसएसबी इंस्पेक्टर राम प्रताप सिंह चौकी इंचार्ज वीरेंद्र यादव आदि शामिल रहे।

### गर्मी में धान की नर्सरी डालने में किसानों को छूट रहे पसीने


धान की नर्सरी डालने के लिए खेत तैयार करता किसान।

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में किसानों को धान की नर्सरी डालने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस समय ज्यादातर किसान धान की नर्सरी डालने में लगे हैं। मौसम में परिवर्तन की झालक के बावजूद बारिश न होने के कारण धान की नर्सरी डालने के लिए किसानों को कड़ी धूप में पंपिंग सेट का सहारा लेना पड़ रहा है। हालांकि इस दौरान लू आदि के के कारण उनका जीवन खतरे में रहता है। खेसरहा क्षेत्र के किसान जानकी प्रसाद, बाल गोविंद, हरि नारायण, सोनू सिंह, राम कृपाल, माधव प्रसाद आदि किसानों का कहना है कि यदि धान की नर्सरी देर से पड़ती है, तो रोपाई में विलंब हो जाता है इससे उपज भी प्रभावित हो जाती है।

### ग्राम पंचायत मुजहना में फैली गंदगी

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** विकास खंड बढ़नी क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुजहना में साफ-सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। स्थानीय लोगों ने सफाई कर्मी पर लापरवाही का आरोप लगाया है। गांव निवासी रोहित गौतम, प्रेम चंद, धनीराम, वकील, माधव, नसीम आदि लोगों का कहना है कि ग्राम पंचायत में नियुक्त सफाई कर्मी महीने में कभी कभार ही आता है। जिसकी लापरवाही के कारण गांव में जगह जगह गंदगी का अंबार लगा रहता है। नाली की साफ-सफाई समय पर नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। जिसकी शिकायत भी पूर्व में ब्लाक स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों से की गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इस संबंध में एडीओ पंचायत राम विलास के मोबाइल नंबर पर कई बार सम्पर्क किया गया, लेकिन काल रिसीव न होने के कारण कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। वहीं बीडीओ बढ़नी का सीयूजी नंबर स्विच ऑफ बता रहा था।

### गुणवत्तापूर्ण ढंग से करायें सड़क का निर्माण कार्य

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने निर्माणाधीन छितही पड़री से रूधौली बखिरा मार्ग के किमी0-3 में 16 मी0 लम्बाई में वॉक्स कल्वर्ट निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समय से पूर्ण कराये। इसके साथ ही एप्रोच मार्ग को बनवाने हेतु निर्देश दिया।

# पाकिस्तानी नागरिक समेत 3 बंदी

संवाददाता, कुशीनगर

**कार्रवाई**
- कुशीनगर में पिछले 10 वर्ष से छिपकर रह रहा था
- फर्जी दस्तावेजों से ले रहा था सरकारी योजनाओं का लाभ

**अमृत विचार:** कुशीनगर जिले में पिछले 10 वर्ष से रह रहे एक पाकिस्तानी नागरिक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। फर्जी दस्तावेजों के सहारे वह सरकारी योजनाओं का लाभ भी ले रहा था।

हैरानी की बात यह हैं गिरफ्तार पाकिस्तानी नागरिक सेराजुल हक भारत की नागरिकता बड़ी आसानी से पा चुका था बल्कि कई ऐसे फर्जी दस्तावेजों के सहारे जिनमें वोटर कार्ड आधार कार्ड,राशन कार्ड,पैन कार्ड और आयुष्मान कार्ड भी कुशीनगर के ही रहने वाले दो लोगो की मदद से बनवाये थे।

कुशीनगर पुलिस की एलआईयू टीम को सूचना मिली कि पटहेरवा थाना क्षेत्र के पिपरा कनक गांव में एक विदेशी नागरिक लंबे समय से रह रहा है। जांच में पता चला कि यह शख्स सेराजुल हक है जो एलटीवी वीजा पर पाकिस्तान से आया था। पुलिस ने सेराजुल हक का फर्जी तरीके से पैन कार्ड बनाने वाले चांद अख्तर को गिरफ्तार किया है, जो पेशे से सीएचसी संचालक है जबकि दूसरे मददगार सहज जन सेवा केंद्र संचालक शब्बीर आजम को पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं जिसने फर्जी तरीके से पाकिस्तानी नागरिक सेराजुल हक का आधार कार्ड बनाया था।

यह आयुष्मान योजना और राशन कार्ड का लाभ भी ले रहा था।अब पुलिस पाकिस्तानी नागरिक सेराजुल हक का फर्जी दस्तावेज तरीके से वोटर कार्ड और राशन कार्ड और आयुष्मान कार्ड कैसे बना इसकी जांच कर रही है। पाकिस्तानी नागरिक की गिरफ्तारी के बाद पुलिस हर पहलुओं की जांच कर रही है और इस मामलें में कुशीनगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर अहम सुराग जुटाने में जुट गई है।एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा मामला है।गिरफ्तार पाकिस्तानी नागरिक का मकसद क्या था और क्या वह पाकिस्तान को भारत से जुड़ी जानकारी दे रहा था इसकी भी जांच की जा रही हैं।

# अस्पताल में मिलीं गुणवत्ताहीन दवाएं

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय इटवा के एक अस्पताल छाप मार कर ढेरों अवैध दवाइयां बरामद करने के बाद अस्पताल को सील के दिया गया है। एसडीएम इटवा व सीएचसी अधीक्षक के नेतृत्व में छापेमारी की करवाई गुरुवार को हुई। इस प्रकरण में अस्पताल के जिम्मेदारों से पूछताछ जारी है।

प्राप्त विवरण के अनुसार गुरुवार को दिन में 11 बजे एसडीएम इटवा कुणाल और सीएचसी इटवा के अधीक्षक संदीप द्विवेदी के नेतृत्व में एक टीम के माध्यम से बांसी रोड स्थित 'सईदी दवाखाना' के नाम से चल रहे अस्पताल पर आकस्मिक छापेमारी की गई। इस अचानक कार्रवाई से अस्पताल में हड़कंप मच गया।

छापामार दस्ते ने अस्पताल के कई अभिलेख अपने कब्जे में ले लिया। इसके अलावा कई दवाइयों को भी जब्त किया, जिनके बारे में गुणवत्ता विहीन होने की सूचना मिली थी। इसके बाद छापामार दल ने अपनी पूछताछ शुरू की तो कई चौंकाने वाले तथ्य मिले। फिलहाल अभी पूछताछ जारी है। इस बारे में अधीक्षक संदीप द्विवेदी ने बताया कि अभी कार्रवाई के बारे में कुछ कहना उचित नहीं। पूछताछ पूर्ण होने के बाद ही पूरी कार्रवाई के बारे में बताया जाएगा।


अस्पताल की जांच करती टीम। अमृत विचार

**तकनीकी कार्य** — आमान परिवर्तन कार्य के कारण कई ट्रेनों पर पड़ेगा असर

# 17 से 20 तक गोंडा से चलेगी वाराणसी एक्सप्रेस

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री जनता की सुविधा एवं परिचालनिक सुगमता हेतु लखनऊ मण्डल के बहराइच-नानपारा आमान परिवर्तन के सम्बन्ध में प्री कमीशनिंग कार्य हेतु बहराइच यार्ड का 16 से 21 जून तक ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन निम्नवत किया जायेगा।

**शार्ट टर्मिनेशन/, शार्ट ओरिजिनेशन :** वाराणसी से 16 से 19 जून तक चलने वाली 14213 वाराणसी-बहराइच एक्सप्रेस, बहराइच के स्थान पर गोंडा में अपनी यात्रा समाप्त करेगी।

बहराइच से 17 से 20 जून तक चलने वाली 14214 बहराइच-वाराणसी एक्सप्रेस, बहराइच के स्थान पर गोंडा से चलाई जायेगी। गोरखपुर से 16 से 21 जून तक चलने वाली 05131 गोरखपुर-बहराइच विशेष गाड़ी, बहराइच के स्थान पर पयागपुर में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। बहराइच से 16 से 21 जून तक चलने वाली 05132 बहराइच-गोरखपुर विशेष गाड़ी, बहराइच के स्थान पर पयागपुर से चलाई जायेगी। गोंडा से 17 से 19 जून तक चलने वाली 75109 गोंडा-बहराइच डेमू गाड़ी, बहराइच के स्थान पर चिलवरिया में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। बहराइच से 17 से 19 जून तक चलने वाली 75110 बहराइच-गोंडा डेमू गाड़ी, बहराइच के स्थान पर चिलवरिया से चलाई जायेगी। यह गाड़ी बहराइच-चिलवरिया के मध्य निरस्त रहेगी।

गोंडा से 16 से 19 जून तक चलने वाली 75111 गोंडा-बहराइच डेमू गाड़ी, बहराइच के स्थान पर चिलवरिया में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी चिलवरिया-बहराइच के मध्य निरस्त रहेगी।

बहराइच से 16 से 19 जून तक चलने वाली 75112 बहराइच-गोंडा डेमू गाड़ी, बहराइच के स्थान पर चिलवरिया से चलाई जायेगी। यह गाड़ी बहराइच-चिलवरिया के मध्य निरस्त रहेगी।

गोंडा से 16 से 19 जून तक चलने वाली 75113 गोंडा-बहराइच डेमू गाड़ी, बहराइच के स्थान पर चिलवरिया में अपनी यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी चिलवरिया-बहराइच के मध्य निरस्त रहेगी। बहराइच से 16 से 19 जून तक चलने वाली 75114 बहराइच-गोंडा डेमू गाड़ी, बहराइच के स्थान पर चिलवरिया से चलाई जायेगी। यह गाड़ी बहराइच-चिलवरिया के मध्य निरस्त रहेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# बेल्लमपल्ली स्टेशन पर इन ट्रेनों का ठहराव स्थगित

गोरखपुर, अमृत विचार रेलवे प्रशासन द्वारा परिचालनिक सुगमता हेतु दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के बल्हारशाह-काजीपेट खण्ड पर स्थित रेचनी रोड-बेल्लमपल्ली स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित गाड़ियों का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर स्थगित कर निम्न स्टेशनों पर प्रदान किया जायेगा। ठहराव का स्थगन हुब्बल्लि से 14 जूनको चलने वाली 07323 हुब्बल्लि-बनारस विशेष गाड़ी का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर स्थगित कर सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। यह गाड़ी सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर 10.54 बजे पहुंचकर 10.55 बजे छूटेगी। गोरखपुर से 21 जून, 2025 गोरखपुर-यशवंतपुर एक्सप्रेस का ठहराव सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। यह गाड़ी सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर 08.29 बजे पहुंचकर 08.30 बजे छूटेगी।बनारस से 17 एवं 24 जून, को चलने वाली 07324 बनारस-हुब्बल्लि विशेष गाड़ी का ठहराव सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। यह गाड़ी सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर 08.14 बजे पहुंचकर 08.15 बजे छूटेगी।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81691.98 | 24888,20 |
| गिरावट | 823.16 | 253.20 |
| प्रतिशत में | 1.00 | 1.01 |



## एक नजर

### ओला के कृत्रिम ने अपना एआई असिस्टेंट कृति पेश किया

**नई दिल्ली।** ओला समूह की एआई इकाई कृत्रिम ने गुरुवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट कृति पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.5 % की कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रेपो आधारित कर्ज पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती से रेपो दर से जुड़े घर, कार, शिक्षा और अन्य खुदरा कर्ज सस्ते होंगे।

# प. एशिया में तनाव, सेंसेक्स 823 अंक टूटा

## निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है।

### निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,282 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# भारत, यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा, महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। विषय-वस्तु के संदर्भ में, मैं कहूंगा कि हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत और



• उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब

यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, देश जब तक यह नहीं समझते कि व्यापार में अत्यधिक विनियमन एवं बाधाओं का जवाब, जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा तब तक सभी को नुकसान होगा। हम विनियमन को समाप्त करने, विनियमन की उच्च लागत, इन विनियमों के कारण उत्पन्न होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं और मुक्त व्यापार में आने वाली बाधाओं का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विश्वसनीय साझेदारों के साथ लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ गुणवत्ता मानकों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश) को क्रियान्वित कर रहा है। गोयल ने कहा कि घरेलू व आयातित वस्तुओं के लिए नियम, मानक तथा प्रक्रिया समान हैं और भारत घरेलू विनिर्माताओं एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करता है।

# भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में ला सकता है बड़ा बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), एजेंसी**

डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिसने देश को अधिकतर अन्य देशों से आगे रखा है।

डेटाब्रिक्स डेटा + एआई समिट 2025' पर बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने घोडसी ने कहा कि भारत ऐसे समय में उन्नति कर रहा है जब कई अन्य क्षेत्रों एवं देशों में मंदी एक चिंता का विषय है। घोडसी ने भारत के बारे में द्वारा



• डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने दी जानकारी

पूछे गए एक सवाल पर कहा, पिछले दशक में भारत ने व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचा खड़ा किया है जो एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे यहां या दूसरे देशों में भी ऐसा नहीं है। भारत अब दुनिया के अधिकतर दूसरे देशों की तुलना में डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आगे है।

# छह साल के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी आने से मई महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के समान महीने के 8.69 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने



• खाद्य कीमतों में नरमी से मई में 2.82 प्रतिशत पर आई

कहा, मई, 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं इसके उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं इसके उत्पादों, घरेलू सामान और सेवाओं, चीनी एवं कन्फेक्शनरी और अंडे की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।

### भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय ईवी विनिर्माताओं के आने का अनुमान है। जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

# कोल इंडिया के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड जुलाई से होगा लागू

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया है जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा। निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में अपने कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया।

जुलाई से पुरुष कर्मचारी गहरे नीले रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनेंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को हल्के आसमानी रंग का कुर्ता तथा गहरे नीले रंग की सलवार व दुपट्टा या गहरे नीले रंग के बॉर्डर वाली हल्के आसमानी रंग की साड़ी व गहरे नीले रंग का ब्लाउज पहनना होगा।

# ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूईएफ की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7%हो गया है। जबकि अधिकांश संकेतक मूल्य समान रहे हैं, अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई।

## राष्ट्रीय

# महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया

**नागपुर, एजेंसी**

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है।



नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम - को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के जीडीपी की वृद्धि में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन की आठ प्रतिशत और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की 12 प्रतिशत थी।

### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दो लाख साइबर हमलों को विफल किया: मनोहर लाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां- साइबर हमले या साइबर अपराध- जैसे नए खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है। वह भाजपा-नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।


# सोनम के मायके के बाहर सन्नाटा, पड़ोसी भी चाहते हैं दोषियों को मिले सजा-ए- मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके की एक संकरी गली में सोनम रघुवंशी के मायके के उस घर के बाहर इन दिनों सन्नाटा पसरा है जो महीना भर पहले रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच शादी की रौनक से गुलजार था। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की

**राजा रघुवंशी हत्याकांड**



हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। चश्मदीदों ने बताया कि देश भर में चर्चा का केंद्र बने इस मामले में सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके मायके के घर का दरवाजा अधिकांश समय बंद रहता है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद सोनम के मायके के आस-पास रहने वाले लोगों को शुरुआत में हैरानी हुई। हालांकि, जैसे-जैसे इस मामले की परतें खुलती जा रही हैं, इस वारदात को लेकर उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोनम के परिवार को पिछले कई बरस से जानने वाले विनोद श्रीवास्तव ने कहा,राजा रघुवंशी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। रघुवंशी हत्याकांड की जो कहानी सामने आई है, उससे हमारे इलाके का नाम खराब हुआ है।

मैं चाहता हूं कि इस मामले के सभी दोषियों को सजा-ए-मौत दी जाए ताकि आइंदा कोई ऐसे जुर्म को अंजाम देने की जुर्रत न कर सके। श्रीवास्तव ने बताया, मैं सोनम को बचपन से देखता आ रहा हूं। मुझे वह एक आम व्यक्ति की तरह ही लगी, पर यह कोई कैसे जान सकता है कि किसी महिला के मन में क्या चल रहा है?

**अभिनेता ने ली सेल्फी**



बेंगलुरु में बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जागरूक करने और संयुक्त राष्ट्र नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सेल्फी ली। एजेंसी

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पिछले तीन दिन में दो महिला नक्सली समेत तीन इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है।

# पुलिस पर टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को किया बरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया । पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था ।

सांसद -विधायक अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया। फैसले में कहा गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे।

# आरएसएस नेता की हत्या मामला : एनआईए ने एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों द्वारा केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित मामले में एक और आरोपी के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के एर्णाकुलम स्थित विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में रफीक एम एस पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में 64वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए ने कहा गया है कि हत्या की साजिश 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के एजेंडे का हिस्सा थी। अब तक इस मामले में 71 आरोपियों की पहचान कर ली है।

# बेंगलुरु भगदड़: हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख और तीन अन्य को रिहा करने के दिए निर्देश

**बेंगलुरु, एजेंसी**

कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी 'डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' के शमंत एनपी



माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने गिरफ्तार किये गये लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने 11 जून को दलीलें सुनने के बाद सोसले की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोसले और अन्य याचिकाकर्ता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने नौ जून को सोसले और गिरफ्तार अन्य तीन लोगों को स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया और नौ दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करते हुए मामले की सुनवाई को टाल दिया था।

# एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले एनसीसी सदस्यों को राजनाथ ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एवरेस्ट पर्वत शिखर पर चढ़ाई करने और वहां सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाले एनसीसी के अभियान दल के सदस्यों को गुरुवार को सम्मानित किया। दस एनसीसी कैडेट (पांच पुरुष और पांच महिला), चार अधिकारी, जूनियर कमीशन प्राप्त दो अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारियों ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। रक्षामंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मानित किया।

# मीठी नदी सफाई घोटाला: डिनो मोरिया ईडी के समक्ष हुए पेश

**मुंबई, एजेंसी**

बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी की सफाई से जुड़े 65 करोड़ रुपये के घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुए।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए मोरिया को तलब किया था और वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने पूर्व में बताया था कि ईडी ने छह जून को मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से

• 65 करोड़ के घोटाले के मामले में की गई पूछताछ

अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इन परिसरों में बांद्रा (पश्चिम) इलाके में डिनो मोरिया का घर, उनके भाई सैंटिनो से जुड़े परिसर, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के परिसर शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी को गाद निकालने के उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल 'मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' कोच्चि में स्थित है इसलिए वहां छापेमारी की गई।

# बिहार में ग्राम प्रधान मनरेगा के तहत 10 लाख तक योजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को घोषणा की है कि मुखिया (ग्राम प्रधान) अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक मुखिया मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकते थे। मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों के भत्ते और अन्य लाभों में भी पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की।

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर


रविंद्र जडेजा

बेकेनहैम (केंट), एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।


कुलदीप यादव

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।


● भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में


**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।


लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुईं। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 138 रन पर ढेर

आईएसएसएफ विश्व कप

लंदन, एजेंसी

कप्तान पैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में चाय तक दो विकेट 32 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 106 रन तक पहुंचाई।

कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज



ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा को आउट करने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

उस्मान ख्वाजा (06) और कैमरन ग्रीन (00) के विकेट गंवा दिए हैं। चाय के विश्राम के समय सलामी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन 16 जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर खेल रहे थे। ख्वाजा को कागिसो रबाडा (15 रन पर दो विकेट) ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया जबकि ग्रीन ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आसमान के छाए बादलों के बीच सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े और बावुमा (36) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाकर वापसी की कोशिश की। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 43 रन से की। बावुमा ने स्टार्क पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि बेडिंघम ने भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। बावुमा ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौका मारने के बाद कमिंस की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन फिर कवर्स में लाबुशेन को कैच दे बैठे।

● ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए, कुल बढ़त 106 रन की हुई

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी**

**138/10** (57.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| तेम्बा बावुमा का लाबुशेन बो कमिंस | 36 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| डेविड बेडिंघम का कैरी बो कमिंस | 45 |
| काइल वेरेने पगबधा बो कमिंस | 13 |
| मार्को यानसेन का एवं बो कमिंस | 00 |
| केशव महाराज रन आउट | 07 |
| कागिसो रबाडा का वेबस्टर बो कमिंस | 01 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 13-3-41-2, हेजलवुड 15-5-27-1, कमिंस 18.1-6-28-6, लियोन 8-3-12-0, वेबस्टर 3-0-20-0

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन

**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं।



मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।

# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा


जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर हैं ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

**एफआईएच प्रो लीग हॉकी**

● अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले

● भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है

# विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है। बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

म्यूनिख, एजेंसी

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग डुयस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

आईएसएसएफ विश्व कप


सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।


राहुल बोस। ● एजेंसी

● राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। बोस ने कहा हमारा खेल सबसे गरीब लोगों द्वारा खेला जाता है। हमारे राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने वाले खिलाड़ी 60,000 से एक लाख रुपये तक कमाते हैं। ऐसे में अगर तीन लाख रुपये तक की सालाना कमाई कर पा रहे हैं तो छोटे शहरों या गांव में इससे आजीविका चल सकती है। बोस ने बताया, ''मैं यह बिल्कुल नहीं कह रहा हूं कि यह रकम पर्याप्त है। हमें उनके हाथों में जितना संभव हो उतना पैसा देने की जरूरत है।

रग्बी इंडिया के प्रमुख इस बात से खुश हैं कि देश में 1600 से अधिक पंजीकृत खिलाड़ियों में से उनका महासंघ बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को वित्तीय रूप से मदद करने की स्थिति में है।

# जोरदार धमाका... विमान के उड़े परखचे, सड़क पर बिखर गईं लाशें

## विमान गिरने से तहस-नहस हुआ मेडिकल कॉलेज का आवासीय परिसर, कई हिस्सों में लगी आग

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए टेकऑफ करते ही चालक दल को एहसास हो गया कि विमान और उसमें सवार यात्री गंभीर खतरे से घिर गए हैं। फौरन एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रक) को आपात संदेश भेजा गया, लेकिन कुछ करने लायक समय नहीं बचा था। कुछ ही पलों के अंदर विमान नीचे आते-आते बीजे मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराया। जोरदार धमाके के साथ विमान के परखचे उड़ गए। इसी के साथ विमान में बैठे यात्रियों की लाशें सड़क पर इधर-उधर बिखर गईं।

विमान के गिरने के बाद मेडिकल कॉलेज की इमारत से आग की लपटों के बीच काले धुएं के गुबार उठने लगे। मौके पर मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। कहीं कोई जला शव पड़ा था तो कहीं किसी यात्री के शरीर के टुकड़े हो गए थे। विमान दुर्घटना के बाद बचाव के लिए प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय होने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की गई लेकिन काफी देर तक एक भी जीवित यात्री की तलाश कामयाब नहीं हो सकी।



घटनास्थल पर पीड़ित परिवार की सदस्य।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सकों के आवासीय परिसर पर गिरा। उन्होंने कहा, वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल चिकित्सकों के आवास के तौर पर होता है। वहां रहने वाले कई लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद इमारतों में भी आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि परिसर में खड़ी कई कार और वाहन भी आग की चपेट में आ गए। अग्निशमन दल के पहुंचने तक इमारतों और वाहनों से लपटें उठती रहीं।



घटनास्थल पर टूटा पड़ा बोइंग विमान का एक पहिया।

### टेक ऑफ करते ही पायलट ने की मेडे कॉल बैक किया तो नहीं दिया जवाब

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान के पायलट ने हादसे से ठीक पहले अति आपात संदेश (मेडे कॉल) अहमदाबाद एटीसी को भेजा था। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए के बयान के मुताबिक इसके बाद एटीसी की ओर से की गई कॉल पर विमान के पायलट की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी की कॉल का पायलट ने कोई जवाब नहीं दिया।

**मुख्य पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल को था 82,00 घंटों का अनुभव**

**को पायलट क्लाइव कुंदर भी 11,00 घंटे की भर चुके थे उड़ान**

### क्या है मेडे कॉल...

मेडे का मतलब होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है और उसे आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को आपात स्थिति में तीन बार मेडे बोलने को कहा जाता है। मेडे का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि अगर पायलट सीधे बता दे कि विमान में कोई गंभीर दिक्कत है तो यात्रियों में डर फैल सकता है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर युद्धस्तर पर बचाव कार्यों में जुटे राहत कर्मी।



विमान के टकराकर गिरने के बाद कई इमारतों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

### घटनास्थल का खौफनाक मंजर...



विमान हादसे में मारे गए एक यात्रा का शव ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।



हादसे के बाद घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

### पहले भी हो चुके कई विमान हादसे

- 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। एक विमान सऊदी एयरलाइंस और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस का था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

## बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह और बीएसएफ की दो टीम पहुंची

**अहमदाबाद, एजेंसी**

- **सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान भी बचाव के लिए मौके पर पहुंचे**

अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने बाद मौके पर बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह टीम और बीएसएफ की दो टीम मौके पर भेजी गई हैं।

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल की दो टीम अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जबकि चार अन्य टीम भी वहां पहुंच रही हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के फ्रंटियर मुख्यालय से दो टीम भी दुर्घटना स्थल पर भेजी गई हैं। हवाई अड्डे को सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ के जवान,स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने वाले शुरुआती बचावकर्मियों में शामिल हैं।

### अहमदाबाद और दिल्ली में बनाए गए नियंत्रण कक्ष

**नई दिल्ली।** सहायता कार्यों की निगरानी और समन्वय के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। दुर्घटना संबंधी विवरण के लिए 011-24610843, 9650391859 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अहमदाबाद में नियंत्रण कक्ष का नंबर 9978405304 / 079-23251900 है। हवाई अड्डे पर हेल्पलाइन 9974111327 स्थापित किया गया है। एअर इंडिया का यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 है। 011-24610843/9650391859 पर दिल्ली नियंत्रण कक्ष तथा परिचालन नियंत्रण कक्ष अहमदाबाद से 9978405304/079-23251900 पर संपर्क किया जा सकता है।

### हादसे के बाद ब्रिटिश उच्चायोग सक्रिय

**नई दिल्ली।** विमान हादसे के बाद भारत स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि वह तथ्यों का तत्काल पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। विमान के 242 यात्रियों में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। ब्रिटिश उच्चायोग ने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कहा, हमारी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो प्रभावित हुए हैं।

### बोइंग कंपनी के शेयर हुए धड़ाम

**वाशिंगटन।** विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के विमान के हादसे का शिकार होने की खबर आने के बाद कंपनी के शेयर बाजार खुलने से पहले के कारोबार में करीब नौ प्रतिशत लुढ़क गया। बोइंग ने कहा कि वह एयर इंडिया के बेड़े में शामिल अपने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

### देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए गुरुवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### विमान हादसे का दृश्य भयावह : स्टॉर्मर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया है। इस विमान में 53 ब्रिटिश नागरिक भी सवार थे। स्टॉर्मर ने कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

## इरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल

### अमेरिका खुफिया एजेंसी का अलर्ट, इजरायल कर चुका है सैन्य अभियान की पूरी तैयारी

**वाशिंगटन,एजेंसी**

- **अमेरिका ने अपने कर्मचारियों को दूतावास छोड़ने का आदेश दिया**

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी। गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगे और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट के सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल ई. कुरिल्ला की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरानः आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है। इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुन: लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक सुरक्षित स्थान पर एक नयी संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## ईरान और अमेरिका वार्ता का छठा दौर रविवार को

**मस्कट।** ओमान ने गुरुवार को घोषणा की कि वह रविवार को यहां अमेरिका और ईरान के बीच छठे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की मेजबानी करेगा। ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ओमान की मदद से ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के संदर्भ में गत अप्रैल से अब तक मस्कट में तीन और रोम में दो अप्रत्यक्ष वार्ता आयोजित की गयी है। हाल के दिनों में अमेरिकी प्रशासन ने ईरान यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से बंद कर देने की बार-बार मांग की है जिसे ईरान ने दृढ़ता से खारिज कर दिया है।

## लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें जारी, कई गिरफ्तार

**लॉस एंजिलेस, एजेंसी**

अमेरिका के लॉस एंजिलेस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे तक एक हेलिकॉप्टर निषिद्ध क्षेत्र के ऊपर मंडराता रहा, जहां प्रदर्शनकारी कर्फ्यू के बावजूद रैली कर रहे थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।



एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

गौरतलब है कि सात जून को दंगे उस समय भड़के, जब अमेरिकी आव्रजन और आईसीई ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए बड़े अभियान के तहत छापेमारी शुरू की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पें राज्य के लिए संभावित संघीय निधि कटौती की रिपोर्ट के बीच भड़की। बाद में व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि दो हज़ार नेशनल गार्ड सैनिक शहर में प्रवेश करेंगे।

## मुंबई में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के परेल इलाके की एक सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्ड को तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा गार्ड ने सोसायटी में रहने वाली तीन लाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। दो लड़कियों की उम्र 11 वर्ष और एक की 10 वर्ष है। बाद में पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसने पहले भी नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की थी। इस संबंध में भोईवाड़ा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गयी जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सुरक्षागार्ड के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 और कई संबंधित धाराओं सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत

**कीव, एजेंसी**

रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

खारकीव शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि रूसी ड्रोन ने आवासीय जिलों, शैक्षिक सुविधाओं और अन्य नागरिक बुनियादी अवसंरचना को निशाना बनाया। रूसी सेना ने हाल के दिनों में ड्रोन और मिसाइल से कई बार हमले किए हैं।

## अफगानों को सामान पैक करने के लिए 45 मिनट

**तोरखम (अफगानिस्तान), एजेंसी**

- **पाकिस्तान ने बिना मोहलत दिए भारी संख्या में विदेशियों को किया निर्वासित**

आदेश स्पष्ट और निर्विवाद था, लेकिन समयसीमा चौंकाने वाली थी। 'आपको केवल 45 मिनट में अपना सामान पैक करना है और हमेशा के लिए पाकिस्तान को छोड़ देना है।'

ईंट की फैक्ट्री में नौकरी करने वाला 42-वर्षीय अफगान शेर खान अपनी नौकरी के बाद घर आया। उसने दरवाजे पर सादे कपड़ों में खड़े पुलिसकर्मी को देखा। वह सोच रहा था कि एक घंटे से भी कम समय में वह कैसे सबकुछ समेट सकता था और अपने जन्म के देश को छोड़ सकता था। उसने अपने सुखद जीवन के लिए जो कुछ भी बनाया था, पलक झपकते ही वह सब उससे छीन लिया गया। उसने एवं उसकी पत्नी ने अपने और अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान तथा कुछ कपड़े लिए और बाकी सब कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने घर पर छोड़ कर चले गए।

पाकिस्तान में जन्मे शेर खान उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर अक्टूबर 2023 में शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के कारण अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि लाखों लोग अब भी वहां रह रहे हैं और वह चाहता है कि वे लोग चले जाएं।

अफगान सीमा के पार तोरखम में धूल भरे शरणार्थी शिविर में खड़े शेर खान ने कहा, हमारा सब कुछ तो पीछे छूट गया। हमने (वर्षों से) उन चीज़ों को इकट्ठा करने की बहुत कोशिश की, जो हमारे पास सम्मान के साथ थीं। यह शिविर निष्कासित शरणार्थियों के लिए पहला पड़ाव था। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में अफगानों के यह देश छोड़ने या निर्वासन के लिए कई समय सीमाएं तय की थीं। अफगान नागरिक कार्डधारकों को 31 मार्च तक राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर छोड़ना था, जबकि पंजीकरण प्रमाण वाले लोग 30 जून तक रह सकते थे।